दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
/// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 18 जयपुर | बुधवार, 20 नवम्बर, 2024 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष पंचमी संवत्-2081 भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## 5 राज्यों की 15 विधानसभा, 1 लोकसभा सीट पर उपचुनाव आज



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा की सभी 288 और झारखंड में दूसरे फेज की 38 सीटों के साथ ही 4 राज्यों की 15 विधानसभा और महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट पर बुधवार को उपचुनाव होंगे। इन 15 में से 13 सीटों पर विधायकों के सांसद बनने, 1 के निधन और 1 के जेल जाने से ये सीटें खाली हुई हैं। इनमें 2 सीटें एससी के लिए आरक्षित हैं। उत्तर प्रदेश की सबसे ज्यादा 9 सीटों पर वोटिंग होनी है।

15 सीटों में से भाजपा, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) के पास 4-4 और आम आदमी पार्टी, राष्ट्रीय लोकदल और निषाद पार्टी के पास 1-1 सीट थी। महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट कांग्रेस सांसद वसंतराव चव्हाण के निधन से खाली है। लोकसभा चुनाव के सिर्फ दो महीने बाद ही अगस्त, 2024 में उनका देहांत हो गया था। पार्टी ने उनके बेटे रवींद्र चव्हाण को उम्मीदवार बनाया है।

वहीं, भाजपा ने डॉ. संतुक हंबार्डे को उतारा है। पहले 3 राज्यों की 14 सीटों पर 13 नवंबर को ही वोटिंग होनी थी, लेकिन गुरुनानकदेव जी के प्रकाश पर्व और कलपाथि रास्थोलसेवम त्योहारों की वजह से चुनाव आयोग ने तारीख में बदलाव किया था। उपचुनाव की 9 विधानसभा सीटें प्रदेश के कई राजनीतिक और सांस्कृतिक इलाकों का हिस्सा हैं। यही कारण है कि इसे 2027 के विधानसभा चुनाव के लिटमस टेस्ट के तौर पर देखा जा रहा है। सपा, लोकसभा चुनाव में भाजपा को झटका देते हुए 80 में से 37 सीटों पर कब्जा जमा चुकी है। वहीं, भाजपा आधी होकर 62 से 33 सीटों पर सिमट गई है। इस लिहाज से यह उपचुनाव दोनों पार्टियों के लिए अहम है।

दोनों पार्टियों ने इस उपचुनाव में 2027 के जातिगत समीकरणों को भी ध्यान में रखते हुए टिकट बांटे हैं। भाजपा ने 8 सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। मीरापुर सीट सहयोगी पार्टी राष्ट्रीय लोकदल के लिए छोड़ी है। एनडीए ने 5 ओबीसी, 2 ब्राह्मण, 1 दलित और 1 क्षत्रिय को टिकट दिया है। गठबंधन ने पिछड़ा वर्ग में भी सभी जातियों को साधने की कोशिश की है। इसके लिए मौर्य, कुर्मी, पाल, निषाद और यादव समाज के नेताओं को मौका दिया है। वहीं, सपा ने पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक फॉर्मूले को दोहराते हुए 3 ओबीसी, 2 दलित और 4 मुस्लिम उम्मीदवार उतारे हैं। हालांकि, सपा के 9 में से 6 उम्मीदवार राजनीतिक घरानों से हैं, जबकि भाजपा ने नए चेहरों को भी मौका दिया है। इन 9 सीटों में सपा 4, भाजपा 3, निषाद पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल 1-1 सीट पर काबिज थी। उपचुनाव में भाजपा, सपा की कब्जे वाली चारों सीटों पर जीतने के लिए रामपुर मॉडल लागू करने पर फोकस कर रही है। इनमें से करहल और कुंदरकी सीटों पर दोनों पार्टियों ने पूरी ताकत झोंक दी है। मैनपुरी जिले की करहल सीट मुलायम सिंह परिवार का गढ़ मानी जाती है। यहां से अखिलेश यादव ने अपने भतीजे तेज प्रताप यादव को उतारा है। वे मैनपुरी के सांसद रह चुके हैं। यह सीट अखिलेश के कन्नौज लोकसभा सीट से सांसद चुने जाने के बाद खाली हुई है। यहां भाजपा ने सपा के परिवारवाद से मुकाबला करने के लिए रिश्ते में अखिलेश के बहनोई अनुजेश यादव को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, मुरादाबाद की मुस्लिम बहुल कुंदरकी सीट से भाजपा ने रामवीर सिंह ठाकुर को टिकट दिया है। वे 2012 और 2017 में इस सीट से चुनाव लड़कर हार चुके हैं। भाजपा यहां सिर्फ एक बार 1993 में जीती है। यही कारण है कि भाजपा ने यह सीट जीतने के लिए अपने 4 मंत्रियों को मैदान में उतारा है।

### मुख्यमंत्री ने ली चिकित्सा विभाग की समीक्षा बैठक

## आपणो स्वस्थ राजस्थान राज्य सरकार की प्राथमिकता : सीएम

### कहा : अन्तिम व्यक्ति तक सुनिश्चित किया जाए सुलभ एवं सस्ता इलाज

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश की जनता को सस्ती, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। हम अन्तिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग आमजन से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ विभाग है, इसलिए स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी राज्य सरकार की सभी बजटीय घोषणाओं को प्रभावी कार्ययोजना के साथ त्वरित गति से पूरा किया जाए, जिससे 'आपणो स्वस्थ राजस्थान' की संकल्पना साकार हो।

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर भी मौजूद रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में लगभग 48 हजार पदों पर भर्ती की प्रक्रिया मिशन मोड़ पर चल रही है तथा अब तक लगभग 8 हजार पदों पर नियुक्तियां दी जा चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग में खाली पड़े पदों पर आवश्यकतानुसार चरणबद्ध रूप से भर्ती की जाए तथा न्यायालय में लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करवाकर नियुक्तियां दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटे शहरों और कस्बों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार ने प्रदेशभर में आयुष्मान मॉडल सीएचसी बनाने का निर्णय लिया है। इससे न केवल निचले स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी बल्कि बड़े अस्पतालों पर भार भी कम होगा। उन्होंने अधिकारियों को इन मॉडल सीएचसी का काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

#### मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का करें व्यापक प्रचार-प्रसार

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत आमजन को नि:शुल्क इलाज उपलब्ध करवाया जा रहा है। हमने इस योजना के तहत पीडियाट्रिक पैकिज शामिल करने, कुछ पैकेज की दरों को तर्कसंगत बनाने तथा पोर्टिबिलिटी सुविधाओं को शामिल करने का निर्णय लिया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना में जो नए प्रावधान जोड़े गए हैं, उनका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत चिकित्सा के आधारभूत ढ़ांचे को मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संचालित सभी आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों में प्रमुख 12 सेवाएं मिलना सुनिश्चित किया जाए। शर्मा ने कहा कि राजस्थान डिजीटल हैल्थ मिशन के तहत प्रदेशवासियों का स्वास्थ्य रेकार्ड डिजिटल रूप से संधारित करने के लिए अभियान चलाकर प्रदेश के हर व्यक्ति की आभा आई डी बनाई जाए।

## भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव पर पैसे बांटने का आरोप, एफआईआर

### दावा-5 करोड़ लाए थे, मुंबई में होटल से 9 लाख मिले; विनोद तावड़े बोले- ये साजिश

बढ़ता राजस्थान




मुंबई। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की वोटिंग से पहले भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े पर वोटर्स को पैसे बांटने का आरोप लगा है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि चुनाव आयोग ने तावड़े के कमरे से 9 लाख रुपए और कागजात बरामद किए हैं। इसका वीडियो सामने आया है, हालांकि अभी चुनाव आयोग ने सिर्फ इतना कहा है कि अभी कुछ सीज किया गया है। आयोग के अफसरों ने विनोद तावड़े और भाजपा कैंडिडेट राजन नाइक के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। हितेंद्र ठाकुर की बहुजन विकास अघाड़ी के विधायकों ने आरोप लगाया कि तावड़े मंगलवार को 5 करोड़ रुपए लेकर विरार इलाके की एक होटल पहुंचे। उनके साथ नालासोपारा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजन नाइक और दूसरे कार्यकर्ता भी थे। यहां उनकी मीटिंग चल रही थी।

## साढ़े 75 हजार के पार निकला सोना

### दो दिन में ही 1801 रुपए महंगा हुआ, चांदी 90843 रुपए प्रति किलो पर पहुंची

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में सोमवार को बड़ी बढ़त देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का भाव 732 रुपए बढ़कर 75,540 रुपए पर पहुंच गया। इससे पहले इसके दाम 74,808 रुपए प्रति दस ग्राम थे। वहीं 2 दिनों में ही सोना 1,801 रुपए महंगा हो गया है। वहीं, चांदी की कीमत में भी आज तेजी है। ये 1,554 रुपए बढ़कर 90,843 रुपए प्रति किलो हो गई। इससे पहले चांदी 89,289 रुपए पर थी।

## पंचायतों को फंड की कमी नहीं होगी : सीएम भगवंत

### विकास से जुड़े प्रस्ताव पारित करने की दी सलाह, 422 पंचों को दिलाई शपथ



बढ़ता राजस्थान

**चंडीगढ (एजेंसी)।** पंजाब के सीएम भगवंत मान ने को संगरूर में नव निर्वाचित 422 पंचायतों के पंचों को शपथ दिलाई। इस मौके उन्होंने पंचों से कहा कि आप गांव के डेवलपमेंट से जुड़े प्रस्ताव पास करें, उन्हें फंड की कमी नहीं आने दी जाएगी। कोई पंच या सरपंच कांग्रेस या किसी अन्य दल का भी हो, वह भी सीधे मेरे पास आए। मैं मुख्यमंत्री सारे पंजाब का हूं। हमारे लिए हमारे सबसे महत्वपूर्ण है। वहीं, उन्होंने कहा कि जो पंचायतें सर्वसम्मति से चुनी गई है, उन्हें पांच लाख रुपए की राशि सरकार देगी। इस पैसे को पंचायतें अपनी मर्जी से गांवों के विकास में कहीं भी खर्च कर सकती है। आज 18 अन्य जिलों में भी पंचों को शपथ दिलाई गई। जबकि जिन चार जिलों में विधानसभा उपचुनाव हो रहे हैं। वहां पर शपथ समारोह बाद में होगा।

#### लोग तो श्मशान घाट का प्रधान बनने को तैयार हो जाते हैं

सीएम ने विरोधियों का नाम ने लेकर तंज कसते हुए कहा कि यह बहुत बड़ी बात है कि आपको वोट डालकर लोगों ने चुना है। बड़े-बड़े लोग वोट डालकर चुने जाने को तरसते हैं। लोगों द्वारा चुने जाने की लोगों की इच्छा रह जाती है। लोग ऊंचे पदों पर राज्यसभा के जरिए पहुंच रहे है। कई लोग तो श्मशान घाट कमेटी का प्रधान बनने को तैयार हो जाते हैं। लोग तो चाहते है चलोग गाड़ी के पीछे प्रधान साहब लिखवाएंगे। उन्होंने कहा कि पंचायतों को चलाने में माताओं व बहनों को पता है।

**संगरूर तो प्रयोगशाला है, हमारी शुरूआत भी यहां से हुई :** सीएम ने पंचों को कहा कि जो काम गांवों में करवाए जाने है उनकी सूची बनाओ। फिर पहले कौन सा काम करवाना है प्रस्ताव बनाकर भेजो। पैसे की चिंता मत करवाना। स्कूलों की लाइब्रेरी, सोलर लाइटें संबंधी कोई भी प्रस्ताव भेजो, पैसे हम देंगे। उन्होंने कहा कि संगरूर तो प्रयोगशाला है।

## जी20 समिट में पीएम मोदी से मिले ब्राजीली राष्ट्रपति

### कहा- हमने भारत से काफी सीखा, उसी तरह आयोजन चाहते थे जैसा पिछले साल हुआ था

बढ़ता राजस्थान




**रियो डि जेनेरियो (एजेंसी)।** ब्राजील की राजधानी रियो डि जेनेरियो में मंगलवार को जी20 समिट के तीसरे सेशन का समापन हो गया है। इसमें सस्टेनेबल डेवलपमेंट और ऊर्जा के बेहतर विकल्प विषय पर दुनियाभर के नेताओं ने चर्चा की।

इससे पहले सोमवार को जी20 समिट में भुखमरी और गरीबी के खिलाफ एकजुटता और सरकारों के कामकाज में सुधार पर वैश्विक नेताओं ने चर्चा की थी। तीसरे सेशन के समापन के बाद मोदी ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा, चिली के राष्ट्रपति गैब्रियल बोरिक और अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई के साथ द्विपक्षीय बैठक की। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने मोदी से बैठक के दौरान पिछले साल नई दिल्ली में जी20 के सफल आयोजन को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। उन्होंने कहा-

हम ठीक उसी तरह जी20 समिट की मेजबानी करना चाहते थे, जैसा पिछले साल भारत ने किया था। वहां से काफी कुछ सीखकर आए थे। काश कुछ उस तरह हम कर पाते।

लूला डी सिल्वा ने कहा कि जी20 समिट में ब्राजील ने जो कदम उठाए हैं, वे भारत के पिछले साल जी20 में लिए गए फैसलों से प्रेरित हैं।

#### चिली में आयुर्वेद की बढ़ती लोकप्रियता पर मोदी ने जताई खुशी

जी20 से इतर पीएम मोदी ने चिली राष्ट्रपति ग्रेबियल से भी द्विपक्षीय वार्ता की। फार्मास्यूटिकल्स, स्पेस में दोनों देशों के संबंधों को कैसे बढ़ाया जाए, इस पर चर्चा हुई। इस दौरान मोदी ने चिली में आयुर्वेद की लोकप्रियता को लेकर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में भी दोनों देशों के संबंधों को तेजी मिल सकती है।

#### जी20 में मोदी बोले-जंग से दुनिया में खाने का संकट

जी20 समिट के पहले दिन पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्ल्ड लीडर्स से द्विपक्षीय मुलाकात की थीं। मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों, ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर, इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी, पुर्तगाल के पीएम लुइस मोंटेनेग्रो, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो और नॉर्वे के पीएम जोनास गेर स्टोर से द्विपक्षीय मुद्दों पर बातचीत की। समिट के दौरान पीएम मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से भी मिले और उनके बीच अनौपचारिक बातचीत भी हुई। पीएम मोदी ने जी20 समिट के पहले दो सेशन- भुखमरी और गरीबी के खिलाफ एकजुटता और सरकारों के कामकाज में सुधार पर सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि जंग की वजह से दुनिया में खाने का संकट पैदा हुआ है। इसका सबसे ज्यादा असर गरीब देशों पर पड़ा है।




सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित



## जयपुर में हुआ जेजेएस एग्जीबिटर्स मीट का आयोजन

# इस वर्ष जेजेएस में होंगे 1200 बूथ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** जयपुर ज्वैलरी शो (जेजेएस) के लिए होटल जयपुर मैरियट में एक्जीबिटर्स मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ज्वैलर्स उपस्थित रहे और शो को लेकर काफी उत्साहित नजर आए। इस वर्ष जेजेएस की थीम 'रूबीज... रेयर, रॉयल और रेवर्ड' है। यह मेगा ज्वेलरी इवेंट 20 से 23 दिसंबर तक जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर, सीतापुरा में आयोजित किया जाएगा और इस वर्ष इसमें 1 हजार 200 से अधिक बूथ्स होंगे। मीट में 300 से अधिक एग्जीबिटर्स ने भाग लिया।

जेजेएस आयोजन समिति के चेयरमैन विमल चंद सुराना ने कहा कि जेजेएस ने अपने 22 वर्षों के सफर में एग्जीबिटर्स, आगंतुकों, विक्रेताओं और आयोजन समिति के सहयोग से उल्लेखनीय ऊंचाइयों को हासिल किया है। उन्होंने बताया कि जेजेएस में हर वर्ष अलग-अलग जेमस्टोन को प्रमुखता से प्रमोट किया जाता है। पिछले दो वर्षों में एमरल्ड पर फोकस करने के बाद, इस वर्ष रूबी पर फोकस रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि 2022 में शुरू किया गया पिंक क्लब जेजेएस की एक अनूठी विशेषता बन चुका है, जो पूरी तरह से बीटूबी इंटरैक्शन के लिए समर्पित है। इस आयोजन के बारे में ज्वैलर्स को जागरूक करने के लिए विभिन्न शहरों में रोड शो आयोजित किए जा रहे हैं। अब तक ये रोड शो लखनऊ, अमृतसर और अहमदाबाद में आयोजित किए जा चुके हैं। जेजेएस के मानद सचिव, श्री राजीव जैन ने एक विस्तृत पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से कार्यक्रम का लेआउट और साथ ही एग्जीबिटर्स को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की रूपरेखा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने ट्रान्सपोर्टेशन, ज्वेलरी ट्रांसिट, सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान जब यह घोषणा की गई कि 20 वर्ष पहले जेजेएस के बूथों की संख्या 67 थी, जो इस वर्ष बढ़कर 1 बीटूब 200 से अधिक हो गई है और जो अब तक की सबसे बड़ी संख्या है, तो वहां उपस्थित लोगों ने इसकी जबरदस्त सराहना की। यह पिछले वर्ष की तुलना में 10त्न की वृद्धि दर्शाता है। इस शो में लगभग 50 हजार अंतरराष्ट्रीय और घरेलू आगंतुकों के शामिल होने की उम्मीद है। श्री जैन ने यह भी बताया कि मिस इंडिया वर्ल्ड 2023, नंदिनी गुप्ता, इस वर्ष के आयोजन की ब्रांड एंबेसडर हैं। उन्होंने आगंतुकों को आकर्षित करने के लिए जेजेएस द्वारा किए गए प्रचार और मीडिया प्रयासों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। इससे पहले, जेजेएस के प्रवक्ता अजय काला ने एग्जीबिटर्स का स्वागत किया और बताया कि जेजेएस ब्रांड की लोकप्रियता के कारण, रिपीट एग्जीबिटर्स बड़ी संख्या में आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि किस प्रकार दिसंबर माह जेजेएस का पर्याय बन गया है, जो अब आभूषण उद्योग के लिए सबसे प्रमुख नेटवर्किंग प्लेटफार्मों में से एक है। देशभर के ज्वैलर्स और ग्राहक दिसंबर शो का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। काला ने वर्ष 2003 से 2023 तक जेजेएस की सफल यात्रा पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रीटेलर्स के साथ-साथ, यह शो विभिन्न ज्वैलरी इंस्टिट्यूट, पब्लिकेशन्स, युवा डिजाइनर्स और ज्ञान साझा करने की गतिविधियों से भरपूर होगा।

## प्रजना फाउंडेशन और ब्रह्मोस एयरोस्पेस की पहल से 15 हजार बेटियां लाभान्वित हुई



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** प्रजना फाउंडेशन और ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा शुरू किया गया प्रोजेक्ट किशोरी अपनी पहली यात्रा के अंतिम चरण में पहुंच चुका है। यह अभियान बेटियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज की मानसिकता में बदलाव लाने के लिए एक प्रभावशाली प्रयास साबित हुआ है।

पिछले ढाई महीनों में इस अभियान ने 100 से अधिक विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और कच्ची बस्तियों तक अपनी पहुंच बनाई। लगभग 15 हजार बेटियों को जागरूकता और स्वास्थ्य से संबंधित लाभ प्रदान किए गए। इस पहल ने न केवल बेटियों के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित किया है, बल्कि उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक नई शुरुआत भी की है। प्रोजेक्ट किशोरी ने यह साबित कर दिया कि जब सामूहिक प्रयास होता है, तो समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। इस पहल से बेटियों के भविष्य को संवारने और उन्हें एक स्वस्थ जीवन प्रदान करने का सपना साकार होता दिख रहा है।

उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने किया शुभारंभ प्रोजेक्ट किशोरी की यात्रा की शुरुआत जयपुर के वैशाली नगर स्थित खण्डेलवाल गर्ल्स कॉलेज सभागार से हुई, जब प्रदेश की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने इस पहल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं के जीवन में आने वाली स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि महिलाओं को अपनी समस्याओं पर खुलकर बात करनी चाहिए।

प्रजना फाउंडेशन ने अभियान के तहत जयपुर जिले के 100 से अधिक विद्यालयों में जागरूकता शिविर आयोजित किए। इन शिविरों में 5 हजार से अधिक बेटियों को किशोरी किट वितरित किए गए। किशोरी किट में किशोरियों की स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए आवश्यक सामग्री थी। इसके साथ ही 15 हजार से अधिक बेटियों को विभिन्न स्वास्थ्य विषयों पर जागरूक किया गया। प्रोजेक्ट किशोरी ने महिलाओं और बेटियों के मुद्दों पर खुली चर्चा को प्रोत्साहित किया, जिससे समाज में एक नए संवाद की शुरुआत हुई। कार्यक्रमों के दौरान, महिलाओं ने मंच का उपयोग करके अपनी बात रखी, जो समाज में महत्वपूर्ण बदलाव की ओर एक कदम था।

इस पहल ने माहवारी जैसे विषयों को लेकर बनी पुरानी टैबू की सोच को चुनौती दी। डॉक्टरों और विशेषज्ञों ने यह संदेश दिया कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर खुलकर बात करनी चाहिए, ताकि वे न केवल अपने जीवन को बेहतर बना सकें, बल्कि समाज के लिए भी एक स्वस्थ वातावरण का निर्माण कर सकें।

### जयपुर मंडल पर डिजिटल लाईफ सर्टिफिकेट 3.0 अभियान जारी

## उत्तर पश्चिम रेलवे सेंट्रल हॉस्पिटल जयपुर व रेवाड़ी रेलवे स्टेशन पर कैंप का आयोजन

### मंडल के अलवर, दौसा, फुलेरा रेलवे स्टेशन पर लगेगा कैंप

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा ( नि.स. )।** उत्तर पश्चिम रेलवे एवं कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के पेंशन एवं पेशनभोगी कल्याण विभाग संयुक्त तत्वाधान में उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल के उत्तर पश्चिम रेलवे सेंट्रल हॉस्पिटल जयपुर व रेवाड़ी रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को नेशन वाईड डिजीटल लाइफ सर्टिफिकेट कैम्पेंन 3.0 के तहत कैंप का आयोजन किया। साथ ही 21 नवम्बर कों अलवर,22 कों दौसा व 27 नवम्बर कों फुलेरा रेलवे स्टेशन पर किया जाएगा कैंप का आयोजन। मंडल रेल प्रबंधक जयपुर विकास पुरवार ने बताया कि इसके लिए एक एप लॉन्च किया गया है,जिसके द्वारा फेस ऑथेन्टिकेशन टेक्नोलोजी द्वारा पेंशनभोगी के चेहरे का स्केन कर जीवन प्रमाण पत्र जारी किया जा सकेंगा। जिसमें सोमवार कों रेवाड़ी रेलवे स्टेशन पर व मंगलवार कों उत्तर पश्चिम रेलवे सेंट्रल हॉस्पिटल जयपुर कैंप का आयोजन कर उपस्थित सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों का इस तकनीक द्वारा जीवन प्रमाण पत्र बनाया गया। इस सुविधा से दूरस्थ रहने वाले पेंशनभोगी भी बैंक जाये बगैर घर बैठे ही जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर बिना कोई परेशान के अपनी पेंशन का नियमित भुगतान प्राप्त कर सकेंगे। डिजिटल लाईफ सर्टिफिकेट बनाने हेतु कुछ स्टेप इस प्रकार है-सबसे पहले अपने मोबाईल पर प्ले स्टोर से जीवन प्रमाण ऐप डाउनलोड करना है इसके प्ले स्टोर से आधार फेस आईडी ऐप इन्सटाल करना है। इसके बाद जीवन प्रमाण ऐप को खोलें। पेन्शनर का आधार नम्बर डाले,मोबाईल नम्बर डालें जिसमें एक ओटीपी आएगा अपना ई-मेल आई. डी भरे इन सब डिटेल भरने के बाद जो मोबाईल नम्बर सबमिट किए है उस पर एक ओटीपी आएगा जिसको भरने के बाद स्टेप बाई स्टेप आगे की प्रोसेस करना है। जिसमें (पीपीओ, अकाउन्ट नम्बर, बैंक का नाम आदि की डिटेल भरनी होती है। उसके बाद आपके मोबाईल पर फेस डिटेक्ट होने का एक गोला आएगा जिसमें आपको अपने मोबाईल के सामने अपनी आँखों की पलको एक या दो बार झपकाना है। आपके मोबाईल पर फेस डिटेक्ट होने पर आपके मोबाईल पर एक प्रमाण आई. डी की सफलता पूर्ण होने का मैसेज बतलाएगा। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी हेतु उत्तर पश्चिम रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर देखें। इस अवसर पर निखिल कुमार गर्ग सीनियर डीएफएम जयपुर,डॉ.वासुदेवन चिकित्सा निदेशक एनडब्ल्यूआर केंद्रीय अस्पताल जयपुर, मुकेश सरन सहाय एडीएफएम जयपुर, सुलोचना सोइंक्रिया-सहा.नर्सिंग अधिकारी व रेवाड़ी रेलवे स्टेशन पर सत्यवीर शर्मा -एडीएफएम जयपुर एवं मंडल के अन्य अधिकारी,कर्मचारी एवं कई सेवानिवृत्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दो महीने से सड़क किनारे धरने पर बैठे स्थानीय लोगों की प्रशासन नहीं ले रहा सुध

## मुख्यमंत्री भजन लाल तक लगा चुके के गुहार, कई सालों से रह रहे लोगों को किया जा रहा है बेघर करने का प्रयास

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,( का.स. )।** ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में स्थित आमागढ़ वेधपुरी कच्ची बस्ती में पिछले कई सालों से रह रहे लोगों को बेघर करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके विरोध में स्थानीय लोग पिछले दो महीनों से धरना दे रहे हैं। लेकिन अभी तक प्रशासन की ओर से कोई सुध नहीं ली जा रही है। जिसके चलते लोगों में रोष व्याप्त हो गया है। अब वह आरपार की लडाई लडने के लिए तैयार है। इसके अलावा मुख्यमंत्री तक अपनी षिकायत पहुंचा चुके है,लेकिन अभी तक किसी तरह की कोई राहत की उम्मीद नजर नहीं आ रही है।

आमागढ़ वेधपुरी सहायता एवं विकास समिति के अध्यक्ष बजरंग लाल बोहरा ने बताया कि वह यहां पिछले पचास साल से रह रहे हैं और तीस साल से नगर निगम को हाउस टैक्स भी अदा कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह जमीन वन विभाग में आती है। उनका आरोप है कि इस कच्ची बस्ती का अवैध दस्तावेज बनाकर किसी गोयल नाम के व्यक्ति ने दर्जन भर बैंकों से फर्जी फर्म बना कर करोड़ों रुपये का लोन लिया। जिसे चुकाया नहीं गया और जानकारी में सामने आया है कि उसकी व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी है। अब बैंकों ने उन जमीनों को नीलाम करना शुरू कर दिया है, जिनमें इनके आवास की जमीन भी शामिल कर ली गई है। इसके अलावा बैंक की ओर से कई मकानों पर चस्पा भी किया जा चुका है और कुछ लोग तो खाली करके भी जा चुके है।

बजरंग लाल बोहरा ने बताया कि जिस भूमि पर लोन लिया गया है,उसका खसरा नंबर चार और शिव हीरा पथ बताया गया है। जबकि बैंक कर्मचारियों सहित कुछ अन्य लोग आमागढ़ वेधपुरी कच्ची बस्ती की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। वेधपुरी के निवासियों का आरोप है कि बैंकों के अधिकारियों ने बिना भौतिक सत्यापन के इतनी बड़ी राशि का लोन दे दिया,जबकि यह भूमि वन विभाग के अंतर्गत आती है। उनका कहना है कि जिन दस्तावेजों के आधार पर बैंकों ने लोन दिया है और वह शिव हीरा पथ जामडोली है। लेकिन बैंक अधिकारी उनकी कोई भी बात सुनने को तैयार नहीं है और नोटिस पर नोटिस दिया जा रहा है। इसके अलावा कॉलोनियों में नोटिस का चस्पा भी किया गया है। समिति महामंत्री कैलाश असवाल का कहना है कि कुछ समय पहले जब वह पट्टा लेने के लिए निगम कार्यालय में गए और आवेदन किया तो निगम अधिकारियों ने यह जमीन वन विभाग की होना बता कर आवेदन लेने से इन्कार कर दिया। इसके चलते लोग प्रशासन के कई अधिकारियों से मिले। जब उन्हे किसी का कोई सहयोग नहीं मिलने पर आंदोलन करने का निर्णय लिया। इस मामले में समिति की ओर से मुख्यमंत्री को शिकायत दी जा चुकी है। जिसके चलते यह थोड़ी राहत को मिली है लेकिन पूरी नहीं मिली। धरना प्रदर्शन कर रहे समिति के अन्य पदाधिकारियों का कहना है कि लोन किसी ओर ने लिया,भुगतना पड रहा है गरीब लोगों को धरना-प्रदर्शन कर रहे लोगों का आरोप है कि करोडों रुपये का लोन किसी ओर से लिया है और भुगतना हम जैसे गरीब लोगों को पड रहा है।

## सनातन एकता पदयात्रा के लिए जनसंपर्क अभियान समाज के प्रतिनिधियों से पोस्टर विमोचन कराया




बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** कस्बे में बागेश्वर धाम के मार्गदर्शन में धार्मिक और सांस्कृतिक एकता को सशक्त करने के उद्देश्य से आगामी 24 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से सनातन एकता पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर आयोजन समिति ने मंगलवार को जनसंपर्क अभियान की शुरुआत करते हुए समाज के प्रमुख प्रतिनिधियों के साथ मिलकर पदयात्रा के पोस्टर का विमोचन किया। इस दौरान उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने पदयात्रा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आयोजन सनातन संस्कृति की एकजुटता और समाज में भाईचारे का संदेश देगा। पदयात्रा का उद्देश्य युवाओं को सनातन परंपरा से जोड़ना, धर्म और समाज के प्रति जागरूकता फैलाना, और समरसता को प्रोत्साहित करना है। जनसंपर्क अभियान की शुरुआतः आयोजन समिति के सदस्यों ने विभिन्न वर्गों और समुदायों से मुलाकात कर उन्हें पदयात्रा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।

धार्मिक संस्थाओं, व्यापारिक संगठनों, और सामाजिक कार्यकर्ताओं से भी अपील की गई कि वे इस आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लें।

**पोस्टर विमोचन :** पदयात्रा के पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में शहर के प्रतिष्ठित संत, सामाजिक कार्यकर्ता, और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। पोस्टर पर यात्रा की तिथि, मार्ग, और मुख्य उद्देश्यों को प्रमुखता से दर्शाया गया है। कार्यक्रम के संयोजक ने सीए अर्पित मुदगल ने बताया कि सनातन एकता पदयात्रा का आयोजन 24 नवंबर रविवार को बालाजी की बगीची से प्रारंभ होगा। इस यात्रा में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों लोगों के शामिल होने की संभावना है।

# घर में घुसकर हुंडई वेन्यू कार चुराने वाला नाइजीरियन गिरफ्तार

## आरोपी घर में घुसकर दो गाड़ियों की चाबी और कार चोरी कर हो गया था फरार, गिरफ्तार आरोपी स्टूडेंट विजा पर आया था भारत

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,( का.स. )।** जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घर में घुसकर हुंडई वेन्यू कार चुराने वाले एक विदेशी चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नाइजीरियन चोर घर में घुसकर तीन कारों की चाबी और एक कार चोरी कर ले गया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर नाइजीरियन को पकडा है। सुडान का रहने वाला आरोपी वीजा पर भारत आया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी का माल बरामद कर लिया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) तेजस्वनी गौतम ने बताया कि जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घर में घुसकर चोरी के मामले में आरोपी इब्राहिम नस्र एल्डन यागोब इमान (24) निवासी एबीए द्वीप ओमडुरमन खार्तूम सेक्टर 21 सूडान को गिरफ्तार किया है। जो स्टूडेंट वीजा पर भारत आया था। पिछले काफी समय से रामनगरिया इलाके की जेडीए कॉलोनी में किराए से रह रहा था और ड्रग पेडलर के रूप में काम कर रहा था। थानाधिकारी विनोद सांखला ने बताया कि 17 नवम्बर को दुर्गापुरा निवासी जोया अग्रवाल ने घर में चोरी का मामला दर्ज करवाया था कि उसके घर में घुसकर बदमाश तीन कारों की चाबी और एक कार चोरी कर ले गया। घर में लगे सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर 16 नवम्बर की सुबह एक चोर कैप व मास्क लगाकर अंदर घुसता दिखाई दिया।पुलिस ने फुटेज के आधार पर विदेशी चोर की तलाश की। पुलिस ने रामनगरिया इलाके में दबिश देकर आरोपी चोर को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कार की चुराई चाबी बरामद कर ली है।

## रात में प्रेमी के साथ शराब पार्टी, सुबह मृत मिली महिला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** गांधी नगर थाना इलाके में एक महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। महिला ने रात को प्रेमी के साथ शराब पार्टी की थी। सुबह महिला मृत अवस्था में पड़ी मिली। महिला के मुंह से झाग निकल रहे थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एफएसएल टीम की मदद से साक्ष्य लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। थानाधिकारी राजकुमार मीना ने बताया कि मृतका कविता बैरवा (30) झालाना डूंगरी गांधी नगर की रहने वाली थी। वह पिछले तीन-चार साल से किराना की दुकान करने वाले मनीष खटीक के साथ लिव-इन में रह रही थी। रविवार देर रात तक कविता और मनीष ने शराब पार्टी की थी।

## प्रशिक्षण कार्यशाला में महिलाएं एवं बालिकाएं सीख रही पेंटिंग की बारीकियां

### मुख्यमंत्री नारी शक्ति कौशल सामर्थ्य योजना के तहत हो रहा आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** पंचायत समिति सांगानेर ग्रामीण के मोहनपुरा में मुख्यमंत्री नारी शक्ति कौशल सामर्थ्य योजना के तहत 6 दिवसीय बेसिक पेंटर कोर्स का आयोजन किया जा रहा है। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश डोगीवाल ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बालिकाओं एवं महिलाओं को दीवार तथा लकड़ी एवं लोहे पर कलर करना सिखाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महिला अधिकारिता विभाग की अनोखी पहल है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त बालिकाएं एवं महिलाएं रंग-रोगन का कार्य कर सकेगी। इस मौके पर डॉ. डोगीवाल ने बालिकाओं एवं महिलाओं को सशक्तिकरण की ओर अग्रसर होने हेतु उत्साहवर्धन किया साथ ही सभी को एक समूह के रूप में कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

### 21 नवंबर को आयोजित होगा जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए 21 नवंबर, 2024 (गुरुवार) को जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिला की जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला कलक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि एवं समस्त संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि जिलास्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से मुख्य सचिव या प्रभारी सचिव भी जुड़ेंगे। जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से हिस्सा लेंगे।

भरतपुर कौशल महोत्सव में 2,400 से अधिक युवाओं को नौकरी मिली

# युवाओं का कौशल विकास कर विभिन्न विधाओं से जोड़ा जायेगा : केन्द्रीय राज्य मंत्री



बढ़ता राजस्थान







**भुसावर/भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा आयोजित भरतपुर कौशल महोत्सव में मंगलवार को 2400 से अधिक युवाओं को विभिन्न सैक्टरों की दिग्गज कम्पनियों से नौकरी के ऑफर मिले।

कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयन्त चौधरी ने की, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश के कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता राज्य मंत्री के.के. विश्नोई, विश्वकर्मा कौशल बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार रहे। केन्द्रीय राज्य मंत्री चौधरी ने भरतपुर की कौशल विकास योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने में सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने राज्य की इन्वेस्टमेन्ट समिट्स के माध्यम से उद्योग समर्थक नीतियों को आकर्षित करने के लिए एनएसडीसी और एमएसडीई के सहयोगपूर्ण प्रयासों पर प्रकाश डाला, जिससे दूरदराज के क्षेत्रों में युवाओं के लिए अवसर खुल गए। उन्होंने सिद्ध और जॉबएक्स जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से कौशल बढ़ाने पर जोर दिया, जो उद्योग की मांगों, सर्टिफिकेशन और पाठ्यक्रमों में इनसाइट्स देकर स्किल गैप को कम करते हैं। उन्होंने कहा आज यहां मौजूद कंपनियां आस-पास के इलाकों में नौकरियों की पेशकश कर रही हैं, जिससे भरतपुर के युवाओं को एक महत्वपूर्ण अवसर मिल रहा है। हमारे प्रधानमंत्री के लाइफलॉन्ग लर्निंग के विजन से प्रेरित होकर, हम सभी के लिए शिक्षा और रोजगार के रास्ते बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, चाहे उनकी उम्र या स्थान कुछ भी हो। उन्होंने स्थानीय प्रतिभाओं को अच्छी कम्पनियों के साथ प्रभावी ढंग से जोड़ने और क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए इस पहल की प्रशंसा की। पिछले महीने भरतपुर के 3,500 से ज्यादा युवाओं ने स्किल इंडिया डिजिटल हब (सिद्ध) पर रजिस्ट्रेशन कराया और पाँच दिवसीय इन्टेन्सिव जॉब-रेडीनेस प्रोग्राम में हिस्सा लिया, जिसमें सॉफ्ट स्किल्स और असेंबली लाइन ऑपरेशन्स और कस्टमर केयर जैसी भूमिका-विशिष्ट क्षमताओं पर प्रशिक्षण शामिल था। पाँच दिवसीय इन्टेन्सिव जॉब-रेडीनेस प्रोग्राम का समापन मेगा भर्ती मेले - कौशल महोत्सव के साथ हुआ-जिसमें 3,000 से ज्यादा युवा वॉक-इन इंटरव्यू के लिए शामिल हुए। कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता राज्य मंत्री के.के. विश्नोई ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के कौशल उन्नयन के साथ स्वरोजगार व रोजगार के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं के कौशल विकास, खेल गतिविधियों में बढावा देने, नवीन आईटी की प्रतिभाओं को निखारने के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में राईजिंग राजस्थान की बदौलत प्रदेश उद्योगों का हब बनने जा रहा है। विश्वकर्मा कौशल बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार ने प्रदेश सरकार द्वारा युवा शक्ति के नवनिर्माण एवं कौशल विकास के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी तथा युवाओं को भारत की अमूल्य शक्ति बताया। भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने कौशल महोत्सव को भरतपुर के युवाओं के लिए महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि इससे युवाओं के कौशल में निखार आयेगा।

## बस की टक्कर से बाइक सवार चार छात्रों की मौत

मथुरा कॉलेज जाते समय हुआ हादसा, बीएससी एग्रीकल्चर के थे स्टूडेंट

बढ़ता राजस्थान





**भरतपुर/बयाना (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** बयाना से मथुरा कॉलेज जाते समय 4 बाइक सवार छात्रों को एक प्राइवेट बस ने टक्कर मार दी। जिससे तीन छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसने आगरा के अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इनमें से तीन मृतक बयाना तहसील के निवासी है। हादसे की सूचना मिलते ही मगोर्रा पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिए। घटना मगोर्रा थाना क्षेत्र में जाजम पट्टी के पास मंगलवार दोपहर 12 बजे की है। कार को ओवरटेक करते समय बस ने बाइक को टक्कर मारी थी। मगोर्रा थाना प्रभारी निरीक्षक मोहित तोमर ने बताया कि भरतपुर जिले के बयाना तहसील के गांव नगला मढ़पुरिया निवासी रितेश (22), गांव शेरगढ़ निवासी मुकुल (21), भरतपुर निवासी चेतन (21) और बयाना के पठानपाड़ा निवासी रामकेश (23) एक ही बाइक से भरतपुर से मथुरा की तरफ आ रहे थे। इस दौरान जाजम पट्टी से 800 मीटर आगे एक इको कार को बाइक से ओवरटेक करने की कोशिश की, तभी सामने मथुरा की तरफ से आ रही एक प्राइवेट बस ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार रितेश, चेतन और मुकुल की मौके पर मौत हो गई। वहीं रामकेश गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे के बाद आसपास के लोगों ने मगोर्रा पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, वहीं घायल रामकेश को पहले जिला अस्पताल भेजा। जहां हालत गंभीर होने पर उसे आगरा के लिए रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। बीएससी एग्रीकल्चर में सेकेंड ईयर के थे स्टूडेंट। बता दें कि चारों छात्र मथुरा के गिर्राज महाराज कॉलेज के बीएससी एग्रीकल्चर में सेकेंड ईयर के स्टूडेंट हैं। जो आज सबुह घर से कॉलेज आ रहे थे। हादसे में मृतक रितेश, मुकुल व रामकेश बयाना से भरतपुर बस से आए थे। जिसके बाद वह चेतन के साथ बाइक से मथुरा जा रहे थे।

# भारतीय ज्ञान परंपरा से रोजगार,आत्मनिर्भरता और समाज का निर्माण होता है : कुलपति प्रो. राय

- पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विवि ने गुरुग्राम में लगाई भारतीय ज्ञान परंपरा प्रदर्शनी
- देशभर के विद्वानों और शोधार्थियों ने शब्द और अक्षर यात्रा को की समझने की कोशिश

बढ़ता राजस्थान



**सीकर (नि.स.)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय,सीकर की ओर से भारतीय ज्ञान परंपरा और पंडित दीनदयाल उपाध्याय का योगदान विषय पर गुरुग्राम में तीन दिवसीय प्रदर्शनी लगाई गई। देशभर से आए शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों के लिए यह प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

भारतीय शिक्षण मंडल के युवा आयाम की ओर से अखिल भारतीय शोधार्थी सम्मेलन 'विविभा 2024' (विजन फार विकसित भारत) और प्रदर्शनी का आयोजन एसजीटी विश्वविद्यालय, गुरुग्राम में किया गया। सुरेंद्र भटनागर कृत वैदिक वाग्विद्या दर्शन दीर्घा में भारतीय ज्ञान परंपरा और वर्ण—अक्षर यात्रा को करीब 200 तस्वीरों के माध्यम से बेहद सरल तरीके से दर्शाया गया। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने बताया कि प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा से आज के युवाओं को रूबरू कराना था। प्रो. राय ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा न सिर्फ रोज़गार उपलब्ध कराती है, बल्कि व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के साथ अच्छे समाज का निर्माण भी करती है। उन्होंने बताया कि आज भी भारतीय ज्ञान परंपरा पांडुलिपियों में सुरक्षित है।

**हमारी ज्ञान परम्परा है मानवता की आधारशिला :** प्रो. राय ने छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों से भी आह्वान किया कि वो भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुसार शोध कार्यों के लिए प्रयास करें। प्राचीन ग्रंथों में आज भी ज्ञान मौजूद है यदि इन पर गहन शोध किया जाए तो मानवता की कई समस्याओं को हल किया जा सकता है।

प्रदर्शनी में भारतीय ज्ञान परंपरा, भारतीय सनातन मूल्यों का आत्म भारत निर्माण में योगदान, पर्यावरण संरक्षण, भारतीय सनातन संस्कृति के तत्व, अखण्ड भारत, भारतीय सांस्कृतिक विरासत एवं धरोहर, भारतीय इतिहास, वांग्मय, संस्कृति, ज्ञान, विज्ञान, कला, विधि, न्याय, साहित्य,भारतीय शिक्षण-प्रशिक्षण पद्धति, भारतीय वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र सामाजिक सुरक्षा, प्राचीन भारत में महिला सशक्तीकरण दृष्टि, जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल थे। प्रदर्शनी का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और नोबेल विजेता कैलाश सत्यार्थी ने किया।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष डॉ एस सोमनाथ, रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. सतीश रेड्डी, भारतीय नौसेना अध्यक्ष दिनेश कुमार त्रिपाठी, भारतीय शिक्षण मंडल के राष्ट्रीय संगठन मंत्री शंकरानंद बी.आर. एवं भारतीय शिक्षण मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सच्चिदानंद जोशी, एमडीएस विवि अजमेर और अटलबिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल के पूर्व कुलपति मोहनलाल छीपा, निम्स विवि के प्रो वाइस चांसलर प्रो. अमेरिका सिंह, पंडित दीनदयाल उपाधाय शेखावाटी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय, अखिल भारतीय युवा गतिविधि टोली सदस्य एवं युवा गतिविधि प्रमुख, भारतीय शिक्षण मंडल, जयपुर प्रां ?त जयपुर के डॉ.मुकेश शर्मा समेत देशभर के कई विद्वानों, शिक्षकों और शोधार्थियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन

## सीएम बनने के बाद पहली बार बयाना के गांव कनावर पहुंचे मुख्यमंत्री के माता-पिता

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर/बयाना (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** भजनलाल शर्मा के सीएम बनने के करीब एक साल बाद रविवार को उनकी मां गोमती देवी एवं पिता किशन स्वरूप शर्मा रविवार को कनावर गांव पहुंचे। अपने मायके आईं सीएम की मां गोमती देवी यहां अपने परिवार के लोगों और स्थानीय ग्रामीणों से बचपन की यादें ताजा करते हुए भावुक हो गईं। कनावर ग्राम पंचायत के वयोवृद्ध सरपंच सियाराम गुर्जर से बातचीत कर गोमती देवी ने अपने बचपन की स्मृतियों को ताजा किया। सीएम शर्मा के पिता किशन स्वरूप शर्मा का स्थानीय लोगों ने माल्यार्पण व साफा बांधकर और मां गोमती देवी का शॉल ओढाकर अभिनन्दन किया। इस दौरान क्षेत्र के रीति-रिवाजों के अनुसार उनसे उपस्थित लोगों ने खूब हंसी मजाक की। ग्रामीणों द्वारा जब जनहित की समस्याओं के समाधान कराने की बात सीएम के माता-पिता से की तो उन्होंने लोगों की बात सीएम तक जरूर पहुंचाने को कहा। इस दौरान बाबूलाल शर्मा, लेखराम शर्मा, शिवलहरी, कृष्णमुरारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र बुढ़वार, पूर्व पार्षद गौरव शर्मा, सिया सरपंच, उदयभान शर्मा, चंद्रभान शर्मा, गिरीश बैंसला, श्रीभान, कौशल शर्मा, लक्ष्मण शर्मा, बयाना के डिप्टी एसपी कृष्ण राज जांगिड़, डॉ. रविंद्र गोयल, योगेंद्र उपाध्याय आदि कई लोग मौजूद रहे।

## श्री अग्रसेन कन्या पीजी कॉलेज मे कौमी एकता का शुभारंभ

माय भारत पोर्टल की दी जानकारी, वक्ताओं ने कहा - इससे मिलते हैं डेवलपमेंट के अवसर

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर/बयाना (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** कस्बे के श्री अग्रसेन कन्या पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में मंगलवार से कौमी एकता सप्ताह की शुरुआत हुई। 24 नवंबर तक चलने वाले इस सप्ताह के तहत पहले दिन माय भारत पोर्टल पर आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनएसएस प्रभारी मंजू अग्रवाल ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा माय भारत पोर्टल युवाओं को उद्योग, सरकारी और गैर लाभकारी संस्थाओं में सीखने के अवसरों से जोड़ता है। इस पोर्टल पर युवाओं को अनुभवात्मक शिक्षा और कौशल निर्माण के अवसर मिलते है। इसके साथ ही सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, युवा क्लब, और स्वंयसेवी कार्यों के लिए युवा माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण कराकर इसमें भागीदार बन सकते है।

स्वंयसेविकाओं को माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्रदान की और अधिक से अधिक युवाओं को इस पोर्टल से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा वक्ताओं ने कहा कि कौमी एकता का मतलब विभिन्न संप्रदायों के लोगों का एक साथ मिलजुल कर आपसी सामाजिक सद्भाव और सौहार्द की भावना के साथ रहना है। भारत देश में विभिन्न वर्गों के लोग एक साथ रहते हैं, यही कौमी एकता की सुंदरता है। जिसके कारण भारत की विश्व में अलग पहचान होती है। इस मौके पर प्रवक्ता डॉ. कुमार गौरव, धनंजय गुप्ता, ऋतु मित्तल विष्णु गोयल, स्वंयसेविका आरती, नीरू, पारूल, रोशनी, काजल, शिवानी, नेहा आदि मौजूद रहीं।

## दो छात्र गुटों में चाकूबाजी, दो युवक घायल, एक का अस्पताल में उपचार जारी

कानोता थाना इलाके में आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी में स्पोर्ट्स प्रोग्राम में हुआ झगड़ा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** कानोता थाना इलाके में मंगलवार दोपहर आईसीएफएआई यूनिवरसिटी में स्पोर्ट्स प्रोग्राम में झगड़ा हो गया। कहासुनी के बाद स्टूडेंट्स के दो गुट आपस में भीड़ गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया। मारपीट में घायल स्टूडेंट को हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया। पुलिस झगड़े के कारण का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

थानाधिकारी उदय यादव ने बताया कि आगरा रोड प्रेम नगर में आईसीएफएआई यूनिवसिर्टी में मंगलवार को स्पोर्ट्स का प्रोग्राम था। दोपहर करीब 4 बजे मामूली बात को लेकर स्टूडेंट्स में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते स्टूडेंट्स के दो गुट आमने-सामने हो गए। कहासुनी के दौरान दोनों गुटों में मारपीट शुरू हो गई। झगड़े की सूचना पर कॉलेज प्रशासन ने बीच-बचाव कर मामले को शांत करवाने की कोशिश की। झगड़ा बढ़ने पर सूचना पर कानोता थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों गुटों को अलग-अलग कर मामले को शांत करवाया। मारपीट में घायल स्टूडेंट सुशील को हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया। झगड़े के दौरान फायरिंग होना भी बताया जा रहा है।

एडिशनल डीसीपी (ईस्ट) आशाराम चौधरी का कहना है कि फायरिंग की सूचना अफवाह मात्र है। यूनिवसिर्टी में प्रोग्राम के दौरान स्टूडेंट्स में कहासुनी हुई थी। झगड़ा बढ़ने पर दोनों गुटों में मारपीट हुई। मारपीट के दौरान चाकू से हमले में सुशील नाम के स्टूडेंट के चोटें आने पर हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया। झगड़े होने के कारण का पता लगाया जा रहा है।

# सिगरेट के धुऐं में न उड़ाये जिंदगी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** आज विश्व सीओपीडी दिवस है। धूम्रपान, वायु प्रदूषण, श्वसन संक्रमण और उम्र बढ़ने जैसे कारक फेफड़ो के स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। मेट्रो शहरों में प्रदूषण की वजह से आजकल बच्चों में भी यह बीमारी देखने को मिलती है । सीओपीडी ;बैतवदपब व्ध्हेजतनबजपअम च्नसउवदंतल क्पेमेंमद्ध दुनियाभर में बड़ी ही तेजी से लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है इसीलिए इसके कारण एवं लक्षणों के बारे में जानना बहुत जरूरी है।

एसएमएस अस्पताल के वरिष्ठ स्वांस रोग विशेषज्ञ डॉ नरेश कुमार ने बताया कि अक्सर लोग अस्थमा और सीओपीडी को एक ही बीमारी समझ लेते हैं। इसकी प्रमुख वज़ह इन दोनों बीमारियों के लक्षण का एक जैसा होना है। इन बीमारियों के सामन्य लक्षण जैसे लंबे समय से खांसी एवं बलगम का आना और साँस लेने में दिक्कत होना है लेकिन ये दोनों ही बीमारियाँ एक दूसरे से बहुत अलग है। डॉ नरेश कहते हैं कि सीओपीडी अस्थमा से कहीं ज्यादा गंभीर बीमारी है। यह बहुत ही तेजी से दुनियाभर के लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है एवं विश्व में होने वाली मौतों में तीसरा सबसे बड़ा कारण है। विश्व सीओपीडी दिवस हर साल नवंबर के तीसरे बुधवार को मनाया जाता है।

**क्या है सीओपीडी :** फेफड़ों का एक ऐसा रोग है जिसमें मरीज़ सामन्य रूप से साँस नहीं ले पाता है। सामन्य तौर पर फेफड़े बहुत स्पंजी होते हैं। जब हम साँस के जरिए हवा अंदर लेते हैं तो ऑक्सीजन हमारे खून के अंदर मिल जाती है और कार्बनडाईआक्साइड बाहर चली जाती है लेकिन सीओपीडी रोग में एम्फ्सीमा की वज़ह से यह प्रक्रिया धीमी हो जाती है। सीओपीडी के मरीज को साँस लेने में परेशानी होती है और ऑक्सीजन उसके शरीर में पूरी मात्रा में नहीं पहुंच पाती है।

**क्या है इस साल सीओपीडी की थीम :** विश्व सीओपीडी दिवस 2024 का विषय ष् अपने फेफ्ड़ों के कार्य को जानें ष् है। जिसमें फेफ्ड़ों की कार्य प्रणाली को मापने के महत्व पर प्रकाश डाला गया हैए जिसे स्पिरोमेट्री के नाम से भी जाना जाता हैए जो एक सरल परीक्षण है जो सीओपीडी का शीघ्र निदान करने में मदद कर सकता है।

**सीओपीडी के कुछ कारणों में शामिल हैं**

- तंबाकू धूम्रपान
- अप्रत्यक्ष धूम्रपान के संपर्क में आना
- व्यावसायिक परिवेश में विषैले रसायनों, धुएँ और धूल को साँस के माध्यम से अंदर लेना
- बचपन में अस्थमा का निदान
- अल्फा. 1 ऐन्टीट्रिप्सिन की कमी, एक असमान्य आनुवांशिक रोग
- वायु प्रदूषण और धूल के साथ लगातार संपर्क
- अपर्याप्त वेंटिलेशन वाले घरों में खाना पकाने और हीटिंग के लिए कोयले और ईंधन के दहन से निकलने वाले धुएँ को साँस के माध्यम से अंदर लेना

**सीओपीडी से कैसे करें बचाव :** धूम्रपान बंद कर दे, ठंड से बचे, धुएँ वाली जगह पर जाने से बचे, मास्क का उपयोग करें । स्वास्थ्य से जुड़ी सलाह या जांच के लिए किसी पेशेवर डॉक्टर से बात करें ।

**डॉ नरेश कुमार,**
**वरिष्ठ स्वांस रोग विशेषज्ञ**
**एसएमएस अस्पताल**
**,जयपुर**

## घर के बाहर खड़ी स्कार्पियों कार ले गए चोर, कार में सवार होकर आए थे बदमाश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** श्याम नगर थाना इलाके में देर रात बदमाश स्कॉर्पियो कार चोरी कर फरार हो गए। चोरी पता लगने पर कार मालिक अशोक शेखावत ने पुलिस को जानकारी दी। इस पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। एक जगह पर पुलिस को वारदात करने वाले आरोपी का वीडियो मिला, लेकिन चेहरा छुपा हुआ था।

**Government of Rajasthan**
**Office of Joint Director Agriculture (Plant Pathology), SBQCL Durgapura, Jaipur**
F 2(4)J.D. Ag.(P.Patho.)/ Store/ Tender / 2024-25/921-927 Dated: 14/11/24
**Notice Inviting Bid**
Bids for supply of Trichoderma powder packing materials like polythene bag, duplex box & corrugated box (estimated cost Rs. 5.35 lac) are invited from interested bidders (manufacturers/authorized distributors/dealers) up to the date 21.11.2024 till 2:00 pm. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://sppp.rajasthan.gov.in) of the state; and departmental website https://agriculture.rajasthan.gov.in
UBN. AGR24 25G SO B00342
**(Madhulata Singh)**
**Joint Director Agriculture**
**(Plant Pathology)**
DIPR/C/11401/2024

## सम्पादकीय

### अब मंत्री-विधायक भी हिंसा की चपेट में, मणिपुर में फिर भड़की आग

पिछले वर्ष मई महीने में मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा दिए जाने के सवाल पर दो समुदायों के बीच जिस हिंसक टकराव की शुरुआत हुई थी, उसमें अब तक सवा दो सौ से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी मणिपुर में हिंसा की शुरुआत के डेढ़ वर्ष से ज्यादा बीत चुके हैं, मगर आज भी वहां अराजकता बेलगाम और सरकार लाचार खड़ी दिखती है। आखिर क्या वजह है कि हर कुछ रोज बाद हिंसा की बड़ी घटनाएं एक तरह से सरकार के सामने चुनौती देती हुई लग रही हैं और उस पर काबू पाने में वहां का प्रशासन पूरी तरह से नाकाम है। कुछ दिन पहले वहां गंभीर हिंसक घटनाओं का नया दौर फिर से शुरू हो गया है और आम लोगों की जान जा रही है। हाल ही में एक महिला की हत्या करके उसका घर जला दिया गया था। उसके बाद एक अन्य शिविर से छह लोग लापता हो गए। बाद में उनके शव मिलने की खबरें आईं। अब स्थानीय लोगों के बीच सरकार की इस व्यापक नाकामी के खिलाफ गुस्सा भड़क गया है और इस तरह हिंसा का दायरा अब और फैलता जा रहा है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि वहां कुछ लोगों ने अब विधायकों और मंत्रियों के घरों में आग लगाना शुरू कर दिया है। शनिवार और रविवार को कई विधायकों और मंत्रियों के घरों पर लोगों की भीड़ ने हमला किया, आग लगा दी और बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ की।

यह समझना मुश्किल नहीं है कि कुकी और मैतेई समुदायों के बीच लंबे समय से चल रही हिंसा के बाद अब लोगों का गुस्सा सरकार खिलाफ भड़क रहा है और नेता भी हमलों के निशाने बनने लगे हैं। निश्चित रूप से यह स्थिति किसी भी हाल में उचित नहीं मानी जा सकती, मगर ताजा हिंसा से यही लगता है कि इसमें शामिल दोनों समुदाय अब शायद इससे ऊब रहे हैं और उनका आक्रोश सरकार और राजनीतिक तबके के खिलाफ फूट रहा है। सवाल है कि किसी भी सरकार को अपना समूचा सुरक्षा तंत्र झोंकने के बाद हिंसक घटनाओं पर काबू पाने में कितना वक्त लगना चाहिए?

पिछले वर्ष मई महीने में मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा दिए जाने के सवाल पर दो समुदायों के बीच जिस हिंसक टकराव की शुरुआत हुई थी, उसमें अब तक सवा दो सौ से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। राज्य सरकार की पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों के साथ-साथ सेना तक ने वहां मोर्चा संभाला। सुप्रीम कोर्ट और केंद्र सरकार की ओर से शांति कायम करने के लिए कई स्तर पर कवायदें हुईं। मगर हालत यहां तक पहुंच गई है कि अराजकता पर काबू पाना तो दूर, अब मंत्री-विधायकों के घर भी हिंसा की आग का शिकार होने लगे हैं। कहने को शांति कायम करने के मकसद से दोनों पक्षों के बीच बातचीत की प्रक्रिया शुरू कराने का दावा कई बार किया गया, लेकिन आज भी वहां जिस तरह लोगों के घरों पर हमले किए जा रहे हैं, उसमें किसी की हत्या कर दी जा रही है, उससे साफ है कि सरकार की कोशिशें या तो बेमन से की गईं या फिर उसके पीछे कोई स्पष्ट दृष्टि और इच्छाशक्ति नहीं थी। हैरानी की बात यह है कि अब भी सरकार एक तरह से 'सब कुछ सामान्य होने' की मुद्रा में बेफिक्र दिख रही है।

सार्वभौमिक बाल दिवस पर विशेष

# भारत में शोषण एवं अपराधमुक्त नया बचपन उभरे

**बाल अधिकारों की घोषणा बच्चों के अधिकारों को बढ़ावा देने वाला एक अंतरराष्ट्रीय दस्तावेज़ है। इसे मूल रूप से मानवाधिकार कार्यकर्ता एग्लेंटाइन जेब ने प्रस्तावित किया था और 1924 में राष्ट्र संघ द्वारा अपनाया गया था, इससे पहले 1959 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा इसका विस्तारित संस्करण पेश किया गया था। एग्लेंटाइन जेब एक समाज सुधारक और पूर्व शिक्षिका थीं, जिन्होंने 1919 में सेव द चिल्ड्रन नामक चैरिटी की स्थापना की थी। प्रथम विश्व युद्ध के परिणामस्वरूप मुख्य भूमि यूरोप में बच्चों को जिस गरीबी का सामना करना पड़ रहा था, उससे वह भयभीत थीं और उन्होंने पर्चे बाँटकर जागरूकता फैलाने की कोशिश शुरू कर दी। उनके जुनून के कारण उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और उन पर जुर्माना लगाया गया, लेकिन जज उनसे इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने उनका जुर्माना खुद ही भर दिया।**

ललित गर्ग



हम में से प्रत्येक को बच्चों के अधिकारों की वकालत करने, उन्हें बढ़ावा देने, उनके शोषण को रोकने, उनका समग्र विकास करने और बच्चों का उत्सव मनाने के लिए एक प्रेरणादायी अवसर के रूप में सार्वभौमिक बाल दिवस 20 नवम्बर को मनाया जाता है। इसकी स्थापना 1954 में हुई थी। 20 नवंबर एक महत्वपूर्ण तारीख है क्योंकि इसी दिन 1959 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बाल अधिकारों की घोषणा को अपनाया था। इसी दिन 1989 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बाल अधिकारों पर कन्वेंशन को भी अपनाया था। सार्वभौमिक बाल दिवस पहली बार 1925 में जिनेवा, स्विटजरलैंड में बाल कल्याण के विश्व सम्मेलन में घोषित किया गया था। हालाँकि, इसे आधिकारिक तौर पर दुनिया भर में मान्यता नहीं मिली, लेकिन 1954 में ब्रिटेन ने अन्य देशों को बच्चों के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देने और दुनिया भर में बाल कल्याण में सुधार की दिशा में कदम उठाने के लिए एक दिन स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया। सार्वभौमिक बाल दिवस, जिसे विश्व बाल दिवस या सिर्फ़ बाल दिवस के नाम से भी जाना जाता है, दुनिया भर में बच्चों के सामने आने वाले मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाने वाला एक वार्षिक कार्यक्रम है। जिनेवा में एक बाल सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें जेब ने बाल अधिकारों की घोषणा की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए एक प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने लिखा कि बच्चे को उसके सामान्य विकास के लिए आवश्यक साधन उपलब्ध कराए जाने चाहिए, भौतिक और आध्यात्मिक दोनों रूप से। जो बच्चा भूखा है उसे भोजन दिया जाना चाहिए, जो बच्चा बीमार है उसे दूध पिलाया जाना चाहिए, जो बच्चा पिछड़ा है उसकी मदद की जानी चाहिए, अपराधी बच्चे को वापस लाया जाना चाहिए, तथा अनाथ और बेसहारा बच्चे को आश्रय और सहायता दी जानी चाहिए। संकट के समय सबसे पहले बच्चे को राहत मिलनी चाहिए। बच्चे को आजीविका कमाने की स्थिति में रखा जाना चाहिए तथा उसे हर प्रकार के शोषण से बचाया जाना चाहिए। बच्चे को इस चेतना के साथ बड़ा किया जाना चाहिए कि उसकी प्रतिभाएं उसके साथियों की सेवा के लिए समर्पित होनी चाहिए। दुनिया भर में बच्चों की दुर्दशा के बारे में भावुकतापूर्वक बात करते हुए उस समय उजागर की गयी ये बातें आज भी अधिक प्रासंगिक बनी हुई है। इसलिये सार्वभौमिक बाल दिवस को अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने की अपेक्षा है।

भारत के सन्दर्भ में सार्वभौमिक बाल दिवस को अधिक प्रासंगिक एवं कारगर बनाने की जरूरत है। भारत में कई ऐसे बड़े नेता और दिग्गज लोग हुए हैं, जिनका बच्चों के प्रति प्रेम जग-जाहिर है। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू हों या पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम दोनों दिग्गजों ने बच्चों के हित में व्यापक कार्य किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने शानदार व्यक्तित्व और हर उम्र के लोगों से जुड़ने के लिए जाने जाते हैं। बच्चों के प्रति उनका स्नेह कुछ खास है। नेहरू की ही भांति उन्हें भी बच्चों का प्रेमी कहा जा सकता है। आज वे एक विश्वनेता के रूप में उभरे हैं, अत: उन्हें देश एवं दुनिया के बच्चों के कल्याण के लिये कोई बड़ा उपक्रम करना चाहिए। विशेषत: भारत के बच्चों के लिये। क्योंकि भारत में बच्चों के शोषण, उत्पीड़न, दुर्दशा, हिंसा की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। बच्चों के अधिकारों, शिक्षा और कल्याण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए पूरे भारत में बाल दिवस मनाया जाता है। मोदी बच्चों को देश के भविष्य की तरह देखते थे। वे बच्चों के मासूम चेहरों और चमकती आँखों में भारत का भविष्य देख रहे हैं। उनका कहना है कि बच्चों का जैसा पालन-पोषण करेंगे वह देश का भविष्य निर्धारित करेगा।' लेकिन भारत का यह बचपन रूपी भविष्य आज नशे, शोषण, बाल-मजदूरी एवं अपराध की दुनिया में धंसता चला जा रहा है। बचपन डरावना एवं भयावह हो गया है। आखिर क्या कारण है कि बचपन अपराध की अंधी गलियों में जा रहा है? बचपन इतना उपेक्षित एवं बदहाल क्यों हो रहा है? बचपन के प्रति न केवल अभिभावक, बल्कि समाज और सरकार इतनी बेपरवाह कैसे हो गयी है? यह और ऐसे अनेक प्रश्न सार्वभौमिक बाल दिवस की भारत के सन्दर्भ में प्रासंगिकता को उजागर करते हुए हमें झकझोर रहे हैं। बाल मजदूरी से बच्चों का भविष्य अंधकार में जाता ही है, देश भी इससे अछूता नहीं रहता क्योंकि जो बच्चे काम करते हैं वे पढ़ाई-लिखाई से कोसों दूर हो जाते हैं और जब ये बच्चे शिक्षा ही नहीं लेंगे तो देश की बागडोर क्या खाक संभालेंगे? इस तरह एक स्वस्थ बाल मस्तिष्क विकृति की अंधेरी और संकरी गली में पहुँच जाता है और अपराधी की श्रेणी में उसकी गिनती शुरू हो जाती हैं। बचपन की उपेक्षा एक अभिशाप है। जब हम किसी गली, चौराहे, बाजार, सड़क और हाईवे से गुजरते हैं और किसी दुकान, कारखाने, रैस्टोरैंट या ढाबे पर 4-5 से लेकर 12-14 साल के बच्चे को टायर में हवा भरते, पंक्चर लगाते, चिमनी में मुंह से या नली में हवा फूंकते, जूठे बर्तन साफ करते या खाना परोसते देखते हैं और जरा-सी भी कमी होने पर उसके मालिक से लेकर ग्राहक द्वारा गाली देने से लेकर, धकियाने, मारने-पीटने और दुर्व्यवहार होते देखते हैं तो अक्सर 'हमें क्या लेना है' कहकर अपने रास्ते हो लेते हैं। लेकिन कब तक हम बचपन को इस तरह प्रताड़ित एवं उपेक्षा का शिकार होने देंगे।

कुछ बच्चे ऐसी जगह काम करते हैं जो उनके लिए असुरक्षित और खतरनाक होती है जैसे कि माचिस और पटाखे की फैक्टरियां जहां इन बच्चों से जबरन काम कराया जाता है। इतना ही नहीं, लगभग 1.2 लाख बच्चों की तस्करी कर उन्हें काम करने के लिए दूसरे शहरों में भेजा जाता है। इतना ही नहीं, हम अपने स्वार्थ एवं आर्थिक प्रलोभन में इन बच्चों से या तो भीख मंगवाते हैं या वेश्यावृत्ति में लगा देते हैं। देश में सबसे ज्यादा खराब स्थिति है बंधुआ मजदूरों की जो आज भी परिवार की समस्याओं की भेंट चढ़ रहे हैं। सच्चाई यह है कि देश में बाल अपराधियों की संख्या बढ़ती जा रही है। बच्चे अपराधी न बने इसके लिए आवश्यक है कि अभिभावकों और बच्चों के बीच बर्फ-सी जमी संवादहीनता एवं संवेदनशीलता को फिर से पिघलाया जाये। फिर से उनके बीच स्नेह, आत्मीयता और विश्वास का भरा-पूरा वातावरण पैदा किया जाए। श्रेष्ठ संस्कार बच्चों के व्यक्तित्व को नई पहचान देने में सक्षम होते हैं। अत: शिक्षा पद्धति भी ऐसी ही होनी चाहिए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
विदेश में बसने वाले निकटस्थ संबंधियों के समाचार मिलेंगे। आज आपको वाणी और क्रोध पर नियंत्रण रखना होगा अन्यथा अनर्थ हो सकता है। सर्दी और कफ के कारण आपका स्वास्थ्य खराब होगा। मानसिक चिंता और शारीरिक अस्वस्थता रहेगी।

**वृष**
नौकरी पेशावालों को लाभ का अवसर मिलेगा। वैवाहिक जीवन में सुख-संतोष की अनुभूति होगी। पत्नी, पुत्र और बुजुर्गों की ओर से लाभ होगा। मित्रों के साथ रमणीय पर्यटन होगा। मित्र विशेष लाभकारी साबित होंगे।

**मिथुन**
दांपत्यजीवन में घनिष्ठता अनुभव करेंगे। आप अत्यधिक चिंता और भावनाओं के कारण शारीरिक और मानसिक रूप से व्यग्र और अस्वस्थता अनुभव करेंगे। गलत दलीलबाजी और वाद-विवाद और संघर्ष खड़ा हो सकता है।

**कर्क**
धन खर्च में वृद्धि होगी। नियम विरोधी काम तथा अनैतिक काम से आपके सम्मान को ठेस पहुंच सकती है। फिर भी आप परिजनों और मित्रों के साथ खुशी से अपना दिन व्यतीत करेंगे। मन में गहरी चिंताएं सताया करेंगी। तन-मन में ताजगी और प्रसन्नता रहेगी।

**सिंह**
थोड़ा विलंब या अवरोध के बाद निर्धारित रूप से काम पूरा कर सकेंगे। आर्थिक आयोजन सफल कर सकेंगे। स्वादिष्ट भोजन प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए मध्यम दिन है। स्नेहीजनों और मित्रों के साथ की मुलाकात होगी।

**कन्या**
आज सभी विषय के नकारात्मक पहलुओं का अनुभव होगा। थकान और आलस के कारण स्फूर्ति का अभाव रहेगा। उच्च पदाधिकारियों के साथ वाद-विवाद में न पड़ें। व्यवसाय में वृद्धि होगी। दलाली, ब्याज, कमिशन से आपकी आय में वृद्धि होगी।

**तुला**
विद्यार्थियों के लिए समय मध्यम कहा जा सकता है। आपका स्वाभिमान भंग होगा। ऑफिस या व्यवसाय में विरोधियों से सावधान रहें। आप तन और मन से स्वस्थ और प्रफुल्लित रहेंगे। परिजनों के साथ घर के संबंध में चर्चा करेंगे।

**वृश्चिक**
परिवार में आनंद और उत्साह का वातावरण रहेगा। ऑफिस और नौकरी में आय वृद्धि, पदोन्नति के लिए योग बनेंगे। ऑफिस में उच्च पदाधिकारियों द्वारा काम की सराहना होगी और वे आपके प्रेरणा स्रोत बनेंगे।

**धनु**
कोर्ट-कचहरी के मामले में सावधानी रखें। वाणी और व्यवहार में संयम रखना आवश्यक है। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होगा। गलतफहमी पैदा न हो इसका ध्यान रखें। व्यापार-धंधे में विकास के साथ-साथ आय भी बढ़ेगी।

**मकर**
आज भावनाओं के प्रवाह में सराबोर रहेंगे। परिजन, मित्र तथा सगे-संबंधी उसमें सहभागी बनेंगे। भेंट-सौगात की प्राप्ति होगी। स्वादिष्ट भोजन करने और बाहर घूमने जाने का आयोजन होगा। मांगलिक अवसरों पर जाना हो सकता है।

**कुंभ**
आज आप बहुत भावनाशील रहेंगे, इसलिए किसी के ज्यादा बोलने से आपकी भावनाओं को ठेस पहुंचेगी। मां के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। स्थायी संपत्ति के मामले में निर्णय लेना उचित नहीं है।


**मीन**
आर्थिक मामलों पर अधिक ध्यान देंगे। आपको सभी कामों में सफलता मिलेगी। भाग्यवृद्धि के योग हैं। भाई-बंधुओं का सहयोग मिलेगा। प्रिय व्यक्ति का साथ और सार्वजनिक सम्मान मिलेगा। विरोधियों को परास्त कर सकेंगे। धन लाभ होगा।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्यिसत कॉलम के स्टार हैं। राजस्थान प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत हुए शानदार अधिकारी श्री रामचरण शर्मा। शर्मा का जन्म 7 जुलाई सन 1963 को जयपुर में हुआ। शिक्षा में बीएससी, एलएलबी कर प्रशासनिक सेवा में आए जहां अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, राजसमन्द से सेवानिवृत हुए इसके अलावा ये विभिन्न बड़े पदों पर भी रहे।

शासन उप सचिव, राजस्व विभाग, जयपुर, अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, अलवर,। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, झालावाड़। विशेषाधिकारी, यूआईडी प्रोजेक्ट सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग जयपुर। उपखण्ड अधिकारी, झालावाड़। आयुक्त नगर निगम, कोटा। आयुक्त नगर निगम जयपुर। उपखण्ड अधिकारी, भीलवाड़ा। निजी सचिव अध्यक्ष, राजस्थान राज्य बीज निगम,जयपुर। उपखण्ड अधिकारी, बानसूर अलवर। उपखण्ड अधिकारी, दौसा। प्राधिकृत अधिकारी, जेडीए जयपुर। एलएओ यूआईटी अजमेर। कोविड़-19 के दौरान अनेकों ऐसी घटनाए देखने को मिली जब ये महसूस हुआ कि अधिकारी इतने जमीनी भी हो सकते हैं क्या। बेहद शानदार तरीके से सिस्टम के साथ तालमेल बिठाकर उस खौफनाक मंजर में कार्य संपादित करना ही अपने आप में एक बड़ी चुनौति रही। जब बिना ऑक्सीजन के लोग मर रहे थे जब रात रात को जागकर इन्होंने ही ऑक्सीजन सिलेण्ड़र हॉस्पिटल तक पहुँचाने का अनुपम व अमूल्य सहयोग देकर सैकड़ों हजारों लोगों की जान बचाई। सच में चिकित्सकों के साथ बहुत बेहतरीन तालमेल बनाकर पूरी



श्री रामचरण शर्मा
( सेवानिवृत आरएएस अधिकारी )

व्यवस्थाओं को संभालना अपने आप में बहुत बड़ी बात होती है। व्यक्तिगत रूप से मुझे इनका संग एक बड़े भाई के रूप में मिला। अद्भुत सी ऊर्जा का संचार होता था जब भी इनके साथ बैठने का मौका लगता था। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके सुखद जीवन व स्वस्थ जीवन की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## आज का इतिहास

### 20 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- यूरोप में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए रूस, प्रशिया, ऑस्ट्रिया और इंग्लैंड ने 1815 में गठबंधन किया।
- रूस के निकोलायेव और सेवेस्तोपोल क्षेत्र से 1829 में यहूदियों को निकाला गया।
- अमेरिका के वांशिगटन में 1866 में हावर्ड विश्वविद्यालय की स्थापना।
- यूक्रेन 1917 में गणराज्य घोषित हुआ।
- कलकत्ता (अब कोलकाता) में बोस अनुसंधान संस्थान की 1917 में स्थापना।
- ब्रिटिश सेना ने 1942 में लीबिया की राजधानी बेनगाजी पर दोबारा कब्जा किया।
- जर्मनी में 1945 में बीस से अधिक नात्सी अफ़सरों पर युद्धापराधों को लेकर मुकदमा शुरु।
- जापान का 1945 में अमेरिका के समक्ष पूर्ण आत्मसमर्पण एवं द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति।
- इजरायल में 1949 में यहूदियों की संख्या दस लाख हुई।
- पॉली उमरीगर ने 1955 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में भारत की ओर से पहला दोहरा शतक लगाया।
- अमेरिका ने 1968 में नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- 39 वर्षों तक स्पेन पर शासन करने वाले तानाशाह जनरल फ्रैंसिस्को फ्रैंको की 1975 में मौत हो गई थी.
- अफ्रीकी देश बुरुंडी में 1981 में संविधान अंगीकार किया गया।
- भास्कर उपग्रह को 1981 में छोड़ा गया था।
- माइक्रोसाफ्ट विंडोज 1.0 1985 में जारी हुआ।
- अंगोला सरकार और यूनिटा विद्रोहियों के मध्य 19 वर्ष से जारी संघर्ष की समाप्ति के लिए 1994 में लुसाका में शांति संधि सम्पन्न।
- वेल्स की राजकुमारी डायना ने 1995 में वेल्स के राजकुमार से अलगाव और अपने विवाहेत्तर संबंधों के बारे में बीबीसी टेलीविज़न पर खुल कर बात की।
- अमेरिकी अंतरिक्ष शटल यान 'कोलम्बिया' फ़्लोरिडा के 1997 में कैनेडी अंतरिक्ष केन्द्र से सफलतापूर्वक प्रक्षेपित।
- अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जारया का 1998 में पहला माड्यूल जारी।
- पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने 2007 में राष्ट्रीय व प्रान्तीय असेंबलियों के चुनाव का कार्यक्रम घोषित किया।
- अफ्रीकी देश माली की राजधानी बमाको में 2015 में बंधक बनाकर कम से कम 19 लोगों की हत्या की गई।
- पी वी सिंधु ने 2016 में चाइना ओपन सुपर सीरीज के फाइनल में चीन की सुन यू को तीन गेम तक चले मुकाबले में हराकर पहला सुपर सीरीज ख़िताब अपने नाम किया।

### 20 नवंबर को जन्मे व्यक्ति


- एक भारतीय महिला फ्रीस्टाइल पहलवान बबीता फोगाट का जन्म 1989 में हुआ।

### 20 नवंबर को हुए निधन

- रूस के प्रसिद्ध लेखक लियोन टॉलेस्ट्वाय का निधन 1910 में हुआ।
- स्पेन के तानाशाह जनरल फ़्रैंको का निधन 1971 में हुआ।
- प्रसिद्ध शायर फ़ैज अहमद फ़ैज का निधन 1984 में हुआ।
- बहुमुखी प्रतिभाशाली, अनेक विषयों के विद्वान, विचारक और कवि श्याम बहादुर वर्मा का निधन 2009 में हुआ।

विशेष आलेख

# वृध्दाश्रम को बढ़ावा न दें



भारत जैसे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक देश में परिवार एक महत्वपूर्ण संस्था है। परिवार न केवल सामाजिक संरचना का आधार है, बल्कि यह भावनात्मक और नैतिक मूल्यों का भी स्तंभ है। आज के समय में बढ़ते वृद्धाश्रमों की संख्या हमारी सामाजिक संरचना और नैतिक मूल्यों पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करती है।

### वृद्धाश्रम की बढ़ती संख्या का कारण

1. **परिवारिक मूल्यों में गिरावट :** आजकल लोग अपने करियर और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं के कारण परिवार से दूर होते जा रहे हैं।
2. **आधुनिक जीवनशैली :** भौतिक सुख-सुविधाओं और व्यक्तिगत आजादी के कारण बुजुर्गों को अनदेखा किया जा रहा है।
3. **संवाद की कमी :** पीढ़ियों के बीच संवाद और समझ का अभाव बुजुर्गों को परिवार से अलग कर देता है।
4. **भौतिकवाद का प्रभाव:** बुजुर्गों को बोझ समझने की मानसिकता बढ़ रही है।

### वृद्धाश्रम का प्रभाव

1. **भावनात्मक पीड़ा :** माता-पिता जिन्होंने अपने बच्चों के लिए सब कुछ समर्पित किया, उन्हें अकेलापन और अस्वीकृति का सामना करना पड़ता है।
2. **सामाजिक संरचना पर असर :** परिवार टूटने से समाज में नैतिक मूल्यों का पतन होता है।
3. **सांस्कृतिक ह्रास :** हमारी परंपरा मातृ देवो भव:, पितृ देवो भव: की भावना को कमजोर करती है।



### समाधान और सुझाव

1. **परिवारिक जिम्मेदारी निभाएं :** बच्चों को शुरू से ही बुजुर्गों का सम्मान और उनकी देखभाल करना सिखाएं।
2. **संवाद बढ़ाएं :** पीढ़ियों के बीच बेहतर संवाद से आपसी समझ और अपनापन बढ़ सकता है।
3. **संयुक्त परिवार का महत्व :** संयुक्त परिवार की संस्कृति को पुनर्जीवित करें, जहां हर सदस्य एक-दूसरे के साथ खड़ा हो।
4. **समाज में जागरूकता :** वृद्धाश्रम की आवश्यकता को कम करने के लिए समाज में जागरूकता अभियान चलाएं।
5. **सरकारी नीतियां :** सरकार ऐसी नीतियां बनाए जो बुजुर्गों को परिवार में रहने के लिए प्रोत्साहित करें।

निष्कर्ष : वृद्धाश्रम किसी भी समाज के लिए एक स्थायी समाधान नहीं है। यह केवल हमारी असफलता और नैतिक पतन का प्रतीक है। हमारे बुजुर्ग हमारी जड़ों की तरह हैं, जो हमें स्थिरता और मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। उनका सम्मान और उनकी देखभाल करना हमारी जिम्मेदारी है। परिवार के मूल्यों को जीवित रखते हुए हम वृद्धाश्रम को बढ़ावा देने के बजाय अपने बुजुर्गों को परिवार का हिस्सा बनाए रखें। 'जहां बुजुर्गों का सम्मान होता है, वहां देवता वास करते हैं।'

**अनिल माथुर, जोधपुर ( राजस्थान )**

## मर्म : मेरा कमरा-मेरा सुकून..

दिन भर की दौड़ भाग,तनाव और आधुनिक युग में मुझसे आगे बढ़ने वाले मेरे ही साथी को रोकने के लिए लगाने वाली मेरी ही ऊर्जा के कारण मैं थक सा जाता हूं। इसके ऊपर बाजार का कर्जा,कार की ईएमआई और निजी कॉपरेटिव सोसायटी से लिए गए कर्ज शाम तक कंधों को दो चार इंची नीचे ले ही आते हैं। मैं चोर नहीं सबका पैसा दूंगा लेकिन थोड़ी गाड़ी पटरी पर तो आए बस इसी उम्मीद के कारण शायद तीन साल से इस पंच तत्व से बने शरीर को घसीट सा रहा हूं। मैं जानता हूं कि आज की तारीख में मुर्दो के बीच यदि जिन्दा रहना है तो बिना प्रपंचों के रहा नहीं जा सकता शायद इसलिए ही जिन्दा रहने का प्रयास कर रहा हूं। घर परिवार में भी कोई खास सुकून नहीं है,आता हूं तो सब अपने अपने मोबाईल में लगे रहते हैं। मेरे मन की पीड़ा को समझने के लिए किसी के पास ना तो भाव हैं ना ही समय क्योंकि सभी अपनी अपनी रील देखकर अपना-अपना मनोरंजन करने में व्यस्त हैं। मैं भी इन्हे छेडता नहीं हूं, कहीं मेरे माथे ना आ लगें। ये अपनी मस्ती में मस्त हैं तो ऐसे रहने दीजिए जैसे समाज कंटक अपनी मस्ती में रहता है यदि समाजकंटक फ्री महसूस करने लग जाए तो फिर वो समाज के लिए कुछ गलत करने का विचार ले आता है। बस भोजन कर के अपने उसी कमरे में आ जाता हूं जहां की दीवारें मुझसे दो बातें करती हैं। लोग कहते हैं ना कि दीवारों के कान होते हैं अरे मैं तो कहता हूं दीवारों के कान ही नहीं बल्कि दीवारों के मुँह भी होता है,वो बोलती हैं वो बातें करती हैं मुझसे। लगभग चार दशक पुराना कमरा उसकी दीवारें कहती हैं कि ये तूने अपना क्या हाल बना लिया भाई..। छोटा था तो कितना खुश रहता था कितना प्रसन्न रहता था। माना की मेरी दीवारों पर प्लास्टिक पेंट नहीं बल्कि पुताई कर रखी थी कली की,लेकिन तुझे मुस्कुराते हुए देख मैं भी प्रसन्न रहती थी।

आज तू बड़ा तनाव में रहता है। मुझे याद है पहले तू दूध पीकर सोया करता था आज तू शराब पीकर सोता है। ऐसा क्या कर ड़ाला तूने इससे अच्छा तो तू पहले ही बढ़िया था। कमरे की दीवारों की रोज ये कहानी सुनकर मैं भी सुकून पाता हूं और चैन से सो जाता हूं।

रूपक शर्मा, संपादकीय प्रभारी
अलवर बढ़ता राजस्थान

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार



# बैंक प्रतिनिधि एवं अधिवक्ता राष्ट्रीय लोक अदालत में सक्रिय भागीदारी निभाएं : समीक्षा

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर( बढ़ता राजस्थान )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव समीक्षा गौतम की अध्यक्षता में मंगलवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में बैंक प्रतिनिधियों तथा बैंक अधिवक्तागण के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने उपस्थित बैंक प्रतिनिधियों एवं बैंक अधिवक्ताओं को बताया कि बैंकों के प्री लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों में जारी नोटिसो की तुलना में प्रकरणों के निस्तारण की संख्या बहुत कम है। उन्होंने बैंक प्रतिनिधियों एवं बैंक अधिवक्ताओं को राष्ट्रीय लोक अदालत में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए प्री-लिटीगेशन स्तर के प्रकरणों को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 14 दिसम्बर को अधिक से अधिक रैफर करवाने के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर बैंक प्रतिनिधियों में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा परेश नाथ बनर्जी, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया से जगदीश मीना, रवि कुमार सिंह, सुरज्ञान सिंह, बैंक ऑफ़ बड़ौदा से रामचंद्र भाटी, हरिशंकर मीणा, बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक से लोकेश मेरोठिया, इकबाल उस्मानी, केनरा बैंक से रघुनाथ प्रसाद, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से विनोद कुमार मीना, पंजाब नेशनल बैंक से कृष्ण कुमार बैरवा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से सुमित जोशी तथा बैंक पैनल अधिवक्ताओं में गोविंद प्रसाद गुप्ता, हरीश पारीक, बृजेंद्र विजयवर्गीय आदि उपस्थित रहे।

# बाइक सवार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित कार नहर में गिरी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (नि.स.)।** लालसोट-कोटा हाईवे पर चैनपुरा मोड़ के पास सोमवार शाम बाइक सवार को बचाने के चक्कर में एक कार अनियंत्रित होकर मोरल बांध नहर में कूद गई। हालांकि वहां मौजूद मलारना चौड़ सरपंच एवं ग्रामीणों ने कार में सवार सभी लोगों को सकुशल बाहर निकाल लिया। इसके चलते बड़ा हादसा होने से टल गया। कार में सवार लोग सवाईमाधोपुर से लालसोट की तरफ जा रहे थे। इसी दरमियान चैनपुरा मोड़ के पास अचानक सामने से आ रही बाइक को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर नहर में कूद गई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और रस्सी के सहारे कड़ी मशक्कत के बाद कार को बाहर निकाला।



भाड़ौती. नहर से कार को बाहर निकलते हुए स्थानीय ग्रामीण।

# श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के तृतीय दिवस पर विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा( नि.स. )।** जयपुर रोड स्थित फलोदी बालाजी मंदिर में संत श्री निर्मलदास जी महाराज के सानिध्य में आयोजित किये जा रहे श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के तृतीय दिवस को फूलपात्र दिवास, हवन, नित्य पूजा, फलादिवास, आदि कार्यक्रम आयोजित किये गये। शिव परिवार की प्रतिमा पुण्यार्जक परिवार मालपुरा निवासी रमेशचन्द, रामजीलाल, मोहित, अंकित, जूली, प्रियंका, शिवानी, गौरांग, कनिका विजयवर्गीय बोरा परिवार ने प्राप्त किया है। वही प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत बुधुवार को भी नित्यार्चन, हवन, पूजन इत्यादि कार्यक्रम आयोजित होंगे तथा गुरूवार को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी का आयोजन किया जावेगा।

# विवेकानंद स्कूल के 161 विद्यार्थियों का भ्रमण दल जैन फन जोन में

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** 19 नवंबर 2024 मंगलवार को विवेकानंद स्कूल के हिंदी व अंग्रेजी माध्यम के कक्षा नर्सरी से चौथी तक के 161 विद्यार्थियों का भ्रमण दल जैन फन जोन एडवेंचर पार्क, टोंक में ले जाया गया। इस भ्रमण दल का नेतृत्व इंचार्ज अक्षिता पाटीदार और लेखाधिकारी हेतराज महावर ने किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने ट्रम्प पेड, मिकी माउस, हॉकी टेबल बोर्ड, ड्रैगन स्लाइड्स, ट्री ट्रेन, जंपिंग जंक्शन, बेसबॉल जंक्शन आदि का भरपूर आनंद लिया।

इसके बाद बच्चों ने पाव भाजी, चाऊमीन आदि स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद लिया। अंत में बच्चों ने मिकी माउस की वेशभूषा वाले कार्टून के साथ जमकर डांस किया। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ सदस्य सोनू पालीवाल, शानू साहू, जाबिर खान, सहरीन,शीनम, संगीता फरहीन, रितु ,रेखा, अनीता कृष्णा, शाहिरा, सिमरन व बाईजीया लाड महावर, पूजा शर्मा सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



# गुलाबी ठण्ड ने दी दस्तक, दिन व रात के तापमान में आई गिरावट

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** क्षेत्र में गुलाबी ठण्ड ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। सुबह के समय लोगों को हल्की ठण्ड का अहसास होने लगा है। शाम होते ही तापमान में गिरावट होने से सुबह, शाम एवं रात के समय में गुलाबी सर्दी का एहसास होने लगा है। रात के समय में एसी व कूलर बंद होने के साथ ही पंखों की भी रफ्तार धीमी हो रही है। मौसम परिवर्तन होने से दिन में गर्मी एवं रात में ठंड का एहसास होने लगा है। दिन के तापमान के साथ ही रात के तापमान में भी गिरावट आ गई। जिससे सर्दी, जुखाम व बुखार जैसी गम्भीर बीमारियां बढ रही है। बाजारों में दुकानों पर ऊनी कपडे दिखने के साथ रजाई व गद्दों की दुकानों पर भी लोगों की चहल पहल दिखने लगी है। लोगों को रात्रि में ऊनी वस्त्रों के साथ-साथ कम्बल एवं रजाई का भी प्रयोग करना पड रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में भी सुबह व शाम के समय में ठण्ड का अहसास होने लगा है। जिसके चलते बाजारो में शाम के समय जल्दी ही सन्नाटा होने लगा है। बाजारों में स्थित दुकानों पर गरम कपडों की खरीददारी होने लगी है। वहीं रेडिमेड कपडों के विक्रेता भी ग्राहकों को लुभाने के लिए आधुनिक ड्रेसों को सजाए हुए है।

शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने को सभापति ने व्यापारियों के साथ की बैठक

# सवाई माधोपुर का होगा इन्दौर जैसा कायाकल्प, बाजारों में आएगी नवीनता

राकेश शर्मा

**सवाईमाधोपुर (बढ़ता राजस्थान)।** इंदौर की सब्जी मंडी, जिसकी तर्ज पर शहर की सब्जी मंडी को व्यवस्थित करने की योजना है। शहर को क्लीन एवं ग्रीन बनाने के लिए नगर परिषद अब शहर के प्रमुख बाजार सहित सब्जी मंडी को व्यवस्थित करेगी। इसे लेकर सोमवार को सभापति ने बजरिया के व्यापारियों के साथ बैठक की। शहर की पार्किंग को सुव्यवस्थित बनाने सहित डोर-टू-डोर कचरा एकत्रित करने सहित स्वच्छ-सुंदर बनाने की कार्ययोजना बनाई। शहर के बजरिया स्थित बाजार को एकरूप बनाने को लेकर सभापति ने कुछ बिंदू निर्धारित किए। इस दौरान पांच बिन्दुओं पर सहमति बनी और यह निर्णय पारित भी किया गया। इस दौरान बजरिया क्षेत्र के प्रमुख व्यापारी शामिल हुए। इन्होंने सभी निर्णयों पर अपनी सहमति जताई। इस दौरान राजेश गोयल, नीलकमल जैन, भगवान गुप्ता, विजय छुगानी, जितेंद्र दासानी, अजय, रोहित आदि मौजूद थे।

## एक लाइन में बैठेंगे विक्रेता

शहर की सब्जी मंडी क्षेत्र को सुंदर बनाने पर भी चर्चा हुई। इस दौरान सब्जी मंडी क्षेत्र में एकरूप दिखने वाले मचान, जहां सब्जी विक्रेता बैठक सब्जी बेच सके अथवा एक लाइन में सब्जी मंडी के ठेला चालकों एवं दुकानदारों को व्यवस्थित करने पर चर्चा हुई, ताकि यहां भीड़भाड़ नजर नहीं आए। इस दौरान सभापति ने अधिकारियों एवं सफाई निरीक्षकों के साथ मंडी का भी दौरा किया।

## ये किए निर्णय

प्रमुख बाजार को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए बाजार में डस्टबिन रखवाए जाएंगे। नगर परिषद समय-समय पर एक डस्टबिन से डोर-टू-डोर कचरा एकत्रित करवाएगी। इसके लिए एक निर्धारित शुल्क लिया जाएगा। बाजार में सभी दुकानों में एकरूपता दिखे, इसके लिए सभी दुकानदार अपनी दुकानों के आगे 15 इंच के साइन बोर्ड लगवाएंगे, जो एक जैसे साइज और कलर के होंगे। सभी दुकानदार अपनी दुकानों के आगे छाया के लिए सिर्फ छह फीट की चद्दर लगा सकेंगे। इसकी साइज निर्धारित साइज से ज्यादा नहीं होगी। सभी दुकानदार पार्किंग के लिए अपनी दुकानों के फुटपाथ बनाएंगे। इसकी चौड़ाई चार फीट से ज्यादा नहीं होगी। उस पर दुकानदारों की ओर से अपने सामने पार्किंग या चिकर टाइल्स एक जैसी लगाई जाएंगी एवं दुकानों के बीच में लगभग तीन फीट का हिस्सा खुला रखा जाएगा। और पार्किंग की समस्या से निपटने के लिए नगर परिषद के अधिकारी और व्यापारी मिलकर ऐसी जगहों का निर्धारण करेंगे, जहां बाजार में खरीदारी के लिए आ रहे लोगों के वाहन खड़े हो सकें।



सवाईमाधोपुर. नगरपरिषद में व्यापारियों के साथ चर्चा करते सभापति।

## इनका कहना है

शहर को क्लीन एवं ग्रीन बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं! इसके लिए व्यापारियों के साथ बैठक भी हुई है। शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग मांगा है। शहर के स्वच्छ एवं सुंदर बनने से यहां पर्यटकों की नजर में शहर की एक अच्छी छवि बनेगी।

**सुनील तिलकर, सभापति, सवाईमाधोपुर**

# राजकीय संप्रेषण एवं किशोर गृह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( नि.स. )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव समीक्षा गौतम ने मंगलवार को राजकीय संप्रेषण एवं किशोर गृह सवाई माधोपुर का मासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कुल 10 बाल अपचारी पाए गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने उपस्थित बाल अपचारियों से उन्हें प्रदान की जाने वाली मूलभूत सुविधाओं भोजन, पेयजल, शिक्षा, चिकित्सा सुविधाओं आदि के संबंध में जानकारी ली। बाल अपचारियों द्वारा उन्हें प्रदान की जा रही सुविधाए संतोषजनक होना बताया गया। बाल अपचारियों द्वारा उन्हें प्रदान की जा रही सुविधाओं के संबंध में कोई शिकायत नहीं पाई गई। शिक्षा के जरिए बाल अपचारी संप्रेषण गृह से बाहर आने के बाद समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। बाल अपचारियों को संप्रेषण एवं किशोर गृह में नियमित रूप से कम्प्यूटर क्लासेज चलाकर कम्प्यूटर संबंधी ज्ञान उपलब्ध करवाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं अरविंद कुमार प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड द्वारा उपस्थित बालकों को विधि से संघर्षरत बालकों के लिए विधि व्यवस्था, उन्हें प्राप्त कानूनी अधिकार, विधि से संघर्षरत बालकों को विधिक सलाह एवं सहायता स्कीम 2015, नालसा (बालकों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं एवं उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015) के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही सचिव समीक्षा गौतम द्वारा परिसर में स्थित शिशु गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शिशु गृह में कुल 6 शिशु पाए गए। इस अवसर कर राजकीय संप्रेषण एवं किशोर गृह के अधीक्षक विमलेश कुमार शर्मा, काउंसलर गिर्राज शर्मा, न्यायमित्र चिरंजीलाल बैरवा एवं गोविंद प्रसाद शर्मा आदि उपस्थित रहे।



# मोबाईल पर फोन आने पर किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत जानकारी नहीं देवें : मृत्युन्जय मिश्रा

## सीएलजी, शान्ति समिति सदस्यों व व्यापार मण्डल की थाने में हुई बैठक

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** निवाई पुलिस थाने में पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेन्द्रसिंह भाटी के निर्देशानुसार डीवाईएसपी मृत्युन्जय मिश्रा व थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने मंगलवार को सीएलजी सदस्यों, शान्ति समिति सदस्यों व व्यापार मण्डल की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आमजन को सर्दियों में बढती चोरियों को मध्येनजर रखते हुए सतर्क रहने व संदिग्ध व्यक्तियों के दिखाई देने पर थाने में सूचना देने का आह्वान किया। व्यापार मण्डल के व्यापारियों को अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा हेतु निजी गार्ड रखने एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर कार्यरत कर्मचारियों का सत्यापन करवाने की हिदायत दी। उन्होंने व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठानों पर उच्च गुणवता के सीसी टीवी कैमरे लगवाने व कस्बा निवाई में स्थित प्रतिष्ठानों के बाहर रोड पर सामान नही रखने एंव यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने का आग्रह किया। आमजन को सभी प्रकार के घटित अपराधों व विशेष रूप से साईबर क्राईम के सम्बन्ध में जानकारी दी। लोगों को साईबर काईम के सम्बन्ध में जागरूक करने तथा किसी भी अजनबी का अपने मोबाईल पर फोन आने पर किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत जानकारी नहीं देने सहित एटीएम के पिन नम्बर, ओटीपी नम्बर, एटीएम कार्ड को चैन्ज करने की जानकारी नहीं बताने व किसी भी प्रकार के प्रलोभन व झांसे में नहीं आने की जानकारी दी। साथ ही सभी सीएलजी सदस्यों को किसी भी प्रकार की घटित घटना व पुलिस द्वारा सम्पर्क करने का आग्रह किया। इस अवसर पर ताराचन्द बोहरा, केदार खंडेलवाल, शिवप्रकाश पारीक, मुकेश बोहरा, बुद्धराम जाट, बाबूलाल शर्मा, रमेशचन्द व रामचरण विजय सहित कई सदस्य मौजूद थे। इसी प्रकार सदर पुलिस थाने में थानाधिकारी जयमल सिंह की अध्यक्षता में सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। जिसमें बाजार में गश्त और यातायात व्यवस्था में सहयोग करने व अन्य मुद्दों पर चर्चा की। थानाधिकारी ने बताया कि बैठक में बढती चोरियों को मध्येनजर रखते हुए सतर्क रहने व संदिग्ध व्यक्तियों के दिखाई देने पर थाने में सूचना देने का आह्वान किया। व्यापारियों को अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा हेतु सीसी टीवी कैमरे लगवाने का आग्रह किया।



# बीसलपुर बांध की दायीं व बायीं नहरों से सिंचाई के लिये आज छोड़ा जायेगा पानी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** बीसलपुर बांध की नहरों में सिचांई के लिये पानी छोड़ने को लेकर मंगलवार को जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में कलेक्टेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बीसलपुर बांध परियोजना के अधीक्षण अभियंता वी.एस. सागर, अधिशाषी अभियंता मनीष बंसल, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पुलिस उपाधीक्षक राजेश कुमार समेत बड़ी संख्या में कृषक मौजूद रहे। बैठक में जिला कलेक्टर ने किसानों की मांग पर बांध की मुख्य दायीं व बायीं नहरों से बुधवार को प्रात: 9 बजे सिंचाई के लिये नहरों में पानी छोड़ने के लिये बीसलपुर बांध परियोजना के अधीक्षण अभियंता वी.एस. सागर को निर्देश दिये। जिला कलेक्टर ने बीसलपुर बांध के अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिये कि मुख्य नहरों एवं वितरिका तंत्र के माध्यम से पानी टेल तक नियत समय पर पहुंचने की सुनिश्चितता की जायें। उन्होंने कहा कि नहरों के संचालन के दौरान अवैध रूप से नहरों में इंजन लगाकर, पानी चोरी करने वाले काश्तकारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाये। बीसलपुर बांध के अधीक्षण अभियंता वी.एस. सागर ने बताया कि इस वर्ष अच्छी बारिश होने से बीसलपुर बांध पूर्ण रूप से भरा हुआ है। मंगलवार, 19 नवंबर तक बीसलपुर बांध का गेज 315.45 मीटर एवं भराव 38.351 टीएमसी है। जिसके अनुसार 8.00 टीएमसी जल बांध की दायीं एवं बायीं नहरों द्वारा 105 दिवस तक फसलों में सिंचाई के लिए दिया जाना प्रस्तावित है।



# सामान इधर-उधर बिखरा मिला

## सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना

राकेश शर्मा



**सवाई माधोपुर( बढ़ता राजस्थान )।** जिला मुख्यालय पर आए दिन चोरी की वारदातें बढ़ रही है। ताजा मामला सोमवार को हाउसिंग बोर्ड हनुमान नगर चौराहे स्थित एक सूने मकान का है। यहां सूने मकान को चोरों ने निशाना बना लिया। कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे हाऊसिंग बोर्ड हनुमान नगर चौराहे निवासी सत्यनारायण नाम के व्यक्ति का फोन आया था। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे और मकान का मौका मुआयना किया। इस दौरान अलमारी खुली मिली और सामान भी इधर-उधर बिखरा मिला।

**एक महीने से बाहर थे मकान मालिक :** पुलिस के अनुसार मकान मालिक करीब एक महीने से बाहर था। सोमवार को वह मकान में पहुंचा तो मकान का ताला टूटा मिला और सामान भी इधर-उधर बिखरा था। हालांकि मकान में कितनी चोरी हुई है और क्या सामान पार हुआ है इसकी जानकारी नहीं मिली है। पुलिस चोरी के मामले की जांच में जुटी है।

# अलवर के ईटाराणा कैंट में 9 माह का भ्रूण मिला:टायलेट में पड़ा था, पुलिस ने मॉर्च्युरी में रखवाया; जांच में जुटी

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ।** अलवर शहर के एमआई थाना क्षेत्र स्थित ईटाराणा परिसर के टॉयलेट में 9 माह का भ्रूण मिला। पुलिस भ्रूण को जिला अस्पताल के मॉर्चुरी में लेकर आई। उसके बाद भ्रूण की जगह व आसपास की जांच शुरू की है। एमआई थाना एसआई हरेंद्र सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 10 बजे सूचना मिली कि ईटाराणा कैंट में भ्रूण पड़ा है। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो भ्रूण को टॉयलेट से जिला अस्पताल के मॉर्चुरी लेकर आए। अब मौका स्थल से जांच शुरू कर दी है। भ्रूण को जिला अस्तपाल की मॉर्चुरी में रखवाया है। भ्रूण करीब 9 माह का है।

# अलवर में तीसरे दिन भी स्मॉग व हल्का कोहरा, पहुंच चुका 295 तक, सुबह 7 बजे 225, थोड़ा प्रदूषण कम हुआ

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ।** उत्तर भारत के पर्वतीय इलाकों बर्फबारी और दिल्ली एनसीआर के प्रदूषण का असर अलवर में तेजी से बढ़ा है। दो दिन से दिन में भी ठंडी हवा है। वहीं अलवर में एक्यूआई मंगलवार सुबह भी 225 से अधिक दर्ज किया गया। कई जगहों पर एयर क्वालिटी और भी अधिक खराब है। जिसके कारण एलर्जी के मरीज व श्वांस के मरीजों को सबसे अधिक परेशानी है। मौसम विभाग ने 23 नवंबर तक जिले में हल्का कोहरा छाया रहने की संभावना व्यक्त की है। जिसका असर दिख रहा है। दो दिन से हल्का कोहरा है। लेकिन बराबर स्मॉग है। प्रदूषण के कारण आंखों में जलन है। ठंडी हवा चलने के कारण सुबह-शाम ठिठुरन हो गई है। एक दिन पहले सोमवार दोपहर 2.30 बजे अधिकतम तापमान 24.1 डिग्री दर्ज किया गया। इसके बाद तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो गया। अलवर के एक दिन पहले एक्यूआई 295 तक पहुंच गया था। हालांकि मंगलवार सुबह यह 225 तक आया है। लेकिन जिले में चारों तरफ कोहरेनुमा चादर है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार अलवर में सोमवार सुबह 5 बजे से वायु प्रदूषण बढ़ना शुरू हो गया था। सुबह 6 से शाम 6 बजे के दौरान एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) 206 से 295 रहा। इस अवधि में पीएम 2.5 का स्तर 189 से 313 और पीएम 10 का स्तर 121 से 196 रहा। रविवार शाम 4 से सोमवार शाम 4 बजे शहर का औसत एक्यूआई 293 रहा था। अब मंगलवार सुबह एक्यूआई 225 दर्ज किया गया।

# बहरोड़ में ट्रांसफार्मर की कमी, कांग्रेस ने ज्ञापन देकर समाधान की मांग की

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ ( नि.स. ) ।** बहरोड़ में बिजली के ट्रांसफार्मर की कमी से हो रही समस्याओं को लेकर बहरोड़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने डिस्कॉम के एक्सईएन केएम शर्मा को ज्ञापन सौंपा। पीसीसी सचिव संजय यादव के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विकास यादव और कार्यकर्ताओं ने मिलकर ज्ञापन दिया। जिसमें बताया गया कि ट्रांसफार्मर की कमी के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। कई गांव अंधेरे में रहते हैं। इससे न केवल छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, बल्कि रबी की फसलों की सिंचाई भी नहीं हो पा रही। ट्रांसफार्मर समय पर नहीं मिलने से पिछले सीजन की बाजरे की फसलों में भी नुकसान हुआ है। जिससे किसान को आर्थिक, शारीरिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने डिस्कॉम के अधिकारियों से जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर की आपूर्ति सुनिश्चित करने और बिजली आपूर्ति की समस्याओं को हल करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय पर समाधान नहीं हुआ, तो जन आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों ने भी इस समस्या पर चिंता जताते हुए बताया कि ट्रांसफार्मर की कमी से उनकी दैनिक जीवनचर्या पर बुरा असर पड़ रहा है। बिजली की समस्या के कारण बच्चे अर्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उनकी शिक्षा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह समस्या सिर्फ बिजली तक सीमित नहीं है, बल्कि यह किसानों और छात्रों के भविष्य को भी प्रभावित कर रही है। उन्होंने मांग की कि सरकार इस मुद्दे को प्राथमिकता पर हल करे। ज्ञापन देने के दौरान योगेश यादव, नरेंद्र कुमार, राजवीर सिंह, गजराज यादव, रामवीर, कपिल कुमार, मंजीत यादव, लालराम शुक्ल, पंकज शर्मा, योगेश यादव, लोकेश कुमार, अवधेश यादव, राजू यादव, हरपाल सिंह, सतपाल यादव, विजयपाल अहीर, मुकेश कुमार, उमेश सिंह, अंकित शर्मा सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# राज ऋषि महाविद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई की जयंती मनाई गई

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अलवर द्वारा राज ऋषि महाविद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई की जयंती नारी शक्ति दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में संगोष्ठी एवं काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति पर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि कर किया। कार्यक्रम की मुख्यवक्ता पायल सैनी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कराटे व रानी लक्ष्मीबाई मार्शल आर्टस एकेडमी की संस्थापक रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य गोपीचंद पालीवाल ने की। विशिष्ट अतिथि एबीवीपी द्वि जिला संगठन मंत्री अलवर, कोटपुतली पवन गुर्जर रहे। पायल सैनी ने बताया कि विद्यार्थी परिषद ने रानी लक्ष्मीबाई जयंती को नारी शक्ति दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। क्योंकि कि भारतीय वसुंधरा को गौरवान्वित करने वाली झांसी की रानी वास्तविक अर्थ में आदर्श वीरांगना थीं। उनके जीवन से सभी छात्राओं को निड़र एवं साहसी बनाने की प्रेरणा लेनी चाहिए। उसके बाद काव्य प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर आने वाली छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# शक्ति दिवस का आयोजन जारी



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** कोटपूतली में बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर के नेतृत्व में प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस का आयोजन किया जा रहा है। बीसीएमओ डॉ. गुर्जर ने बताया कि अनिमिया मुक्त भारत की संकल्प यात्रा को साकार करने हेतु प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उप स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 06 माह से 19 वर्ष तक के बच्चों, व्यस्क, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं की अनिमिया की जांच कर उपचार एवं उनका फॉलोअप किया जा रहा है।

# बदलते मौसम में भी श्रीराम सुपर 1-एसआर -14 और 5-एसआर -05 गेहूं बीज से मिल रहे किसानों को सबसे बेहतर परिणाम

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** राजस्थान में गेहूं की खेती में श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स द्वारा विकसित श्रीराम सुपर 1-एसआर -14 और श्रीराम सुपर 5-एसआर -05 % गेहूं बीजों ने उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है। इन उन्नत किस्मों ने किसानों के बीच उच्च उपज, रोग प्रतिरोधकता और विभिन्न जलवायु परिस्थितियों में अनुकूलता के लिए ख्याति प्राप्त की है। श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स के विश्वविख्यात गेहूं वैज्ञानिकों द्वारा तैयार की गई गेहूं की किस्में, श्रीराम सुपर 1-एसआर -14 और 5-एसआर -05, इनकी अनुकूलन क्षमता और बेहतरीन उत्पादकता के चलते किसानों में बहुत लोकप्रिय हैं। इनका दाना बड़ा, कठोर और चमकदार है, साथ ही इनकी गेहूं से बनी चपाती बहुत अच्छी गुणवत्ता की होती है। और सबसे खास बात यह है कि बदलती प्रकृति से उभर रही नई-नई चुनौतियों में भी इन किस्मों के परिणाम श्रेष्ठ हैं। अपनी इन्हीं विशेषताओं के चलते ये दोनों किस्में भारत के विभिन्न क्षेत्रों के किसानों की पहली पसंद बन गई हैं। भीलवाड़ा के ऐसे ही एक अनुभवी किसान मनीष सुखवाल ने पिछले साल अपने खेत में श्रीराम सुपर 1-एसआर -14 गेहूं बीज की बुवाई की थी। उनका कहना है कि इसमें मज़बूत तना, गहरी जड़ें, लंबी बालियाँ और 70-75 दाने प्रति बाली होते हैं। इसमें उन्हें फसल गिरने की कोई शिकायत देखने नहीं मिली। अन्य किस्म से 4-5 क्विंटल प्रति एकड़ अधिक उपज और अतिरिक्त मुनाफा मिलने की वजह से वे अन्य किसानों को भी श्रीराम सुपर 1-एसआर -14 लगाने की सलाह देते हैं। साथ ही, श्रीराम द्वारा बाजार में उपलब्ध कराई जा रही किस्म श्रीराम सुपर 5-एसआर -05 से भी किसान बहुत खुश हैं और उत्तम परिणाम प्राप्त कर रहे हैं।

अलवर के किसान देवी सहाय सैनी को श्रीराम सुपर 5-एसआर -05 में लंबी और मोटी बालियाँ, चमकदार सुनहरे और अधिक दाने मिले और किसी भी प्रकार की बीमारियों की समस्या नहीं आई। 14-15 मज़बूत कल्लों के कारण इसमें गिरने की भी शिकायत नहीं हुई और यह अधिक तापमान में भी अच्छा प्रदर्शन करता है। अगले साल वे अपने पूरे खेत में श्रीराम सुपर 5-एसआर -05 बीज ही लगाने का विचार कर रहे हैं। श्रीराम सुपर 5-एसआर -05 और 1-एसआर -14 गेहूं बीज के साथ-साथ, श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स के अन्य उत्पाद जैसे श्रीराम सुपर 111 और श्रीराम सुपर 3-एसआर - 72 भी पिछले कुछ सालों से अपनी शानदार परफॉर्मेंस के चलते किसानों में बेहद लोकप्रिय हो गए हैं।

श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स 134 वर्ष पुरानी डीसीएम श्रीराम लिमिटेड का एक हिस्सा है। यह एक अग्रणी बिजनेस ग्रुप है, जिसका टर्नओवर ?11431 करोड़ है। श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स कृषि इनपुट्स जैसे बीज, विशेष पोषण, और फसल संरक्षण के कारोबार में सक्रिय है, जिससे भारतीय कृषि को मजबूत और किसानों की आय को बढ़ाने में सहायता मिल रही है।

## सांस अभियान का आयोजन जारी


# 5 वर्ष तक के बच्चों की निमोनिया के लक्षणों की पहचान की जायेगी

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** खण्ड कोटपूतली में बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर के नेतृत्व में विगत 12 नवम्बर से सांस अभियान का आयोजन किया जा रहा है जो आगामी 28 फरवरी तक जारी रहेगा। बीसीएमओ डॉ. गुर्जर ने जानकारी देते हुये बताया कि अभियान के अन्तर्गत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों में निमोनिया एवं उससे होने वाली जटिलता, बच्चों में होने वाली मृत्यु का एक मुख्य कारण है बच्चों में निमोनिया से Protection, Prevention and Treatment रणनीति पर कार्य करते हुये सांस अभियान का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान के द्वारा 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों की निमोनिया के लक्षणों की पहचान की जायेगी (खांसी/बलगम, तेज सांस की गति/तीव्र श्वसन दर, पसलियां चलना व सांस लेने में परेशानी आदि लक्षणों के आधार पर पहचान की जायेगी। आशा सम्भावित निमोनिया के बच्चों की लक्षणों के आधार पर पहचान कर सिरप एमोक्सिसिलीन की प्री-रेफरल खुराक (मात्र एक खुराक देकर) का उपयोग कर तुरन्त चिकित्सा संस्थान पर रैफर किया जावेगा। रैफरल के पश्चात् फॉलोअप किया जावेगा। अभियान को सफल बनाने हेतु सभी चिकित्सा संस्थाओं, एचडबल्यूसी, उप स्वास्थ्य केन्द्र एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों में निमोनिया के उपचार संबंधित प्रोटोकॉल, आईईसी सामग्री का विमोचन एवं समस्त स्वास्थ्यकर्मी का आमुखीकरण किया जा रहा है। बच्चों का जेएसएसके एवं चिरंजीवी योजना के अंतर्गत निन्शुल्क ईलाज, जांच एवं परिवहन (एक वर्ष तक के बच्चों के लिए) उपलब्ध करवाया जावेगा। निमोनिया से ग्रसित बच्चों हेतु बेड आरक्षित एवं आवश्यक दवाओं की उपलब्धता एवं प्रोटोकॉल के अनुसार उपचार किया जावेगा। निमोनिया के ईलाज हेतु ऑक्सीजन एवं आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के आदेश दिये गये है।

# डॉ नेहा जादौन का केन्द्रीय चिकित्सा सेवा में हुआ चयन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** हसन खा मेवात नगर निवासी डॉ नेहा जादौन का संघ लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित केंद्रीय चिकित्सा सेवा में मेडिकल ऑफिसर के पद पर चयन हुआ है। उनके पिता सूबे सिंह जादौन अध्यापक एवं माता मुकेश देवी गृहणी है। नेहा ने ऑल इंडिया द्वितीय कैटेगिरी में 59 वी रैंक हासिल की ओर अपनी सफ्लता का श्रेय माता पिता की प्रेरणा एवं कठिन परिश्रम को दिया। डॉ नेहा जादौन की सफ्लता पर क्षत्रिय कार्मिक संगठन की ओर से डॉ पवन सिंह शेखावत, भूप सिंह नरूका, युवराज सिंह तंवर, नरेंद्र सिंह जादौन ने हार्दिक बधाई दी एवं नेहा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# छात्राओं को सैल्फ डिफेन्स का दिया प्रशिक्षण

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में मंगलवार को महिला प्रकोष्ठ के अन्तर्गत छात्राओं को सैल्फ डिफेन्स का प्रशिक्षण दिया गया। स्थानीय थाने में पदस्थापित कांस्टेबल सरोज एवं नरेश ने कॉलेज प्रांगण में स्वयं की सुरक्षा हेतु डेमो दिया। तत्पश्चात् छात्राओं से स्वयं की सुरक्षा हेतु भी अभ्यास करवाया। सरोज ने थाने में प्राप्त शिकायतों का उदाहरण देते हुए छात्राओं को साहसी बनने के लिए प्रेरित किया। नरेश ने शारीरिक छेड़छाड़ के प्रति जीरो टोलरेन्स अपनाने के लिए एवं तुरन्त फुर्ती से प्रतिउतर देने हेतु विभिन्न प्रकार के तरीकों को समझाया। प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने छात्राओं को समाज में आगे आने हेतु प्रेरित किया एवं छेड़छाड़ की सामाजिक कुरीतियों से निपटने के लिये स्वयं को तैयार करने पर जोर दिया। महिला प्रकोष्ठ संयोजिका डॉ. शोभा जौहरी ने छात्राओं को प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु तैयार किया एवं भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण में भाग लेने का आग्रह किया। समिति सदस्य डॉ. पदमा मीणा, डॉ. बबीता, डॉ. शिवांगी भट्ट, ज्योति पाठक, कोमल शर्मा, निशा, कीर्ति बुनकर ने सहयोग प्रदान किया।

# सभी पात्र व्यक्तियों को मिले राजकीय योजनाओं का लाभः हरित

## संयुक्त सहायता अनुदान एवं विशेष योग्यजन यू.डी.आई.डी. (चिन्हीकरण) ब्लॉक स्तरीय शिविर बानसूर में आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** पंचायत समिति बानसूर में संयुक्त सहायता अनुदान एवं विशेष योग्यजन यू.डी.आई.डी. (चिन्हीकरण) ब्लॉक स्तरीय शिविर पंचायत समिति परिसर में आयोजित किया गया। शिविर में उपखण्ड अधिकारी अनुराग हरित ने उपस्थित सभी को विशेष योग्यजनो के लिए एवं शिविर में किए जाने वाले कार्यों और योजनाओं से अवगत कराया। हरित ने बताया कि मानवता के नाते हम सभी का कर्तव्य है और बनता भी है कि हम अपने आसपास किसी पात्र व्यक्ति को सरकार की योजना का लाभ दिलाएं। जिससे सभी पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। समाज न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रमेश दहमीवाल ने बताया कि शिविर में यूडीआईडी एवं दिव्यांग चिन्हीकरण के कुल 45 व्यक्तियों का उपकरणों के लिए पंजीकरण किया गया। बीस विशेष योग्यजन प्रमाण पत्र जारी किए गए। दहमीवाल ने बताया कि मंगलवार के विशेष योग्यजन शिविर में कुल 70 लाभार्थियों ने विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाया। उन्होंने बताया की पंजीकरण के बाद चयनित लोगों को मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार 15 दिसम्बर को जिला मुख्यालयों पर आयोजित किए होने वाले शिविर में विशेष योग्यजनों को कृत्रिम अंग व उपकरण वितरित किए जाने हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से सामाजिक सुरक्षा अधिकारी संसार सागर ने विभाग कि दिव्यांग जनों से संबंधित तथा अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तार से एवं सरल भाषा में जानकारी दी। शिविर में चिकित्सा विभाग से डॉ गोकुल गिठाला, डॉ दीपक टटवाल, डॉ नवीन यादव, छात्रावास अधीक्षक अमर चन्द बलाई, नवीन शर्मा,कनिष्ठ सहायक मुकेश चौधरी, समाजसेवी रामनिवास यादव सहित दिव्यांग लाभार्थियों एवं उनके परिजनों ने भाग लिया।

# 68 वीं राष्ट्रीय स्तरीय 19 वर्ष छात्र-छात्राएं बास्केटबॉल टीम का सलेक्श्न शिविर का डॉ. दीपिका अरोड़ा के नेतृत्व में हुआ समापन

बढ़ता राजस्थान




**अलवर ( का.स. )।** 68वीं राष्ट्रीय स्तरीय 19 वर्ष छात्र-छात्राएं बास्केटबॉल पूर्व परीक्षण शिविर राजकुमार सैनी प्रधानाचार्य महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय साहडोली रामगढ़ के निर्देशन में श्री ओसवाल जैन विद्यालय अलवर में 12 नवंबर से 18 नवंबर तक आयोजित किया गया प्रधानाचार्य सोनी ने बताया कि निर्देशक विनोद शर्मा ओसवाल जैन विद्यालय में ओम प्रकाश शर्मा प्रधानाचार्य अग्रवाल स्कूल के द्वारा छात्र-छात्राओं को स्वच्छ आवास एवं फ्लैड़ लाइट युक्त खेल मैदान उपलब्ध कराया । श्री सोनी ने बताया कि राष्ट्रीय कोच डॉ.दीपिका अरोड़ा ने लगातार दूसरी बार अलवर की धरती पर इतिहास रचते हुए नवीन तकनीक का प्रयोग कर छात्रों के खेल कौशल को नया आयाम दिया। श्री सोनी राष्ट्रीय कोच डॉ दीपिका अरोड़ा के साथ चंद्रवीर सिंह राजस्थान टीम मैनेजर,रेखा शर्मा,प्रवीण यादव ने पूर्ण सहयोग दिया उल्लेखनीय की गत वर्ष यह टीम इसी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में डॉक्टर दीपिका के नेतृत्व में पूरे भारतवर्ष में चतुर्थ स्थान पर रही।

# रानी लक्ष्मीबाई की जयंती के अवसर पर नर्सिंग कॉलेज जिला अस्पताल में आयोजित हुआ कार्यक्रम



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** झाँसी रानी लक्ष्मीबाई की जयंती के उपलक्ष्य में रानी लक्ष्मीबाई मार्शल आर्ट्स एकेडमी द्वारा मंगलवार को राजकीय कॉलेज ऑफ नर्सिंग अलवर मे महिलाओं व बालिकाओं को सक्षम एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से आत्मरक्षा हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आरम्भ किया गया। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन अतिरिक्त जिला कलक्टर बीना महावर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया एंव अपने उदबोधन में महिलाओं के जीवन में मार्शल आर्टस के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण शिविर एकेडमी के संस्थापन पायल सैनी एंव उनके सहयोगियों द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन राजकीय कॉलेज ऑफ नर्सिंग अलवर द्वारा किया गया। डॉण् सुनील चौहान ने बताया कि वर्तमान समय में बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा हेतु सशक्त होने की आवश्यकता है।

प्रधानाचार्य संदीप अवस्थी ने जानकारी दी कि उक्त प्रशिक्षण नियमित रूप से कॉलेज परिसर में ही दिनांक 19.11.24 से 21.11.24 तक संचालित रहेगा। एकेडमी की ओर से तीन दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम में एएनएम, जीएनएम, बीएससी नर्सिंग छात्राएं, महिला नर्सिंग स्टाफओर महिला चिकित्सक ने प्रशिक्षण लिया।

कार्यक्रम में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील चौहान, मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेंद्र शर्मा, प्रिंसिपल नर्सिंग कॉलेज अलवर संदीप अवस्थी,, नर्सिंग कॉलेज तिजारा प्रिंसीपल राजपाल सिंह यादव सहित महिला व सामान्य चिकित्सालय नर्सिंग अधीक्षक व चिकित्साकर्मी उपस्थित रहे ।

## एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने कृषि विभाग व बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों की ली बैठक

# बकाया फसल बीमा क्लेम के निस्तारण की कार्यवाही शीघ्र की जावें : एडीएम

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** जिले में किसानों द्वारा पूर्व के वर्षों में कराये गये फसल बीमा के पेटे बकाया बीमा क्लेमस के निस्तारण हेतु एडीएम ओमप्रकाश सहारण की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि विभाग व बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें संयुक्त निदेशक (कृषि) महेंद्र कुमार जैन ने अवगत करवाया गया कि जिले में गत वर्षों के काफी संख्या में किसानों को बकाया बीमा राशि का भुगतान दस्तावेजों की कमी के कारण नहीं हो सका। बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों के द्वारा बकाया बीमा क्लेमस के बारे में जानकारी दी गई। एडीएम ने बीमा कंपनी को बकाया बीमा क्लेम से संबंधित किसानों के आवश्यक दस्तावेजो की सूचना अतिशीघ्र कृषि विभाग को दिए जाने के निर्देश दिये। उनके द्वारा जिले के ऐसे कृषकों को जिनके बीमा क्लेमस बकाया है उनकी अतिशीघ्र पूर्ति कराते हुये माह नवम्बर में ही बकाया क्लेमस का भुगतान दिये जाने हेतु कहा गया। बैठक में बीमा कंपनी एसबीआई जनरल, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस एवं एआईसी कंपनी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

जेईई-मेन-2025 अपडेट

## 26 व 27 नवम्बर को हो सकेगा आवेदन की गलतियों में सुधार

### 22 नवम्बर से आवेदन की अंतिम तिथि

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई–मेन की आवेदन प्रक्रिया जारी है। जैसे–जैसे अंतिम तिथि निकट आ रही है विद्यार्थियों की संख्या बढ़ रही है। करीब 10 लाख विद्यार्थी अब तक आवेदन कर चुके हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 22 नवम्बर है। कई विद्यार्थी आवेदन में हुई त्रुटियों को लेकर परेशान थे। ऐसे विद्यार्थियों की परेशानियों को देखते हुए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने करेक्शन विंडो को लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। एलन के एजुकेशन एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि एनटीए द्वारा स्टूडेंट्स की मांग पर जेईई मेन आवेदन में हुई गलतियों में सुधार के लिए करेक्शन का अवसर दिया गया है। विद्यार्थी 26 से 27 नवम्बर के मध्य आवेदन में हुई गलतियों में सुधार कर सकते हैं। 27 नवम्बर को रात 11.50 बजे तक अवसर रहेगा। विद्यार्थी मोबाइल नम्बर, ईमेल आईडी, वर्तमान और स्थाई पता, इमरजेंसी कॉन्टेक्ट डिटेल्स और फोटोग्राफ में करेक्शन नहीं कर सकेंगे। इसके अलावा अपने नाम, पिता के नाम, माता का नाम, कक्षा 10, 12, पेन कार्ड की डिटेल्स, एग्जामिनेशन सिटी, परीक्षा का माध्यम, जन्म दिनांक, जेंडर, कैटैगिरी, सब कैटेगिरी, हस्ताक्षर और प्रश्नपत्र के विषय में बदलाव कर सकते हैं। करेक्शन करने का मौका एक बार दिया जाएगा, यदि करेक्शन करके फ्रीज कर दिया जाता है तो उसमें समय रहने के बावजूद दुबारा करेक्शन नहीं किए जा सकेंगे।

## जिला अध्यक्ष,आर एम एसएस एस सी मोर्चा ने जलदाय मंत्री को लिखा पत्र

### चौमहला ग्राम पंचायत के बाशिंदों को निशुल्क पेयजल उपलब्ध करवाने का किया अनुरोध

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( नि.स. )।** झालावाड़ जिले की ग्राम पंचायत चौमहला ग्रामीण क्षेत्र में आती है बावजूद इसके जलदाय विभाग इसको शहरी क्षेत्र मानकर पेयजल आपूर्ति कर बिल वसूल रहा है।जबकि राज्य सरकार ने ग्रामीण पंचायतो के क्षेत्र में पेयजलापूर्ति निशुल्क की हुई है। जिसके अंतरगत डग जो कि पंचायत समिति मुख्यालय है वँहा और गंगधार कस्बे में भी जो तहसील मुख्यालय है यहाँ भी निशुल्क पेयजलापूर्ति की जा रही है।फिर चौमहला में जलदाय विभाग उपभोक्ताओं से नल के बिल क्यो वसूल रहा है। बिल नही जमा करने पर नल कनेक्शन काट रहा है सूत्रों के अनुसार विभाग का कहना है यह शहरी क्षेत्र के अंतर्गत आता है इसलिए बिल जारी किए जा रहे।चौमहला के नागरिको की इस ज्वल्लत को लेकर आर एम एस एस एससी मोर्चा झालावाड़ अध्यक्ष सीताराम वर्मा ने जल संसाधन मंत्री जयपुर सुरेश सिंह रावत को पत्र लिख कर मांग की है आप उपरोक्त समस्या को प्राथमिकता देकर जलदाय विभाग को चौमहला ग्राम पंचायत क्षेत्र को ग्रामीण क्षेत्र में करने का आदेश देकर नागरिको की समस्या का समाधान करने का अनुरोध किया है। जिससे नागरिको को नल के बिल से मुक्ति मिल सके।

## आल इंडिया कोटा काउंसलिंग के स्पेशल स्ट्रे वैकेंसी राउंड के दिशानिर्देश जारी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) ने मंगलवार दोपहर आल इंडिया कोटा काउंसलिंग के स्पेशल स्ट्रे वैकेंसी राउंड के लिए नियम जारी कर दिए गए। इसमें पात्र और अपात्र कैंडिडेट को भी परिभाषित किया गया है। कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट पारिजात मिश्रा ने बताया कि मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) ने नीट यूजी–2024 की रैंक्स के जरिए एमबीबीएस, बीडीएस तथा बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रमों में अभी तक रिक्त रही सीट्स पर प्रवेश के लिए स्पेशल स्ट्रे वैकेंसी राउंड की घोषणा की है। नोटिस में यह भी परिभाषित किया गया है कि इस काउंसलिंग में पार्टिसिपेट करने के लिए कौन से कैंडिडेट इस काउंसलिंग के लिए पात्रता रखते है और कौन से कैंडिडेट इस काउंसलिंग के लिए पात्रता नहीं रखते हैं। पारिजात मिश्रा ने बताया कि स्पेशल स्ट्रे वैकेंसी राउंड के दिशा–निर्देशों में बताया कि इसमें कोई भी कैंडिडेट नया रजिस्ट्रेशन नहीं करवा पाएगा यानी कि ऐसे कैंडिडेट जिन्होंने अभी तक एमसीसी आल इंडिया कोटा काउंसलिंग के पूर्व में संपन्न हुए। किसी भी राउंड काउंसलिंग में रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है, वे अब इस स्पेशल स्ट्रे वैकेंसी राउंड में शामिल नहीं हो पाएंगे। केवल ऐसे कैंडिडेट्स जिन्होंने एमसीसी आल इंडिया कोटा काउंसलिंग के पूर्व मे संपन्न हुए प्रथम द्वितीय तृतीय तथा स्ट्रे वैकेंसी राउंड में रजिस्ट्रेशन किया था, वे ही कैंडिडेट इस स्पेशल स्ट्रे वैकेंसी राउंड काउंसलिंग के लिए पात्रता रखते है। मेडिकल काउंसलिंग कमेटी देर रात तक एमबीबीएस, बीडीएस तथा बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रमों की उपलब्ध वेकेंट सीटों की संख्या भी जारी कर देगी तथा जिन भी कैंडिडेट्स को सीट अलॉट होती है,। उनको अपने अलॉटेड कॉलेज में फिजिकल रिपोर्ट और जॉइनिंग पूर्व में जारी समय सीमा के अंदर करनी होगी।

## सीटू की पहल पर 25 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर कर्मचारियों के सम्मान समारोह में परिवारों को भी किया गया सम्मिलित

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा( नि.स. )।** सीटू ने अपनी चुनावी शपथ पत्र में यह वादा किया था कि 25 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर विभाग द्वारा संयंत्र स्थल पर समारोह आयोजित कर कर्मचारी का सम्मान करते हुए उन्हें स्मृति चिह्न दिया जाता है ,उस सम्मान समारोह में कर्मचारी की पत्नी/ पति को भी सम्मिलित किया जाए।क्योंकि कर्मचारी द्वारा विभाग को दी गई सेवाओं में परिवार का बहुत बड़ा योगदान होता है। इसी मांग को उठाते हुए 5 अक्टूबर को सीटू ने प्रबंधन को पत्र भी दिया था और वार्ता कर उक्त सम्मान समारोह में परिवार को भी सम्मिलित किए जाने की आवश्यकता बताई थी। सीटू यूनियन प्रबंधन को धन्यवाद ज्ञापित करती है कि उनकी इस मांग को प्रबंधन ने स्वीकार किया और आज दिनांक 19 नवंबर को कर्मचारी के 25 वर्ष की सेवा कल पूर्ण करने पर दिए जाने वाले विभागीय सम्मान समारोह में कर्मचारियों के परिवारों को भी सम्मिलित किया गया । मंगलवार को राजस्थान परमाणु बिजली घर की इकाई 3 में 4 के कुल 106 कर्मचारियों के परिवार इस सम्मान समारोह में सम्मिलित हुए इसी क्रम में आगे इकाई 1 एवं 2, ईकाई 5 और 6 तथा 7 और 8 के कर्मचारियों के लिए होने वाले समझ में उनके परिवारों को भी सम्मिलित किया जाएगा ।सम्मिलित हुए परिवारों में इस बात पर बेहद खुशी और उत्साह बताया कि ऐसे सम्मान समारोह में उन्हें भी शामिल होने का मौका मिला सभी कर्मचारियों अधिकारियों ने सीटू के इस प्रयास और सोच की सराहना की ।

# महिला आयोग की बेंच ने की कोटा जनसुनवाई

बढ़ता राजस्थान



**कोटा( का.स. )।** राज्य महिला आयोग की बेंच ने मंगलवार को कोटा सर्किट हाउस में जनसुनवाई की। आयोग अध्यक्ष रेहाना रियाज की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई में 22 परिवादियों ने शिकायतें आयोग के समक्ष रखी जिनकी सुनवाई करते हुए आयोग अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को न्यायोचित कार्यवाही करने के संबंध में दिशा–निर्देश दिए। जनसुनवाई में आयोग के सदस्य सचिव वीरेन्द्र सिंह यादव, सदस्यगण अंजना मेघवाल, सुमित्रा जैन एवं एवं सदस्य (न्यायिक), रजिस्ट्रार व ओएसडी बृज माधुरी शर्मा उपस्थित रहे। एडीएम प्रशासन मुकेश चौधरी, उपखंड अधिकारी गजेन्द्र सिंह, महिला अधिकारिता उपनिदेशक मनोज कुमार मीणा सहित पुलिस अधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे। जनसुनवाई में कोटा एवं बारां जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से महिला परिवादियों ने उपस्थित होकर समस्याएं रखी एवं आवश्यक कार्यवाही का अनुरोध किया। आयोग अध्यक्ष ने सभी शिकायतों की सुनवाई करते हुए सदस्यगणों की राय लेते हुए उपस्थित संबंधित पक्षों से संवाद कर न्यायोचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। जनसुनवाई में अधिकांश प्रकरण घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, मकान, जायदाद में हिस्सेदारी, रेवेन्यू से संबंधित आए। घरेलू हिंसा और पारिवारिक विवाद के ज्यादातर प्रकरणों में पुलिस के माध्यम से काउंसलिंग की सलाह दी गई। बिना तलाक के दूसरा विवाह करने के मामले में एफआईआर दर्ज करने एवं आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। पति की मृत्यु के बाद परिवारजनों द्वारा प्रताड़ित किए जाने की शिकायत पर शिकायतकर्ता के प्रकरण को गहनता से अध्ययन करने और सभी पक्षों को देखते हुए आवश्यक कार्यवाही करने की बात कही। पति पर हमला करने और मामला दर्ज कराने की शिकायत पर आयोग अध्यक्ष ने सलाह दी कि यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो जांच अधिकारी बदलवाते हुए निष्पक्ष जांच कराई जा सकती है।

### कोचिंग विद्यार्थियों के हितों के खातिर सतर्कता जरूरी

राज्य महिला आयोग अध्यक्ष रेहाना रियाज ने कहा कि कोटा शिक्षा नगरी और कोचिंग सिटी के रूप में देशभर में प्रसिद्ध है ऐसे में यहां रह रहे विद्यार्थियों के हितों और उनकी सुरक्षा के मध्यनजर विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में नशे की प्रवृत्ति, डिप्रेशन एवं अन्य अनुचित गतिविधियां हावी ना हो, इसके लिए प्रशासन एवं पुलिस के स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग एवं औचक निरीक्षण जैसी कार्यवाही आवश्यक है। उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधीन छात्रावासों, नारी निकेतन इत्यादि भी महिला सुरक्षा के मध्यनजर नियमित निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आयोग के मुख्यालय में हर पीड़िता नहीं पहुंच सकती इसलिए विभिन्न जिलों में जाकर आयोग की बेंच जनसुनवाई करती है। मीडिया द्वारा उजागर किए गए महिला मुद्दों पर भी संज्ञान लिया जाता है।

## राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का प्रतिनिधि मंडल 20 सूत्री मांगों को लेकर आयुक्त संस्कृत शिक्षा से मिला

बढ़ता राजस्थान



**कोटा( का.स. )।** शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला अध्यक्ष नवल शर्मा ने बताया कि मंगलवार को राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के प्रतिनिधि मंडल ने संस्कृत शिक्षा में शिक्षकों की विभिन्न मांगों के निराकरण को लेकर आयुक्त संस्कृत शिक्षा जयपुर से वार्ता की। प्रतिनिधि मंडल में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा,प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा, प्रदेश सभाध्यक्ष संपत सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष संस्कृत उदयपुर संभाग अभय सिंह राठौड़, पवन जाखड़,मनोज कुमार शर्मा उपस्थित रहे। प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने बताया कि आयुक्त संस्कृत शिक्षा से वार्ता में कई बिंदुओं पर सहमति हुई जिनमें नामांकन एवं विषय के आधार पर पदों का पुन: निर्धारण करने तथा जिन वरिष्ठ उपाध्याय, प्रवेशिका विद्यालयी में संस्कृत गणित विज्ञान, अंग्रेजी आदि के पद सृजित नहीं है एवं जिन विद्यालयों में पद अधिशेष है उन्हें प्रत्याहारित कर आवंटित करने, विभाग में वरिष्ठ उप–निरीक्षक एवं उप–निरीक्षक के पदनाम को अतिरिक्त संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी एवं सहायक संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी करने, संभाग स्तरीय खेलकूद प्रकोष्ठ का गठन कर वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक को संभाग कार्यालय में पदस्थापन किया जाए, निदेशालय द्वारा बार–बार एसीआर, संतान संबंधी घोषणा पत्र मांगना बंद करने, संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी और सहायक निदेशक दोनों ही प्रधानाचार्य से पदोन्नति के पद है परन्तु पदोन्नति पश्चात ग्रेड पे 6600 ही रहती है इसे 7600 किया जावें ताकि पदोन्नति बाद आर्थिक लाभ से कार्मिक वंचित ना हो,स्स्ढ्वश्रञ्ज का सुदृढीकरण करने हेतु विभिन्न विषयों की वाकपीठ कार्यगोष्ठी आयोजित करने, स्स्ढ्वश्रञ्ज में स्मार्ट कक्षा–कक्ष की व्यवस्था कर समय–समय पर छात्रों / शिक्षकों को विभिन्न कार्य योजनाओ से जोड़ने सहित विभिन्न मांगों पर सहमति जताई। प्रदेश अध्यक्ष पुष्करणा ने बताया कि वार्ता के परिणाम स्वरूप कई मांगों के प्रस्ताव बनाकर भिजवाने पर निर्णय हुआ। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए संस्कृत शिक्षा विभाग में लंबे समय बाद संगठन के प्रयासों से विभाग की सक्रियता पर प्रसन्नता जताई।

## अ.भा. मेड़तवाल (वैश्य) समाज का युवक-युवति परिचय सम्मेलन पचोर में

### मालवा क्षेत्र में 21 व 22 दिसंबर को होने वाले दो दिवसीय परिचय सम्मेलन को लेकर युवक-युवतियों में जबर्दस्त उत्साह

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** मेड़तवाल वैश्य समाज पचोर के तत्वावधान में विवाह योग्य युवक–युवति परिचय सम्मेलन 21 व 22 दिसंबर को पचोर में आयोजित किया जाएगा। समाज के कार्यकारी अध्यक्ष मोहनदास करोडिया ब्यावरा एवं राष्ट्रीय महामंत्री विष्णु प्रसाद करोडिया मंडावर ने बताया कि इस विशाल परिचय सम्मेलन में समाज में गांव–कस्बों में व्यापार कर रहे युवाओं सहित देश–विदेश में जॉब कर रहे अविवाहित युवक–युवति अपने मनपंसद जीवनसाथी का चयन कर सकेंगे। मेडतवाल समाज पचोर के संरक्षक डॉ एस.एन.गुप्ता, लक्ष्मीचंद गांधी, बद्रीलाल करोडिया, अध्यक्ष सत्यनारायण गुप्ता एवं महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष बसंत पंचमी से पूर्व मालवा क्षेत्र में होने वाले दो दिवसीय परिचय सम्मेलन की अंतिम तैयारियों में पंजीयन, पूछताछ, भोजन, आवास, मंच, टेंट, पार्किंग, पेयजल सहित विभिन्न समितियां गठित की गई हैं। सम्मेलन में भाग लेने के लिये गांवों से शहरों तक अविवाहित युवक–युवतियों में बहुत उत्साह है। केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं परिणय दर्पण स्मारिका के संयोजक मोहन प्रसाद गुप्ता एवं पचोर नगर पालिका अध्यक्ष विकास करोडिया ने बताया कि अब तक समाज की विभिन्न पंचायतों से एक हजार से अधिक युवक–युवतियों की प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी हैं।

## बुधवार को 8 घंटे जलापूर्ति रहेगी बंद

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** शहरी जल योजना कोटा के 130 एम.एल.डी. जल शोधन संयंत्र, सकतपुरा के ब्रेकरों, पैनलों एवं विद्युत उपकरणों के वार्षिक रख–रखाव कार्य के कारण 20 नवम्बर (बुधवार) को प्रात: 10 से सायं 6 बजे तक जल शोधन संयंत्र द्वारा जलापूर्ति बन्द रहेगी। शटडाउन के कारण नदी पार सम्पूर्ण सकतपुरा, नान्ता, बालिता, सम्पूर्ण कुन्हाडी, बडगांव जोन, बून्दी रोड क्षेत्र, शम्भूपुरा जोन, नयाखेड़ा, नयापुरा, सिविल लाइन्स, लाडपुरा, खाईरोड, खण्ड गांवडी, दोस्तपुरा, आर्मी क्षेत्र, खेडली फाटक, मालारोड, जनकपुरी, गुरूद्वारा रोड, भीमगंजमण्डी, डडवाडा, सम्पूर्ण स्टेशन क्षेत्र, कैलाशपुरी जोन, भदाना जोन, काला तालाब जोन, सोगरिया जोन, आकाशवाणी कॉलोनी, सरस्वती कॉलोनी, पुलिस लाईन रोड की समस्त कॉलोनियां, आर.के. नगर, शिव नगर, बोरखेडा जोन, बारां रोड, नया नोहरा जोन, चन्द्रेसल जोन, रोटेदा, रायपुरा जोन, क्षेत्र में बुधवार को जलापूर्ति नहीं हो सकेगी। इन क्षेत्रों में सांयकालीन जलापूर्ति भी कम जल दबाव से होगी। गुरूवार 21 नवम्बर से जलापूर्ति पहले की तरह ही सामान्य रहेगी। उक्त क्षेत्रों के समस्त पेयजल उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे बुधवार को प्रात: काल की सप्लाई के समय ही आवश्यक मात्रा में पेयजल संग्रहण किया जाना सुनिश्चित कर लें।

# केशोरायपाटन में नगर पालिका द्वारा बनाई गई सड़क निर्माण की दो दिन में खुली पोल

सुनिल मेघवाल





**केशोरायपाटन( बढ़ता राजस्थान )।** केशोरायपाटन नगर पालिका द्वारा कार्तिक पूर्णिमा मेले के दौरान मुख्य मार्ग की मरम्मत और सड़क निर्माण कार्य किया गया था। यह सड़क 8 दिन पहले बनाई गई थी, लेकिन दो दिन के भीतर ही सड़क की हालत खराब हो गई और उसमें से गिट्टी निकलने लगी। स्थानीय निवासियों और पार्षद तुषार शर्मा ने इस निर्माण कार्य को लेकर ठेकेदार और नगर पालिका पर मिलीभगत का आरोप लगाया है, साथ ही यह भी कहा कि इसमें 4 लाख रुपए का सरकारी धन बर्बाद हुआ है। पार्षद तुषार शर्मा ने कहा कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है, जिसके कारण यह समस्या उत्पन्न हुई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि नगर पालिका और ठेकेदार की मिलीभगत से यह पूरी प्रक्रिया हुई। उनका कहना था कि सड़क की मरम्मत में सरकार की ओर से जारी किए गए 4 लाख रुपए का दुरुपयोग हुआ है, और यह राशि वेस्ट हो गई है। नगर पालिका ने ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने का संकेत दिया है और ठेकेदार का बिल रोका जाएगा। हालांकि, इस मामले पर नगर पालिका अध्यक्ष और अधिषाशी अधिकारी ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है और इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं। स्थानीय लोग और पार्षद इस बात को लेकर आक्रोशित हैं कि जिस सड़क की मरम्मत को लेकर सरकार ने धन आवंटित किया, वह दो दिन में ही टूटकर खराब हो गई। यह पूरे मामले पर सवाल उठाता है कि क्या निर्माण कार्य में आवश्यक गुणवत्ता और सामग्री का ध्यान रखा गया था। पार्षद तुषार शर्मा ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यदि ठेकेदार और पालिका पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो यह स्थानीय लोगों के लिए एक बड़ा मुद्दा बन सकता है।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मनाया नारी शक्ति दिवस

बढ़ता राजस्थान



**अंता (शफीक मंसूरी)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अंता इकाई द्वारा वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई जी की जयंती को नारी शक्ति दिवस के रूप में मनाया गया। नगर मंत्री अंशुल नागर ने बताया कि वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई व लोक माता अहिल्यादेवी होलकर जी के जन्म त्रिशताब्दी वर्ष पर महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक कन्या विद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रानी लक्ष्मीबाई के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। वही स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत सह संयोजक राजेश गौतम मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।मुख्य वक्ता ने महिला सशक्तिकरण का उदाहरण देते हुए रानी लक्ष्मीबाई लोकमाता अहिल्या देवी होलकर जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। अहिल्याबाई होलकर को साहस, शक्ति ,धर्म का प्रतीक बताते हुए कहा कि देवी अहिल्या बाई राजमाता भी थी, परंतु उनका परिचय लोकमाता पुण्यश्लोक है, क्योकि उनके जीवन मे पुण्य कर्मों के अतिरिक्त कुछ भी नही है। प्रधानाचार्य मनसा मीणा ने कहा झांसी की रानी लक्ष्मीबाई वास्तविक अर्थ में आदर्श वीरांगना थीं। वे कभी आपत्तियों से नहीं घबराई, कभी कोई प्रलोभन उन्हें अपने कर्तव्य पालन से विमुख नहीं कर सका अपने पवित्र उद्देश्य की प्राप्ति के लिए वह सदैव आत्मविश्वास से भरी रहीं। वही विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक प्रवीण शर्मा द्वारा संगठनात्मक जानकारी दी गई और छात्राओं को विद्यार्थी परिषद से जुड़कर राष्ट्र पुनर्निर्माण में अपना योगदान देने की बात की। कार्यक्रम के अंत मे नगर सह मंत्री अहाना गोस्वामी ने सभी का आभार व्यक्त किया। वही दूसरी ओर नगर सह मंत्री अहाना गोस्वामी के नेतृत्व में कॉलेज इकाई द्वारा राजकीय महाविद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता करवाई गई। इस दौरान पूर्व नगर मंत्री शुभम सैनी, सयोंजक बुद्धि प्रकाश सुमन सहित अन्य मौजूद रहे।

## दो दिवसीय पिकनिक का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा( नि.स. )।** रावतभाटा सेंट पॉल सेकंडरी स्कूल में कक्षा, 4 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए पिकनिक का आयोजन किया गया।

जिसमे कक्षा 4 व 5 के विद्यार्थियों को सोमवार को तथा 6 से 8 के विद्यार्थियों को मंगलवार को सिटी पार्क कोटा का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर प्राचार्य फादर डेंटी जोसफ ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियों से विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम व पर्यावरण के प्रति जागरूकता के साथ आपस में भाईचारा,व सामंजस्य की भावना का विकास होता हैं। सभी छात्र छात्राओं ने कक्षाअध्यापिकाओं के साथ अनुशाशित रहते हुए बहुत ही खुशी व उल्लास के साथ पिकनिक का आनंद उठाया।



## लोकार्पण के सात दिन बाद भी नहीं लगा शिलापट्ट

सुनिल मेघवाल

**केशोरायपाटन (बढ़ता राजस्थान)।** विधान सभा की ग्राम पंचायत चितावा में ओम कृष्ण जी बिरला लोक सभा अध्यक्ष के निजी सहायक प्रथम द्वारा जनसंपर्क किया जिसमें 7 नवम्बर 2024 को विद्यालय के विकास कार्य का लोकार्पण होने के बाद भी अभी तक शिलापट्ट नहीं लगा मिला। विगत दिनों लोकसभा अध्यक्ष के द्वारा 80 विविध कार्यों का लोकार्पण किया गया था। शिलापट्ट नहीं मिलने पर उनके सरकारी निजी सहायक प्रथम ने अधिकारियों से नाराजगी जताई । केशोरायपाटन पाटन से तालेड़ा वाया चितावा सड़क निर्माण कार्य में देरी होने तथा धूल उड़ने से लोगों में समस्या हो रही है। ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया गया जिसके लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी से वार्ता करने पर कार्य शीघ्र शुरू करने का आश्वासन दिया गया।

पंचायत के ग्राम रंगपुरिया में लोगों ने फ्लोराइड युक्त पीने के पानी की समस्या से अवगत कराया व पीने के पानी के पूरे गांव में नियमित सप्लाई नियमित नहीं होने व कुछ मोहल्लों में में पाइपलाइन से पानी नहीं पहुंच पाने की समस्या का समाधान करवाने पर जोर दिया।

# जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण कार्यकारी परिषद् एवं जलजीवन मिशन की समीक्षा बैठक सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजनान्तर्गत जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण कार्यकारी परिषद् एवं जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक जिला परिषद् सभागार में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के समस्त बिन्दुओं, ओडीएफ प्लस ब्लॉकवार प्रगति, तरल कचरा प्रबंधन, ठोस कचरा प्रबंधन, शौचालय निर्माण एवं भुगतान की स्थिति, आंगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय निर्माण की स्थिति सहित मैकेनाइज्ड ठोस कचरा प्रबंधन प्लान्ट लगाए जाने हेतु चर्चा की गई एवं संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के निर्देश दिए गए। उन्होंने सामुदायिक के निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए शौचालय निर्माण में द्रुत गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में। सामुदायिक शौचालय निर्माण में द्रुत गति लाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कचरा संग्रहण केंद्रों को समुचित ढंग से क्रियाशील रखे जाने हेतु कहा।

इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए एन सोमनाथ ने कचरे से बायोगैस बनाए जाने की गोवरधन परियोजना की समीक्षा करते हुए उक्त परियोजना में प्रगति लाने के निर्देश स्वच्छ भारत मिशन के जिला परियोजना समन्वयक को दिए।

**जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक :** साथ ही उन्होंने उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए एफएचटीसी के लक्ष्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर घर जल कनेक्शन के तहत ठेकेदारों द्वारा क्षतिग्रस्त सड़कों की गुणवत्तापूर्ण मरम्मत करने के पश्चात ही भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित करें। पीएचईडी एवं संबंधित विभाग समन्वय कर सड़कों की मरम्मत का कार्य कराए। स्वास्थ्य, शिक्षा एवं महिला बाल विकास से आए अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित ब्लाक वाइज भवनों में जल कनेक्शनों की सूची से मिलान कर पीएचईडी से समन्वय कर जल्द से जल्द लम्बित कनेक्शन पूर्ण करायें व आवश्यक मॉनिटरिंग किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि ठेकेदारों को समय पर जल कनेक्शन का कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण कर हैंडओवर करने हेतु पाबंद करें। जिला कलेक्टर ने जेजेएम के तहत प्रस्तावित, स्वीकृत योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, एफएचटीसी की प्रगति, नल जल मित्रों की प्रगति, चंबल परियोजना में सम्मिलित ग्रामों की कार्ययोजना की वर्तमान स्थिति पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। बैठक में अधीक्षण अभियन्ता व सदस्य सचिव मुकेश गर्ग ने पूर्व में की गई बैठक में दिए गये निर्देशों की अनुपालना रिपोर्ट पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की एवं जिले की प्रगति का बिंदुवार प्रस्तुतीकरण किया। बैठक में अधीक्षण अभियंता पीएचईडी मुकेश गर्ग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जयंती लाल मीणा, डीडी आईसीडीएस भूपेश गर्ग, सहायक निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग देवेंद्र जांगल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।




## कंचनपुर पुलिस ने इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार

### मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली लूट के मामले में चल रहा था फरार

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी( नि.स. )।** बाड़ी उपखंड की कंचनपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर लूट मामले में फरार चल रहे 10 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए बदमाश से अब कंचनपुर एसएचओ शैतान सिंह और पुलिस टीम पूछताछ कर रही है। कंचनपुर थाना अधिकारी शैतान सिंह ने बताया कि 7 नवंबर को दिन में गांव गढ़ी खर्राना के पास मिट्टी से भरी ट्रैक्टर- ट्राली लेकर जा रहे भरतपुर के गढ़ी बाजना थाना क्षेत्र के परोआ गांव निवासी पीड़ित राकेश पुत्र अतर सिंह को जीप में सवार होकर आए बदमाश लाखन और उसके पुत्र रवि कुमार एवं देवेंद्र ने हथियारों के बल पर रोक लिया और उसकी मारपीट करते हुए सड़क पर पटक दिया और ट्रैक्टर-ट्राली को छीन कर ले गए। घटना के बाद पीड़ित द्वारा कंचनपुर थाने में रिपोर्ट दी गई। इस पर पुलिस ने फिर 402/24 दर्ज करते हुए धारा 309 (4) बीएनएस में मामला दर्ज किया और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। सोमवार शाम पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि आरोपियों में से एक रवि कुमार गांव सूखे का पूरा के पास देखा गया है। इस पर थाने के एएसआई बल्केश्वर दत्त, राजवीर सिंह और कांस्टेबल पूरणमल, सोनवीर, विश्वेन्द्र, राजेश, उमेश एवं रामनिवास की टीम बनाकर मौके पर रवाना की। टीम ने सूखे का पुरा गांव से आरोपियों में से एक रवि कुमार पुत्र रामलखन गुर्जर को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। घटना को लेकर एसपी धौलपुर द्वारा आरोपी रवि कुमार पर दस हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। आरोपी से पुलिस टीम पूछताछ कर रही है, अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का कांग्रेसियों ने मनाया जन्मदिन

### कांग्रेस की मजबूती पर हर कांग्रेसी महिला से सहयोग की अपील,संगठन में शक्ति जरूरी





बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** देश की पूर्व प्रधानमंत्री एवं आयरन लेडी स्वर्गीय इंदिरा गांधी का मंगलवार को कांग्रेस कार्यालय सब्जी मंडी में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा जन्मदिन मनाया गया। ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामेंद्र मीणा ने की वही विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस सेवादल की महिला जिला अध्यक्ष शबनम खान,जिला महासचिव रोशनी शिवहरे एवं पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष शबाना खान मौजूद रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस सेवादल की महिला जिला अध्यक्ष शबनम खान ने कहा कि स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने देश के लिए ना केवल विकास कार्य किया,बल्कि अपना जीवन ही न्योछावर कर दिया। देश हो या विदेश वे किसी से नहीं डरती थी। उनका उद्देश्य देश सेवा रहा। इसी के चलते विदेश में उन्हें आयरन लेडी आफ इंडिया के नाम से जाना जाता था। आज कांग्रेस को मजबूत करने की जरूरत है।जिसके लिए हर कांग्रेसी महिला को उनके बताए मार्ग पर चलना होगा। तभी कांग्रेस एक बार फिर से मजबूत होगी और देश की सेवा में काम कर सकेगी। कार्यक्रम में मौजूद पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष निजामुद्दीन खान एवं प्रदेश सेवादल के पदाधिकारी अनिल गर्ग ने स्वर्ग इंदिरा गांधी को याद करते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों की सभी सदस्यों से चर्चा की। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस पार्षद राजकुमार भारद्वाज,हरि पहाड़िया,युवा कांग्रेस के अध्यक्ष बसेड़ी अजय मीणा ने भी स्वर्गीय इंदिरा गांधी को याद करते हुए अपना उद्बोधन दिया। इस दौरान युवा अध्यक्ष महादेव मीणा,पंचायत समिति सदस्य केशव मीणा,पार्षद मंगल सिंह कुशवाहा,छुट्टन रिजवी पूर्व पार्षद बच्चू सिंह यादव,अनिल अरेला, योगेश अग्रवाल, अंसार खान,गजेंद्र सिंह गुर्जर,युवा कांग्रेस मंडल अध्यक्ष पप्पू सोलंकी,मनीष मंगल,ध्रुव शुक्ल,गजेंद्र गोस्वामी, वैजयंती जाटव,रफीक खान,नईम खान,राजू शर्मा, ऋषि कपरेला,राजकुमार कंसाना,नरेश मीणा,महेंद्र सर सहित दर्जनों कांग्रेसी मौजूद रहें।

## दिव्यांग सहायता पंजीयन के लिए शहर के पंचायत समिति में लगा शिविर

- चार घंटे में 75 नवीन पंजीयनों के साथ सहायता को लेकर 40 आवेदन जमा
- मोके पर मेडिकल सर्टिफिकेट के लिए भी मौजूद रही चिकित्स्कों की टीम

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी( राजू शर्मा )।** शहर के पंचायत समिति परिसर में मंगलवार को दिव्यांगों के पंजीयन एवं दिव्यांगों के ट्राई साइकिल,व्हीलचेयर,बैसाखी एवं हियरिंग मशीन प्रदान करने के लिए रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी देवेंद्र सिंह जांगल की मौजूदगी में लगे शिविर में बाड़ी तहसीलदार उत्तमचंद बंसल के साथ ब्लॉक समाज कल्याण अधिकारी मनीराम शर्मा,पंचायत समिति विकास अधिकारी रामबोल सिंह और धौलपुर एवं बाड़ी से आई चिकित्सकों की टीम मौजूद रही। इस दौरान करीब 4 घंटे में जहां 73 नए दिव्यांगों द्वारा रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन किया गया। वहीं 33 दिव्यांगों ने विभिन्न उपकरणों के लिए अप्लाई किया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी देवेंद्र सिंह जांगल ने बताया की दिव्यांगों के रजिस्ट्रेशन को लेकर पूरे जिले में उपखंड वाइज शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आज बाड़ी के पंचायत समिति परिसर में शिविर लगाया गया। जिसमें 33 दिव्यांगों ने व्हीलचेयर,बैसाखी, ट्राई साइकिल और हियरिंग मशीन के लिए आवेदन किया है। वही 73 नए आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिन्होंने पहले पूर्व में कहीं रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है। ऐसे में सभी रजिस्ट्रेशन जल्दी से जल्दी हो जाए और किस दिव्यांगों को किस उपकरण की जरूरत है। इसकी लिस्ट बनाकर तैयार की जा रही है।बुधवार को जिला मुख्यालय पर लगेगा शिविर जिला समाज कल्याण अधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि कल बुधवार को धौलपुर जिला मुख्यालय पर शिविर का आयोजन होगा। पंचायत समिति परिसर में यह शिविर लगेगा। इस शिविर में जिले की किसी भी स्थान का वंचित दिव्यांग रजिस्ट्रेशन के लिए भाग ले सकता है।

**भजन सरकार की एक वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम में सभी होंगे लाभान्वित :** जिला समाज कल्याण अधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि 15 दिसंबर को राजस्थान सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर यह सभी दिव्यांग जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में लाभान्वित होंगे। इसके लिए ही ब्लॉक वाइज शिविरों का आयोजन कर अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन और सहायता आवेदन फार्म भरवाये जा रहे हैं।

**मेडिकल टीम भी रही शिविर में मौजूद :** दिव्यांग रजिस्ट्रेशन के से शिविर में मेडिकल टीम भी मौजूद रही। जो दिव्यांग अभी तक मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं बनवा सके हैं । उनको शिविर में ही धौलपुर और बाड़ी से आई मेडिकल टीम द्वारा जांच की गई। टीम में साइको लॉजिस्ट मनोचिकित्सक डॉ रूपेंद्र शर्मा,ईएनटी चिकित्सक डॉ महेश चंद गुप्ता,हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ जोगेंद्र कुमार और नेत्र विशेषज्ञ डॉ सौरभ जरिएगा मौजूद रहे।

## नगर परिषद पार्षदों ने कलेक्टर से की मुलाकात

### आयुक्त के तबादले की मांग, आंदोलन के साथ सामूहिक इस्तीफे की दी चेतावनी

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी( राजू शर्मा )।** नगर परिषद के 33 वार्डों के पार्षदों ने मंगलवार को जिला कलेक्टर से मुलाकात की। पार्षदों ने साधारण सभा की बैठक आयोजित ना कराए जाने को लेकर नाराजगी जाहिर की। इस दौरान नाराज पार्षदों ने नगर परिषद आयुक्त पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उनके तबादले की मांग की। कलेक्टर को मांग पत्र देने गए नेता प्रतिपक्ष कुक्कू शर्मा के साथ वार्ड पार्षदों ने बताया कि धौलपुर नगर परिषद में भ्रष्टाचार व्याप्त हैं। उन्होंने बताया कि नगर परिषद की साधारण सभा की बैठक दो माह में एक बार और 1 वर्ष में कम से कम छह बार बुलाई जानी चाहिए, लेकिन बीते 4 वर्ष में नगर परिषद द्वारा सिर्फ छह बार साधारण सभा की बैठक बुलाई गई हैं। नाराज पार्षदों ने बताया कि 4 नवंबर को नगर परिषद सभापति और आयुक्त को साधारण सभा की बैठक बुलाने के लिए नोटिस दिया गया था। नियत अवधि के बीत जाने के बाद भी अभी तक साधारण सभा की बैठक नहीं बुलाई गई हैं। जिसको लेकर पार्षदों में रोष व्याप्त हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि वर्तमान में धौलपुर शहर के वार्डो में जल भराव की हालात हैं। जिसको लेकर कई बार साधारण सभा की बैठक को बुलाने की कहा गया हैं। जो अभी तक नहीं हुई हैं। उन्होंने बताया कि नगर परिषद आयुक्त भ्रष्टाचार की सीमा को पार कर रहे हैं। जिसको लेकर नाराज पार्षदों ने आयुक्त के तबादले की मांग की हैं। मांग पूरा ना होने पर नाराज पार्षदों ने आंदोलन के साथ सामूहिक इस्तीफा देने की चेतावनी दी है।

## समारोह में हर्ष फायरिंग, युवक के कंधे में लगी गोली

### परिजनों ने अस्पताल में कराया भर्ती, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी( राजू शर्मा )।** लगन टीका समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग में एक युवक के कंधे में गोली लग गई। युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। युवक द्वारा दिए गए पर्चा अभियान के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी हैं। घटना धौलपुर के कंचनपुर थाना क्षेत्र के सुल्तानपुरा गांव की है। जिला अस्पताल में गोली लगने से घायल हुए युवक शिवम (18) पुत्र मोहर सिंह निवासी टीकतपूरा ने पुलिस को पर्चा बयान दिया हैं। जिसमें बताया है कि वह हाल में जालंधर पंजाब में दुकान चलाता हैं। वह अपने माता-पिता के साथ बुआ के लड़के के लगन टीका समारोह में शामिल होने के लिए सुल्तानपुरा गांव पहुंचा था। समारोह के दौरान वह दूल्हे के पास खड़ा हुआ था। इसी दौरान अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई दी। गोली उसके कंधे में लगी। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। घायल युवक द्वारा दिए गए पर्चा बयान के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया हैं। घटना को लेकर कंचनपुर थाना प्रभारी शैतान सिंह ने बताया कि हर्ष फायरिंग के दौरान युवक को गोली लगने की बात सामने आ रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर फायरिंग करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का जन-जन को मिले लाभ : जिला कलक्टर

### डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिये। बैठक में कलक्टर ने जिले में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को किराये के भवन में संचालित हो रही आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए जल्द से जल्द सरकारी भवन मुहैया करवाने अथवा भवन हेतु भूमि आवंटन के लिए निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों को राजकीय विद्यालयों में खेल मैदान विकसित करने के साथ साथ स्कूल भवन एव छात्रावास के साथ-साथ स्वास्थ्य केन्द्रों हेतु भूमि आवंटन के लिए आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को रास्ता खोलो अभियान के तहत अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभान्वित करवाने एवं खोले गए रास्तों पर ग्रेवल रोड बनाने की आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश दिये। रास्ते संबंधी जो प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है उनका अनुतोष परिवादी द्वारा संबंधित न्यायालय से ही प्राप्त किया जा सकेगा। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को समस्त अटल सेवा केन्द्रों में बिजली कनेक्शन, ई-मित्र की सुविधा एवं शौचालय सुनिश्चित करने के साथ-साथ पीएम श्री विद्यालयों के नियमित निरीक्षण के लिए निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने युवा महोत्सव के सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तैयारियां दुरुस्त रखने एवं अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर राजकीय कार्यालयों के शौचालयों का निरीक्षण कर साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों को पीएम सूर्य घर योजना से आमजन को लाभांवित करने एवं समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीद के दौरान किसानों को ग्रेडिंग के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये, ताकि अधिक से अधिक किसानों को उनकी फसल की उपज का वाजिब दाम मिल सके। बैठक में जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) श्रीमती विनीता सिंह, अतिरक्ति जिला कलक्टर (द्वितीय) श्री आशीष कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) श्रीमती कुंतल विश्नोई, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) श्रीमती सुमन पंवार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (उत्तर) श्री मुकेश कुमार मूंड सहित नगर निगम, शिक्षा विभाग, सामाजिक न्या एवं अधिकारिता विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। वहीं, समस्तर उपखण्ड अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, अधीशासी अधिकारी, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में जुड़े।



# विकास कार्यों की गतिशीलता में नगर पालिका कपासन ने नवीन सब्जी मंडी स्थल पर साफ-सफाई कर अस्थाई अतिक्रमण हटाया

## नवीन सब्जी मंडी में 4.98 लाख की लागत से 114 दुकानों का निर्माण होगा

सुनील कुमार डभाड़ीया



**कपासन ( बढ़ता राजस्थान )।** नगर पालिका प्रशासन द्वारा आगामी दिनों में नवीन सब्जी मंडी का निर्माण किया जाना है ।जिसको लेकर नगर पालिका कपासन प्रशासन मौके पर पहुंचा तथा सौहार्दपूर्ण माहौल में अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गयी। जानकारी अनुसार नगर पालिका कपासन द्वारा नगर के मुख्य मार्ग पांच बत्ती चौराहे के समीप जल्द नवीन सब्जी मंडी का निर्माण किया जाना है ।जिसकी तैयारी में नगर पालिका प्रशासन मंगलवार दोपहर पुलिस जाप्ते सहित जेसीबी व ट्रॉली ट्रैक्टर सहित सफाई कार्मिकों का लवाजमा लेकर नवीन सब्जी मंडी स्थल पर पहुंचा ।इस दौरान नगर पालिका प्रशासन द्वारा जेसीबी एवं ट्रैक्टर तथा सफाई कार्मिकों के सहयोग से नवीन सब्जी मंडी स्थल पर रखे अस्थाई अतिक्रमण को हटाया तथा साफ-सफाई कर उक्त स्थल को जेसीबी से समतल किया गया ।इस दौरान नगर पालिका स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा देवी कोदली,स्वास्थ्य जमादार मुकेश कोदली,गीता देवी, कार्यवाहक जमादार विजय कोदली,विशाल,शिवलाल माली आदि सफाई कार्मिकों सहित होलसेल सब्जी मंडी अध्यक्ष राजेश आचार्य, उपाध्यक्ष चांदमल बारेगामा, खुदरा बाजार संघ अध्यक्ष रतन सिंह रावत,मनोज आचार्य,सचिव तिलक आचार्य, धनराज माली, नंदलाल माली,राजू माली,गोपाल आचार्य आदि उपस्थित रहे। उल्लेखनीय हैं कि नवीन सब्जी मंडी विकास कार्य संबंधी विस्तृत जानकारी हेतु दैनिक बढ़ता राजस्थान द्वारा नगर पालिका कपासन के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर विस्तृत जानकारी का संकलन किया गया। इधर नगर पालिका कपासन कनिष्ठ अभियंता खेमराज सिंह गुर्जर ने बताया कि नगर पालिका कपासन द्वारा आगामी दिनों में विकास कार्यों की गतिशीलता में नवीन सब्जी मंडी का नवनिर्माण किया जाना है ।जिसकी तैयारी को लेकर निर्माण स्थल पर सौहार्दपूर्ण माहौल में साफ-सफाई के साथ अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया ।जिससे नवीन विकास कार्यों को गति प्रदान की जा सके।

### नगर की यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी, आमजन को मिलेगी राहत



नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजू देवी सोनी ने दैनिक बढ़ता राजस्थान संवाददाता को संपर्क में बताया कि केंद्र एवं प्रदेश भाजपा सरकार की अगुवाई में विकासशीलता की और अग्रसर है ।जिसमें क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर के निर्देशन में नगर के विकास कार्य भी गतिमान है। जिसके अंतर्गत नगर पालिका कपासन द्वारा नवीन सब्जी मंडी का 4.98 लाख की लागत से निर्माण किया जायेगा ।उक्त नवीन सब्जी मंडी में कुल 114 दुकानें बनेगी। जिसमे 75 दुकान सब्जी तथा 39 दुकान फ्रूट वाले के लिए बनेगी ।नगर पालिका अध्यक्ष सोनी ने कहाकि नवीन सब्जी मंडी के निर्माण उपरांत नगर की यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा आमजन को राहत मिल सकेगी।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई के सम्मान में भव्य कार्यक्रम



महेश कुमार

**रामगंज मंडी( बढ़ता राजस्थान )।** चेचट में राजकीय शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा रानी लक्ष्मीबाई के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया इस दौरान पत्रकारो का भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से रानी लक्ष्मीबाई के जीवन और उनके योगदान को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर महाविद्यालय में विद्यार्थी परिषद ने अपने संबोधन में कहा कि रानी लक्ष्मीबाई का जीवन हमें साहस और नारी शक्ति का प्रतीक है। हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उन विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए जिन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी और गर्व साफ झलक रहा था। इस कार्यक्रम ने न केवल रानी लक्ष्मीबाई के प्रति सम्मान प्रकट किया, बल्कि विद्यार्थियों में देशभक्ति और साहस की भावना को भी प्रबल किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता नगर मंत्री दीपक सुमन,नगर मीडिया संयोजक चेतन वर्मा,नगर उपाध्यक्ष लवीश बदनिया,कौशल रायका,सोनू गुर्जर,मनीष मीणा,मृदुल शर्मा,आदि कार्यकर्ताओं ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया जिससे बच्चों में कार्यक्रम के प्रति के ओर देश भक्ति के प्रति अपना प्रेम जगे।

## सशस्त्र सेना झण्डा दिवस उदारतापूर्वक दान देकर सशस्त्र बलों के प्रति करे गहरी कृतज्ञता

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** सशस्त्र सेना झण्डा दिवस (झंडा दिवस) भारतीय सशस्त्र बलों के कर्मियों के कल्याण हेतु सन् 1949 से प्रतिवर्ष 07 दिसम्बर को मनाया जाता है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि युद्ध के समय हुए जान-माल की हानि के बाद देशवासियों का कर्तव्य बनता है कि वो अपने सैन्य कर्मियों, उनके परिवार के कल्याण के कार्यों में सहयोग करें। हम सभी को हमारे शूरवीरों की कीर्ति गाथाओं पर गौरव है. जिन्होंने 1947-48, 1962, 1965. 1971 व 1999 के युद्धों व आंतरिक संघर्ष में बहादुरी से लड़ते हुए दुश्मन व आतंकवादियों के घुटने टिका दिये। उन्होंने बताया कि देशवासियों द्वारा दिया गया दान देश सेवा में अशक्त हुए सैनिकों, शहीदों एवं उनके परिवारजनों के कल्याण हेतु काम आता है।

उन्होंने इन शूरवीरों एवं शहीदों के परिवार जनों के लिए सभी सर्वविदित परम्पराओं को ध्यान में रखते हुए सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर प्रदेश में संचालित विभिन्न प्राईवेट संस्थानों, युविनर्सिटीज, स्कूलों के संचालकों एवं कॉरपोरेट क्षेत्र के सभी दानताओं एवं प्रदेश के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे उदारतापूर्वक दान देकर सशस्त्र बलों के प्रति हम सब गहरी कृतज्ञता अभिव्यक्त करे। और दान जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में उपस्थित होकर या जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के नाम से डी0डी0/ बैंक के माध्यम से एवं विभाग के क्यूआर स्कैनर के माध्यम से भी किया जा सकता है।

## ग्राम देवास में युवक ने जमीनी विवाद के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी ईह लीला की समाप्त

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिले के मसूदा थानान्तर्गत ग्राम देवास निवासी सुखपाल पुत्र ब्रह्मराम जाट ने सोमवार को जहरीला पदार्थ सेवन कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। युवक अपनी जमीने के मामले में हुई धोखा-धड़ी को लेकर बेहद परेशान था। मृतक सुखपाल जाट के परिजनों ने बताया कि दिन में उसकी होटल के एक कोने में बेहोश पड़ा मिला। मृतक ने जहरीली दवा पीने से पहले सुसाइड नोट लिखकर अपने हाथ में रखे हुए था। घटना स्थल पर पहुँचने वालों ने बताया कि मौके पर सुसाइड नोट के साथ जिस दवा का सेवन किया था उसकी शीशी भी मिली थी। ज्योंहि घटना की जानकारी देवास के सरपंच लालाराम वैष्णव को मिली तो उन्होने तत्काल बेहोशी की हालत में ब्यावर के लिए रवाना किया। बेहोश सुखपाल जाट अमृतकौर चिकित्सालय में पहुँचे तो उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।उधर घटना की सूचना मसूदा पुलिस को मिलने पर मसूदा थाना अधिकारी ने ए एस आई घनश्याम मीणा को कार्रवाई हेतु ब्यावर भेजा। ए एस आई श्री मीणा ने मौजूद सरपंच प्रतिनिधि लालाराम वैष्णव व मृतक के परिजनों से घटना की जानकारी लेकर शव को मोर्चरी में रखवाया।

मोर्चरी में उपस्थित सुखपाल जाट के परिजनों ने बताया कि इसके साथ जमीन के मामले में हुई धोखाधड़ी से जुड़े होने के कारण मृतक के परिजनों ने आरोपी के गिरफ्तार होने के बाद ही पोस्टमार्टम करवाने के लिए अड़ गये। उधर उत्पन्न स्थिति से यहाँ कार्यवाही के लिए मौजूद ए एस आई घनश्याम मीणा ने इस बारे में मसूदा थाना अधिकारी गणपत राम को दूरभाष पर स्थिति से अवगत करा दिया। मंगलवार को सुबह से ही मामले की नज़ाकत को समझते हुए मसूदा थाना अधिकारी गणपत राम ने तत्काल प्रभाव से मुस्तेदी दिखाते हुए आरोपी को डिटेन करने की कार्रवाई पूरी कर ब्यावर अमृतकौर चिकित्सालय की मोर्चरी पहुंचकर घटना की विस्तार से जानकारी लेकर सरपँच प्रतिनिधि लालाराम वैष्णव व मृतक के परिजनों से वार्ता की। मुकेश राव जमीन के पूरे पैसे दिए बिना ही जमीन से कब्जा हटवाने के लिए सुखपाल जाट को लगातार परेशान कर जान से मारने की धमकी देते रहने के कारण ही उसके काका सुखपाल जाट ने आज आत्म हत्या कर ली। इस मामले में संबंधित आरोपी को मसूदा पुलिस ने डिटेन किया है। मृतक के भतीजे प्रभु चौधरी की रिपोर्ट पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। बहरहाल मृतक का शव अमृतकौर चिकित्सालय की मोर्चरी में रखा हुआ था जिसका पोस्टमार्टम करवा कर उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

## विधायक के गांव के ही लोगों ने विधायक पर अपने प्रभाव का गलत प्रयोग कर प्रशासन द्वारा तथाकथित तौर से अतिक्रमण को तोड़ने का लगाया आरोप






बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर के निकटवर्ती ग्राम किशनपुरा के हिम्मतपुरा में तालाब की मोरी से तथाकथित अतिक्रमण हटाने एवं विधायक शंकरसिंह रावत द्वारा ब्यावर विधानसभा क्षेत्र एवं ग्राम पंचायत किशनपुरा के वर्तमान सरपंच द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटवाने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने विधायक शंकरसिंह रावत पर आरोप भी लगाया कि उन्होंने अपने प्रभाव का गलत इस्तेमाल कर तथाकथित तौर से गांव की हथाई को तोड़कर 15 फीट का एक रास्ता निकाला जा रहा है वह भी बिल्कुल गलत है। सैकड़ों ग्रामीणों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन में बताया कि गांव में अतिक्रमण के नाम से जिसे हटाया जा रहा है वहां केवल ग्रामीणों के पास छोटे-छोटे खेत हैं। जिसमें उनके हिस्से में तीन बिस्वा या पांच बिस्वा, आधा बीघा, एक बीघा ऐसी ही जमीने हैं बाकि क्षेत्र पथरिला होने के कारण वहां खेती हो नहीं सकती। लेकिन विधायक शंकर सिंह रावत ने गांव हिम्मतपुरा के घरों के पास से कालींकाकर के तालाब की मोरी निकल रही है। वह पिछले 100 वर्षों में आबादी का विस्तार हुआ है यही वजह है कि हमारे घर खेत से लगते हुए हैं। गांव के ही जुंझार सिंह रावत ने बताया कि मवेशियों को के जंगल में जाने व ग्रामीणों को भी किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो उसको मध्यनजर रखते हुए जितनी तालाब की मोरी की चौहाई है उससे किसी भी तरह का कोई छेड़छाड़ ना हो और लोगों का आना-जाना सुगमता से बना रहे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने जो विधायक श्री रावत के कहने से तोड़फोड़ की है वह न्याय संगत एवं कत्तई जनहित में नहीं मानी जा सकती है। इसी तरह किशनपुरा के सरपंच ने भी अपने मकान व परिवार के अन्य सदस्यों के मकान भी राज्य सरकार द्वारा निर्मित मवेशियों के पानी पीने के लिए 60 के दशक में बनाई गई नाड़ी की पाल पर अतिक्रमण कर बनाये गये हैं।

## ओम प्रकाश करेलिया (फाण्दा) को मेघवाल महासभा से कोटा जिला महामंत्री पद पर मनोनीत किया

महेश कुमार



**रामगंज मंडी( बढ़ता राजस्थान )।** ओम प्रकाश करेलिया (फाण्दा) को मेघवाल महासभा से कोटा जिला महामंत्री पद मनोनीत किया गया। राजस्थान प्रदेश मीडिया प्रभारी महेश कुमार मेघवाल (बुरनखेड़ी) ने जानकारी बताया कि मेघवाल महासभा के कोटा जिला अध्यक्ष अशोक मेघवाल ने सभी की सहमति से ओम प्रकाश करेलिया (फाण्दा) को नियुक्ति पत्र देखकर मेघवाल महासभा को मजबूती प्रदान करने व कार्यकरणी का विस्तार करने के निर्देश दिए कोटा जिला अध्यक्ष अशोक मेघवाल ने बताया कि मेघवाल महासभा समाज के लिए कार्य कर रही है इसीलिए समाज के लोग मेघवाल महासभा से जुड़कर समाज हित के कार्य करने में अपना योगदान दे रहे वहीं ओम प्रकाश करेलिया (फाण्दा) ने भी मेघवाल महासभा की जमकर तारीफ की और कहा कि जिस प्रकार से गहरे कुएं से पानी प्राप्त करने के लिए रस्सी और बाल्टी की जरूरत होती है उसी प्रकार से समाज के लिए कार्य करने के लिए भी संगठन की जरूरत होती है और मेघवाल महासभा बहुत अच्छा संगठन है आज मुझे भी मेघवाल महासभा से जुड़कर समाज के लिए कार्य करने का सौभाग्य मिला।

## नगर कांग्रेस कमेटी कपासन ने आयरन लेडी स्व. इंदिरा गांधी की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर विचारगोष्ठी का आयोजन किया

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** नगर कांग्रेस कमेटी कपासन द्वारा मंगलवार को भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. इंदिरा गाँधी की जन्म जयंती को स्थानीय गांधी वाटिका में विचारगोष्ठी एवं पुष्पांजली अर्पित कर मनाई गयी। नगर कांग्रेस प्रवक्ता एवं युकां जिला महासचिव विजय बारेगामा ने बताया की भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री एवं आयरन लेडी स्व. इंदिरा गांधी की 105वीं जयंती पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष कपासन शंकरलाल प्रजापत की अध्यक्षता में गांधी वाटिका मे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति एवं स्व. इंदिरा गांधी की तस्वीर पर पुष्प माला के साथ श्रद्धासुमन अर्पित किये गये ।साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित विचारगोष्ठी में महापुरुषों के पदचिन्हों पर चलकर देश एवं समाज के सेवा करने की बात कही गयी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी चित्तौड़गढ़ कोषाध्यक्ष सतीश नंदवाना,युवा कांग्रेस के दीनबंधु सोमानी,नगर पालिका पार्षद रोशन सोनी,पूर्व नपा पार्षद शिवशंकर उपाध्याय, अनिकेश सोनवाल, अशरफ हुसैन,लक्ष्मीनारायण व्यास,नगर कांग्रेस उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया,हरलाल जटिया,युवा जिला महासचिव रोहित कोदली,ओबीसी नगर अध्यक्ष सुनील तेली,पूर्व ब्लॉक प्रवक्ता मधुसूदन कुमावत,युवा नेता रवि सोनी,अमित मोदी, ऋतिक व्यास,सत्यनारायण चोटिया, लक्ष्मीलाल भांड,संदीप सोमानी, अंकित वैष्णव,अशफाक खान, असलम मंसूरी,ओम कुमावत, भेरु,शांतिलाल माली, रतन सिंह,ओम मारवाड़ा,रुस्तम शाह, कमलेश राव,शानू शेख, जमील खां पठान,मो इलियास मेवाती, गोपीलाल गुर्जर, लक्ष्मी लाल कुमावत,नगर कांग्रेस प्रवक्ता किशनलाल प्रजापत आदि कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण एवं उपस्थित रहे।

## 50 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त व परिवहन में प्रयुक्त कार ब्रेजा जब्त, चालक मौके से फरार

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर सिटी पुलिस ने डीएसटी टीम के साथ संयुक्त कार्यवाही कर 49. 210 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त जब्त कर परिवहन में प्रयुक्त वाहन ब्रेजा कार जब्त की। ब्यावर के वृत्ताधिकारी राजेश कसाना ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध कार्यवाही के दौरान जिला स्पेशल टीम की सूचना पर पुलिस थाना ब्यावर सिटी व जिला स्पेशल टीम द्वारा विजयनगर रोड़ पर संयुक्त नाकाबंदी के दौरान एक ब्रेजा कार नम्बर आर जे 20 सी के 4484 आती नजर आई जिसको रोकने की ईशारा किया। चालक ने कार को पहले धीरे की फिर तेजी से भगाकर ले गया, पीछा करने पर अज्ञात चालक ब्रेजा गाडी को आबादी क्षेत्र में ले जाते हुए आगे बन्द रास्ते में वाहन को छोडकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग निकला। टीम ने कार की तलाशी ली तो उसमें अवैध रुप डोडा पोस्त मिला जिसका वजन 49.210 किलोग्राम हुआ जिसे जब्त किया गया व परिवहन में प्रयुक्त कार ब्रेजा को जब्त कर अज्ञात वाहन चालकी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही आरम्भ कर दी।

## ब्यावर बार ने उपखण्ड अधिकारी के आचरण व कार्यशैली पर उठाया सवाल

### अधिवक्ताओं की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरु

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** बार अभिभाषक संघ ब्यावर द्वारा मंगलवार को साधारण सभा आहूत कर उपखंड अधिकारी गौरव बुडानिया के आचरण व कार्यशैली को लेकर वह विहित प्रक्रिया का पालन नहीं करने के कारण अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया गया। बार के सचिव कमल कुमार लोढ़ा ने बताया कि इससे पूर्व 11 नवंबर 2024 से ब्यावर बार ने सर्वप्रथम उन्हें शैली में परिवर्तन हेतु हड़ताल कर समय दिया गया। किंतु उपखंड अधिकारी द्वारा बार के निर्णय का सम्मान नहीं करते हुए वकीलों पर दबाव बनाने की नीयत से दिनांक 11 नवंबर 2024 के पश्चात नियत पेशी लिस्ट में तारीखे भी आज 19 नवंबर 2024 तक ना तो दी गई, ना ही पत्रावलिया बाहर ( चैम्बर) से निकाली गई। इस प्रकार की बढ़ती हठधर्मिता से आमजन को तारीखों के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। अभिभाषक संघ की साधारण सभा में अध्यक्ष चंद्र विजय सिंह, सचिव कमल कुमार लोढा की उपस्थिति में सर्व समिति से अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया गया। मीटिंग में नजीर मोहम्मद, टीकम सिंह, दिलीप गोरा, राकेश प्रजापति, भारत सांखला, नेपाल सिंह रावत, श्याम प्रताप सिंह, हनुमान, शेषकरण, राजेश बंसल, नितेश वर्मा, बालकिशन गोठवाल, संजय नाहर आदि वकील साथी उपस्थित थे। मीटिंग के पश्चात उपखंड अधिकारी कार्यालय, जिला कलेक्टर महोदय कार्यालय व न्यायालय परिसर में नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया गया।

## उपजिला चिकित्सालय कपासन पर 76 लाख से ब्लॉक हेल्थ पब्लिक यूनिट का निर्माण होगा



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर के राजमार्ग स्थित उपजिला चिकित्सालय केंद्र में चिकित्सालय भवन के अलावा 76 लाख रु. की लागत से सर्व सुविधा युक्त प्रयोगशाला ब्लॉक हेल्थ पब्लिक यूनिट का निर्माण किया जायेगा ।जिसके अंतर्गत प्रस्तावित प्रयोगशाला निर्माण स्थल का विधायक अर्जुनलाल जीनगर द्वारा विभागीय अधिकारियों के साथ मौका निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये ।यहां तीन हजार वर्ग फीट पर बनने वाली प्रयोगशाला उपजिला चिकित्सालय भवन के साथ जुड़ी रहेगी। विधायक जीनगर ने सहायक अभियंता गोपाललाल चौधरी को चयनित स्थल पर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन के अध्यक्ष एवं पूर्व नपा पार्षद नंदकिशोर टेलर,भाजपा मंडल महामंत्री एवं नपा पार्षद अशोक विजयवर्गीय,उपाध्यक्ष चेतन शर्मा,पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष मनीष बारेगामा सहित उपजिला चिकित्सालय केंद्र कपासन पर कार्यरत डॉ. नितिन कलाल एवं डॉ. जनकराज सोनी आदि उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय बूंदी महोत्सव की श्रृंखला में विदेशी सैलानियों की मान मनुहार व कैनवास पेंटिंग वर्कशॉप का आयोजन हुआ

बढ़ता राजस्थान





**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** तीन दिवसीय बूंदी महोत्सव के श्रृंखला में मंगलवार को दूसरे दिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं । जिसमें बूंदी में विशेष रूप से मान मनुहर कार्यक्रम और स्वागत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लोक कलाकारों के साथ विदेशी मेहमान उन्होंने खूब ठुमके लगाए ,और जमकर आनंदित हुए ।

**मान मनोहर में मीठी मनुहार से अभिभूत हुए पावणे :** बूंदी महोत्सव के दूसरे दिन भी विविध मनोहारी कार्यक्रमों का दौर जारी रहा। सुखमहल में सुरम्य प्राकृतिक छटा के बीच देशी विदेशी पावणों की देशी व्यंजनों से मनुहार की गई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुदर्शन सिंह तोमर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने मेहमानों की खातिरदारी करते हुए उन्हें हाड़ौती के पसंदीदा व्यंजन कत्त बाफले से सत्कार किया। कार्यक्रम में विदेशी पवनों के स्वागत कार्यक्रम में पावणों को साफे बांधे गए, तिलक किया,पर्यटकों को रोली अक्षत का टीका किया ,और रक्षा सूत्रा बांधे। विदेशी महिलाओं को चूड़िया पहनाई गई और मेंहदी से हाथ सजाए गए, जिससे वे फूली न समाई। विदेशी मेहमान इस मान मनुहार से बहुत अभिभूत नजर आए और इस आयोजन को सराहते रहे। कार्यक्रम में लोक कलाकारों ने कच्छी घोड़ी नृत्य और अन्य नृत्य गीतों से समा बांधा। विदेशी सैलानी लोक कलाकारों के साथ थिरकते दिखे। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार वर्मा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुदर्शन सिंह तोमर, नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, राजकुमार दाधीच सचिव इंटक , के सी वर्मा, अशोक शर्मा, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नूपुर मालव, शालिनी विजय, सहित कई महिला पुरुष व विदेशी पर्यटक उपस्थित रहे। इस दौरान कैनवास पेंटिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें बूंदी जिले की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर की छवि को दर्शाया गया है। बूंदी ब्रश अध्यक्ष सुनील जांगिड़ पंकज सिसोदिया, वाइल्डलाइफ से पप्पू लाल कुमावत, विजय सिंह विवेक सहित अन्य चित्रकारों ने चित्रकारी की । इस अवसर पर संस्कृति संस्था अध्यक्ष शालिनी विजय , मिथिलेश दाधीच, पुरूषोत्तम पारीक, के.सी.वर्मा,अशोक शर्मा तलवास, दिनेश विजयवर्गीय आदि मौजूद रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा के छठा दिन, श्रीकृष्ण और रुकमणी का विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को रसपान

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (नि.स.)।** केलवा क्षेत्र के ग्राम पंचायत खटामला की भागल में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में गोभक्त बालकिशन महाराज ने श्रीकृष्ण और रुकमणी का विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को रसपान कराया। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान बीच में सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत कीं।

श्रीमद् भागवत कथा की गणेश वंदना विधि विधान से शुभारंभ कराया। कथा व्यास गोभक्त बालकिशन महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया। महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया। भगवान श्रीकृष्ण रुकमणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। भागवत कथा के छठवें दिन कथा स्थल पर रूकमणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रीकृष्ण रुक्मणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई। कथावाचक ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है।

**जीव परमात्मा का अंश है :** था वाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है, इसलिए जीव के अंदर अपारशक्ति रहती है यदि कोई कमी रहती है, वह मात्र संकल्प की होती है। संकल्प व कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे। उन्होंने महारास लीला श्री उद्धव चरित्र श्री कृष्ण मथुरा गमन और श्री रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर विस्तृत विवरण दिया। रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर व्याख्यान करते हुए उन्होंने कहा कि रुक्मणी के भाई रुक्मणी ने उनका विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित किया था, लेकिन रुक्मणी ने संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं केवल



गोपाल को पति के रूप में वरण करेंगे। उन्होंने कहा शिशुपाल असत्य मार्गी है। द्वारिकाधीश भगवान श्री कृष्ण सत्य मार्गी है। इसलिए वो असत्य को नहीं सत्य को अपनाएगी। अंत भगवान श्रीद्वारकाधीशजी ने रुक्मणी के सत्य संकल्प को पूर्ण किया।

# झालावाड़ जिले में क्वार्ट्ज पत्थर की अवैध खनन पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, ट्रक जब्त

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (नि.स.)।** झालावाड़ जिले के लाटखेड़ी, गेलानी व मरलावदा क्षेत्र में क्वार्ट्ज पत्थर के वन भूमि से खनन की लगातार कोशिश की जा रही थी जिस पर वन विभाग डग एवं पिड़ावा की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर तंत्र के माध्यम से लगातार नजर रखी जा रही थी। इसी क्रम में दिनांक 18 नवंबर 2024 को सूचना के आधार पर दो टीमें तैयार की गई। जिसमें एक टीम डग रेंजर नरेंद्र के नेतृत्व में एवं एक टीम रेंजर पिड़ावा के नेतृत्व में कार्य कर रही थी। सूचना मिली कि एक ट्रक क्वार्ट्ज के पत्थर को भरने के लिए पगारिया से आवर की तरफ होते हुए लाटखेड़ी जाएगा, जिस पर मुख्य प्वाइंटों पर स्टाफ को तैनात कर ट्रक के आने का इंतजार किया गया। रात्रि करीब 9 बजे रेंज पिड़ावा की टीम जिसे रेंजर विजय सिंह लीड कर रहे थे, टीम को देखते ही अंधेरे का फायदा उठा ट्रक ड्राइवर व अन्य लोग मौके से भाग खड़े हुए। ओर मौके पर कार्यवाही प्रारंभ की गई। ट्रक के पकड़े जाने पर जंगली क्षेत्र व अंधेरे का फायदा उठा कुछ लोगों ने पथराव भी किया। जिस पर भी टीम द्वारा मौका नहीं छोड़ा गया जब तक



दूसरी टीम भी मौके पर पहुंच गई। इस उपरांत कार्यवाही को पूर्ण किया गया। और ट्रक को राजस्थान वन अधिनियम 1953 के तहत जप्त कर ड्राइवर की व्यवस्था की गई व रेंज कार्यालय डग में सुबह 3.00 बजे खड़ा करवाया गया जिसके बाद अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ की गई, टीम में रेंजर विजय सिंह एवं नरेंद्र चौधरी, रामेश्वर लाल, सुरेंद्र सिंह झाला, राजेंद्र मीणा सहायक वनपाल, खेताराम, शंभू लाल, बजरंग लाल व उखम सिंह वनरक्षक आदि शामिल रहे।

# अवैध आग्नेयास्त्र के खिलाफ थाना झालरापाटन की कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

## दो अवैध पिस्टल जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**झालावाड़ (नि.स.)।** जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया कि दिनांक 18.11. 2024 को संगठित अपराधो व अवैध हथियारो की तस्करी पर पूर्णतः अंकुश लगाये जाने हेतु निरन्तर अभियान के तहत पुलिस थाना झालरापाटन द्वारा पृथक-पृथक कार्यवाही करते हुये दो अवैध देशी पिस्टल जप्त कर दो मुलजिमान को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। घटना का विवरण में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिला झालावाड मे संगठित अपराधो जैसे जुआ, सट्टा, अवैध खनन, मादक पदार्थ तस्करी, हथियार तस्करी आदि पर अंकुश लगाये जाने हेतु निरन्तर अभियान चलाया जाकर जिले के समस्त थानाधिकारियो को थाना स्तर पर विशेष टीम का गठन कर इन अपराधो पर प्रभावी कार्यवाही किये जाने बाबत निर्देशित कर रखा है। अभियान के तहत अति. पुलिस अधीक्षक झालावाड चिरंजीलाल मीणा के निर्देशन व हर्षराज सिह खरेडा पुलिस उप0 अधीक्षक वृत झालावाड़ के सुपरविजन में झालरापाटन थानाधिकारी हंसराज मीणा के नेतृत्व में थाना झालरापाटन पर गठित टीमो द्वारा पृथक पृथक कार्यवाही करते हुए दो मुलजिमान से पृथक-पृथक दो अवैध देशी पिस्टल जप्त करने में सफलता प्राप्त की है। अवैध कार्यो में लिप्त व्यक्तियो के विरूद्ध पुलिस की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। गिरफ्तार



अभियुक्त के नाम दिनेश उर्फ कालू पुत्र पृथ्वीराज उम्र 19 साल जाति रेगर निवासी धनवाडा झालावाड़ तथा राजा उर्फ राजू उर्फ कमल पुत्र रामस्वरूप उम्र 25 साल जाति रेगर निवासी भैरूपुरा बस्ती झालरापाटन बताया गया इस दौरान विशेष टीम में भूमिका हंसराज पु0नि0, बनेसिह स0 उप0 नि0. राजेन्द्र कुमार सउनि, भीमसिह हैड कानि 748, संदीप कुमार कानि 1522, सुरज कुमार कानि 655, दीपक कुमार कानि 1580, करणसिह कानि 1565 आदि मौजूद रहे।

# राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर दिसंबर में विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन

## जिला कलक्टर के निर्देश पर प्रशासन द्वारा शुरू की गई तैयारियां

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में राज्य के समस्त जिलों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए राजसमंद में जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में सभी विभागों को कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। इन आयोजनों के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाने और जनहितकारी योजनाओं की जानकारी देने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक और विकासात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इनमें महिला सशक्तिकरण, युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने और ग्रामीण विकास से जुड़े मुद्दों पर विशेष कार्यक्रम शामिल होंगे। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे इन कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लें और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। मंगलवार शाम को उदयपुर सम्भागीय आयुक्त ने उदयपुर और बांसवाड़ा संभाग के सभी जिलों के जिला कलक्टर के साथ वीसी में कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा कर समीक्षा की। इस दौरान कलेक्ट्रेट के डीओआईटी वीसी कक्ष में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलक्टर ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि राज्य सरकार के एक वर्ष में अर्जित उपलब्धियों का समुचित ढंग से



प्रचार-प्रसार हो और कार्यक्रम में कोई कमी न रहे। वीसी में संभागीय आयुक्त ने राजस्व, भूमि आवंटन, आई गोट कर्मयोगी, जल जीवन मिशन, अवैध खनन, जनजाति विकास, अमृत 2.0, पीएम आवास, आयुष्मान कार्ड वितरण, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान प्रगति आदि बिंदुओं पर भी समीक्षा की।

# कुपोषण से बचाने के लिए गर्भधारण से लेकर तीन साल तक बच्चों की करनी होगी देखरेख : सीडीपीओ महेन्द्र अवस्थी

बढ़ता राजस्थान

## तीन दिवसीय पोषण भी पढ़ाई भी प्रशिक्षण का समापन

**कुम्हेर/भरतपुर (नि.स.) ।** कुम्हेर महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में बाल विकास परियोजना कुम्हेर के पपरेरा , कुम्हेर शहर, ग्रामीण और रारह सेक्टर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए तीन दिवसीय पोषण भी पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का तीसरा और अंतिम दिन विविध गतिविधियों से भरा रहा। समापन अवसर सीडीपीओ महेन्द्र अवस्थी ने कहा कि गर्भावस्था से से तीन साल तक के बच्चों की देखरेख पर ध्यान देना होगा तभी बच्चों को कुपोषण से बचाया जा सकेगा मास्टर ट्रेनर मिथलेश शर्मा और सीता खंडेलवाल ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण से संबंधित जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण के दौरान, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के शुरुआती 1000 दिनों की महत्ता के बारे में बताया गया और यह समझाया गया कि गर्भधारण से लेकर तीन साल की आयु तक बच्चों की सही देखरेख से उन्हें कुपोषण से बचाया जा सकता है। प्रशिक्षण में पोषण चक्र के विभिन्न चरणों पर चर्चा की गई और बताया गया कि बच्चों की सेहत के लिए संक्रमण की रोकथाम भी आवश्यक है। स्थानीय भोजन, फल, सब्जियों और आयरन युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन को बढ़ावा देने की सलाह दी गई। इसके अलावा, महिलाओं को गर्भावस्था और स्तनपान के दौरान अपने पोषण का विशेष ध्यान रखने के लिए जागरूक किया गया।

मिशन पोषण 2.0 के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्वास्थ्य जांच, वजन मापन, और बच्चों के टीकाकरण की प्रक्रिया को नियमित रूप से पूरा



करने की भी हिदायत दी गई, ताकि कुपोषण की समस्या को जड़ से समाप्त किया जा सके। और इस कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और नई तकनीकों को अपनाने की प्रतिबद्धता दिखाई, जिससे कुम्हेर ब्लॉक में कुपोषण की समस्या को प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सके।

**सभी संभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए :** इस अवसर पर लेखाकार अनिल गर्ग, योगेश शुक्ला, डालचन्द्र, शैलजा शर्मा, सीमा शर्मा,सीमा मीना, अनीता मीना, पूनम चौधरी मौजूद रहे ।

## सरकारी भवन तोड़ने वालों पर कार्रवाई के लिए ग्रामवासी एकजुट

# मोखुंदा के प्रतिनिधि मंडल ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राजसमंद व भीलवाड़ा जिले के सीमा पर स्थित मोखुंदा ग्राम पंचायत में तथाकथित लोगों द्वारा रात के अंधेरे में सरकारी भूमि पर कब्जे की नीयत से से चिकित्सा विभाग के भवन को ध्वस्त करने वालों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर ग्रामवासी एकजुट हो गए हैं। सरकारी भवन खुर्दबुर्द करने पर आमेट थाने में प्रकरण दर्ज होने के बाद उचित कार्रवाई नहीं होने से नाराज ग्रामीणों का प्रतिनिधि मंडल राजसमंद पहुंचा और जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा। एसपी ने प्रकरण की निष्पक्ष जांच करते हुए उचित व सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। जानकारी के अनुसार 11 नवम्बर 2024 को आधी रात में कतिपय लोगों ने मोखुंदा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर चिकित्सक व नर्स के लिए बने पुराने क्वार्टर को जेसीबी चलाकर ढहा दिए और लोहे के पाइप चुरा ले गए। घटना के दूसरे दिन 12 नवंबर को सीएमएचओ भीलवाड़ा द्वारा आमेट थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई। साथ ही तीसरे दिन आक्रोशित ग्रामीणों ने आमेट- भीलवाड़ा सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। तभी



भीलवाड़ा जिले के रायपुर तहसीलदार व रायपुर थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से समझाइश की और मौके पर एक संदिग्ध जेसीबी मिली, जिसे पुलिस चौकी में खड़ी करवा दी।

फिलहाल इस पूरे मामले की जांच आमेट थाना पुलिस द्वारा की जा रही है। क्योंकि जो सरकारी भवन तोड़ा गया है, वह राजसमंद जिले के अंतर्गत माद गांव में आता है, जो आमेट थाना क्षेत्र की सीमा है। इसलिए एफआईआर भी आमेट थाने में दर्ज हुई है, लेकिन प्रकरण दर्ज होने के पांच छह दिन बाद भी कार्रवाई नहीं होने से नाराज मोखुंदा के ग्रामीणों का प्रतिनिधि मंडल राजसमंद जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के पास पहुंच गया। ग्रामीणों ने आमेट थाना पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई। इस पर एसपी ने तसल्ली से ग्रामीणों की बात को सुना और प्रकरण की निष्पक्ष जांच करवाने का आश्वासन दिया। साथ ही तत्काल मोबाइल पर आमेट थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि वे निष्पक्ष जांच करवाए और आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई को अंजाम दें। इस दौरान पूर्व उप प्रधान चन्द्रप्रकाश जैन, पूर्व सरपंच भगवानलाल कलाल, सरपंच प्रतिनिधि मदन रेगर, बंसतीलाल लौहार, ठाकुर सोनी, शिवलाल जाट आदि मौजूद थे।

दैनिक
बढ़ता राजस्थान



# सर्दियों में क्यों होता है कमर और हिप्स में दर्द?

## इसके कारण और बचाव के उपाय





**सर्दियों के मौसम में कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं होने लगती हैं। खासतौर पर, सर्दियों में दर्द की समस्या बहुत अधिक बढ़ जाती है। इस मौसम में हर दूसरा व्यक्ति किसी न किसी दर्द से परेशान है। सर्दियों में शरीर में अकड़न पीठ, कमर, हिप्स और हाथ-पैर में दर्द की शिकायत काफी अधिक परेशान करती है। 30 या उससे अधिक उम्र के लोगों को अक्सर कमर और हिप्स में दर्द की समस्या हो जाती है। इसके कारण व्यक्ति को उठने-बैठने और रोजमर्रा के कामों में भी दिक्कत हो सकती है। सर्दियों में कमर में दर्द और हिप पेन की समस्या और भी ज्यादा बढ़ जाती है।**

### कमर और हिप्स में दर्द से बचाव

**पॉश्चर में सुधार करें :** कमर और हिप्स में दर्द से बचने के लिए अपने पॉश्चर में सुधार करें। ज्यादा देर तक घुटने मोड़कर न बैठें। इससे जोड़ों पर अधिक दबाव पड़ेगा, जो दर्द का कारण बन सकता है।

**व्यायाम करें :** कमर और हिप्स के दर्द से बचने के लिए सुबह व्यायाम और योग करें। रोजाना व्यायाम करने से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होगा और मांसपेशियों की अकड़न भी दूर होगी।

**ज्यादा देर तक एक जगह न बैठें :** सर्दियों में कमर और हिप्स के दर्द से बचने के लिए ज्यादा देर तक एक जगह न बैठे रहें। काम के बीच में शरीर को स्ट्रेच करें और थोड़ा वॉक करें। इससे शरीर में ब्लड सर्कुलेशन ठीक रहेगा और दर्द से आराम मिलेगा।

**खानपान का ध्यान रखें :** सर्दियों में कमर के दर्द से बचने के लिए अपने खानपान का भी खास ध्यान रखें। सर्दियों में स्वस्थ रहने के लिए संतुलित और पौष्टिक आहार लें। रात में खट्टा और ज्यादा भारी भोजन करने से बचें। इसके साथ ही रात में ज्यादा प्रोटीन वाली चीजें ना खाएं।

### सुबह की धूप लें

सर्दियों में सुबह की धूप बहुत फायदेमंद होती है। कमर और हिप्स के दर्द को दूर करने के लिए रोजाना सुबह धूप में 15 से 20 मिनट के लिए बैठें। इससे शरीर को विटामिन डी मिलेगा, जिससे हड्डियां मजबूत होंगी और दर्द में आराम मिलेगा।

### सर्दियों में कमर में दर्द क्यों होता है?

#### अर्थराइटिस

सर्दियों में कमर और हिप्स में दर्द का मुख्य कारण अर्थराइटिस हो सकता है। सर्दी के मौसम में अर्थराइटिस यानी गठिया की समस्या काफी बढ़ जाती है। इसके कारण सर्दियों में जोड़ों में दर्द और सूजन की समस्या होने लगती है। अगर आपको अर्थराइटिस की शिकायत है, तो सर्दियों में दर्द से बचाव के लिए जरूरी कदम उठाएं।

#### शारीरिक गतिविधि न करना

आजकल की लाइफस्टाइल में फिजिकल एक्टिविटीज काफी कम हो गई हैं। सर्दियों में लोग बाहर वॉक करना या एक्सरसाइज करना भी बंद कर देते हैं। ऐसे में, बहुत ज्यादा देर तक एक जगह बैठे रहने के कारण कमर और हिप्स में दर्द होने लगता है। इससे बचने के लिए शरीर की स्ट्रेचिंग और एक्सरसाइज करना बहुत जरूरी है।

#### तापमान में बदलाव

सर्दियों में तापमान गिरने के कारण शरीर की ब्लड वेसल्स और मसल्स सिकुड़ने लगती हैं। इससे शरीर में खून का संचार धीमा हो जाता है। यह जोड़ों के मूवमेंट को भी बाधित करने लगता है, जिसकी वजह से दर्द की समस्या बढ़ जाती है।

#### टेंडिनाइटिस

कमर और हिप्स में दर्द का एक कारण टेंडिनाइटिस हो सकता है। शरीर में टेंडन उन टिश्यू को कहा जाता है, जो हड्डियों को मसल्स से जोड़ते हैं। टेंडन में सूजन या किसी तरह की चोट के कारण दर्द की शिकायत हो सकती है।

#### ऑस्टियोपोरोसिस

बढ़ती उम्र के लोगों में ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या हो सकती है। इस बीमारी में बोन की डेंसिटी कम होने लगती है। इसके कारण कमर और हिप्स में दर्द होता है। इस तरह की समस्या के लिए डॉक्टर से संपर्क करके इलाज करवाएं।

# डार्क सर्कल हटाने के लिए चायपत्ती है फायदेमंद



आंखों पर डार्क सर्कल आपकी खूबसूरती को प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे में डार्क सर्कल को हटाना जरूरी है। ताकि आपकी खूबसूरती में निखार आ सके। डार्क सर्कल को हटाने के लिए कई तरह के घरेलू नुस्खे आजमा सकते हैं। अगर आप डार्क सर्कल को हटाना चाहते हैं, तो बची हुई चायपत्ती का इस्तेमाल करें। बची हुई चायपत्ती के इस्तेमाल से आंखों पर मौजूद डार्क सर्कल मिट सकते हैं।डार्क सर्कल हटाने के लिए चायपत्ती काफी फायदेमंद हो सकती है। इसका इस्तेमाल करने के लिए सबसे पहले बची हुई चायपत्ती को धो लें। इसके बाद इसे धूप में सूखाकर हल्का सा मसलकर डिब्बे में बंद करके रख लें। अब इसे आप जरूरत पड़ने पर इस्तेमाल कर सकते है।

**नींबू और चायपत्ती :** डार्क सर्कल मिटाने के लिए चायपत्ती और नींबू के रस का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए 1 टीस्पून चायपत्ती लें। इसके बाद इसमें नींबू के रस की कुछ बूंदें मिक्स कर लें। अब इस मिश्रण को अपने प्रभावित स्थान पर लगाकर कुछ मिनट के लिए मसाज करेँ। इससे डार्क सर्कल कुछ ही दिनों में कम हो सकता है।

**एलोवेरा और चायपत्ती :** एलोवेरा और चायपत्ती का इस्तेमाल करके डार्क सर्कल की समस्या को कम की जा सकती है। इसका इस्तेमाल करने के लिए 1 चम्मच एलोवेरा जेल और 1 टीस्पून चायपत्ती को मिक्स कर लें। अब इस मिश्रण को डार्कसर्कल से प्रभावित हिस्से पर लगाकर कुछ मिनट के लिए मसाज करें। इससे डार्क सर्कल की परेशानी दूर हो सकती है।

**शहद और चायपत्ती :** डार्क सर्कल मिटाने के लिए शहद और चायपत्ती का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए शहद और चायपत्ती को मिक्स कर लें। अब इस मिश्रण को डार्क सर्कल पर लगाएं। कुछ समय तक इसे लगाकर छोड़ दें। करीब 20 मिनट बाद नॉर्मल पानी से आंखों को साफ कर लेँ। इससे डार्क सर्कल की समस्या दूर हो सकती है।

**चायपत्ती का पानी :** चायपत्ती का पानी भी डार्क सर्कल को कम करने में प्रभावी होता है। इसका यूज करने के लिए 1 चम्मच चायपत्ती को पानी में डालकर उबाल लें। अब इस पानी को अपने आंखों पर लगाकर कुछ मिनट के लिए छोड़ दें। इससे आंखों की समस्या दूर हो सकती है।


**चायपत्ती से आइसक्यूब करें तैयार :** आंखों से डार्क सर्कल हटाने के लिए चायपत्ती के पानी से आइसक्यूब तैयार करके भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इस आइसक्यूब से नियमित रूप से आंखों की सिंकाई करने से डार्क सर्कल की समस्या दूर होगी।

# बिना किसी टॉनिक के खून साफ करने में मदद करेंगे ये घरेलू उपाय

खानपान की खराब आदतें शरीर में टॉक्सिन्स का कारण बनती हैं। यह टॉक्सिन्स आपके रक्त को भी गंदा करते हैं। खून में मौजूद गंदगी या को पदार्थ कई गंभीर रोगों को जन्म दे सकते हैं। यहां तक कि कई त्वचा संबंधी समस्याएं जैसे कील-मुंहासे, फुंसी-फोड़े और एलर्जी जैसी समस्याएं खून में गंदगी के कारण ही होती हैं। सेहतमंद रहने के लिए शरीर में खून का साफ होना बहुत जरूरी है, क्योंकि हमारे शरीर में मौजूद रक्त टिश्यू तक ऑक्सीजन पहुंचाने के साथ ही, पोषक तत्वों और हार्मोन्स को ले जाने का काम करता है। जब शरीर में मौजूद रक्त दूषित या गंदा हो जाता है, तो इसके कारण कई स्वास्थ्य समस्याएं होने लगती हैं। लोग खून को साफ करने के लिए महंगे-महंगे टॉनिक और दवाओं का सहारा लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं, कुछ घरेलू उपाय खून को नैचुरली साफ करने में मदद कर सकते हैं।

**नीम की पत्तियां चबाएं :** सुबह खाली पेट 4-5 नीम की पत्तियां चबाने से खून को साफ को साफ करने में मदद मिल सकती है। नीम की पत्तियां एंटीबैक्टीरियल, एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटी-फंगल गुण मौजूद होते हैं। खून में जमा टॉक्सिन्स को बाहर निकालने के लिए यह एक प्रभावी उपाय है। आप चाहें तो नीम के साथ तुलसी की 5-6 पत्तियां भी चबा सकते हैं। इसके अलावा आप चाय में भी तुलसी की पत्तियां डालकर इसका सेवन कर सकते हैं।

**सेब का सिरका पिएं :** सेब का सिरका पीने से सेहत को कई लाभ मिलते हैं। शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में यह बहुत प्रभावी है। खून साफ करने के लिए आप सुबह खाली पेट सेब के सिरके में आधा छोटा चम्मच बेकिंग सोडा मिलाकर इसका सेवन कर सकते हैं। यह मिश्रण तेजी से खून साफ करने में मददगार है। लेकिन अगर किसी को हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है तो वह डॉक्टर की सलाह के बाद ही इसका सेवन करें।



**हल्दी वाला दूध पिएं :** हल्दी एंटी बैक्टीरियल, एंटी-फंगल, एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होती है। रात को सोने से पहले हल्दी वाले दूध का सेवन करने से शरीर में जमा गंदगी को बाहर निकालने में मदद मिलती है और खून साफ होता है।

**नींबू का सेवन :** नींबू विटामिन सी और सिट्रिक एसिड से भरपूर होता है। नींबू पानी बेहतरीन डिटॉक्स ड्रिंक्स में से एक है। आप रोज सुबह खाली पेट नींबू पानी में शहद मिलाकर इसका सेवन कर सकते हैं। आप नींबू को सलाद, हर्बल चाय या गर्म पानी में डालकर भी इसका सेवन कर सकते हैं।

### पोषक तत्वों से भरपूर फूड्स खाएं

अगर आप संतुलित और पोषक तत्वों से भरपूर आहार लेते हैं, तो इससे शरीर में टॉक्सिन्स नहीं बनते हैं। आपको विटामिन और मिनरल्स से भरपूर फूड्स को डाइट में शामिल करना चाहिए।

आप ब्लूबेरी, ब्रोकली, चुकंदर और गुड़ आदि जैसे फूड्स को डाइट में शामिल कर सकते हैं, क्योंकि इनमें आयरन, कैल्शियम, ओमेगा-3 फैटी एसिड, फास्फोरस और पोटेशियम, विटामिन सी जैसे जरूर पोषक तत्व मौजूद होते हैं। साथ ही गुड़ हीमोग्लोबिन लेवल को बढ़ाने में मदद करता है और रक्त को शुद्ध करने में मदद करता है।

# डायबिटीज, हार्ट से लेकर पाचन तक मूंगफली का तेल खाने से मिलते हैं ये खास फायदे

**मूंगफली सेहत के लिए बहुत फायदेमंद मानी जाती है। इसका सेवन कई तरीकों से किया जाता है। मूंगफली की तरह ही मूंगफली का तेल भी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद तत्व शरीर में बीमारियों के जोखिम को कम करते हैं और हार्ट को हेल्दी रखने में मदद करते हैं। मूंगफली के तेल में एंटीस्पास्मोडिकफ्लेवोनोइड्स और फोलेट्स जैसे गुण होते हैं, जो हार्ट से लेकर डायबिटीज की समस्या में बहुत उपयोगी माने जाते हैं। दूसरे तेलों की तरह से ही इसका इस्तेमाल खाना बनाने में किया जाता है। मूंगफली के तेल को दूसरे तेलों से ज्यादा हेल्दी और सुरक्षित माना जाता है। इसका सेवन न सिर्फ और हार्ट के लिए बल्कि आपके बालों के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। मूंगफली के तेल को लेकर हुए शोध और अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि इसमें मौजूद फैटी एसिड शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। शरीर में फैट को कम करने के लिए, कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को नियंत्रित करने के लिए और स्किन को बेहतर बनाए रखने के लिए मूंगफली का तेल बहुत फायदेमंद होता है।**

### हार्ट के लिए हेल्दी

मूंगफली के तेल में मौजूद गुण शरीर में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कंट्रोल करते हैं और दिल से जुड़ी बीमारियों के जोखिम को कम करने का काम करते हैं। इसमें मौजूद मोनोअनसेचुरेटेड फैटी एसिड हार्ट को हेल्दी रखता है और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखने में मदद करता है।

### कैंसर के खतरे को करे कम

कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के खतरे को कम करने के लिए मूंगफली के तेल का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। इसमें रेस्वेराट्रोल जैसे पोलीफेनोल एंटीऑक्सीडेंट पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं। यह शरीर में फ्री रेडिकल को कम करने का काम करते हैं। इसका सेवन करने से शरीर में कैंसर की बीमारी का खतरा कम होता है।

### डायबिटीज में फायदेमंद

डायबिटीज के मरीजों के लिए मूंगफली के तेल का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। मूंगफली में ओलिक एसिड पाया जाता है, जो शरीर में इंसुलिन का उत्पादन संतुलित करने में उपयोगी होता है। इसका नियमित सेवन करने से शरीर में ब्लड शुगर का स्तर भी कंट्रोल में रहता है।

### वजन कम करने में उपयोगी

वजन कम करने और मोटापे की समस्या से छुटकारा पाने के लिए मूंगफली के तेल का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। इसका सेवन करने से शरीर में एक्स्ट्रा फैट नहीं जमता और चयापचय ठीक रहता है। इसलिए वजन कम करने के लिए मूंगफली का सेवन फायदेमंद माना जाता है।



### स्किन और बालों के लिए उपयोगी

मूंगफली के तेल का सेवन करने से बालों और स्किन को फायदा मिलता है। इसमें विटामिन ई की पर्याप्त मात्रा होती है, जो बालों और स्किन को कई समस्याओं से बचाती है।



# स्किन की तमाम समस्याओं में बहुत फायदेमंद है जलकुंभी

**जलकुंभी पानी में उगने वाला एक पौधा है जिसे लोग बेकार समझकर फेंक देते हैं। तालाब, नदी और झील आदि में जलकुंभी की पत्तियां आपको अक्सर देखने को मिल जाती होंगी। कुछ जगहों पर जलकुंभी की पत्तियों की सब्जी भी बनाई जाती है। इसमें मौजूद गुण और पोषक तत्वों के कारण इसे बहुत फायदेमंद माना जाता है। जलकुंभी को अग्रेजी में ड्ड्रह्लद्गह्म्ह्यद्दह्यह्य कहते हैं। पुराने जमाने में भी जलकुंभी का इस्तेमाल कई तरह की चीजों में किया जाता है। आयुर्वेद में भी जलकुंभी के तमाम इस्तेमाल के बारे में बताया गया है। जलकुंभी का इस्तेमाल वजन कम करने से लेकर कई तरह की गंभीर बीमारियों में भी फायदेमंद होता है। स्किन में निखार लाने और कई समस्याओं को दूर करने में जलकुंभी बहुत फायदेमंद होता है। जलकुंभी में स्किन के लिए फायदेमंद कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। जलकुंभी में मैंगनीज, फोलेट, कैल्शियम, थियामिन, विटामिन ई, सोडियम आदि पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं। स्किन के लिए ये पोषक तत्व बहुत फायदेमंद होते हैं।**

**कोलेजन उत्पादन को बढ़ाने में उपयोगी :** जलकुंभी में मौजूद गुण और पोषक तत्व कोलेजन उत्पादन बढ़ाने का काम करते हैं। इससे आपकी स्किन पर बढ़ती उम्र के कारण पड़ने वाले प्रभाव को कम करने में फायदा मिलता है। झुर्रियां, सुस्त स्किन और स्किन की रंगत ठीक करने में भी कोलेजन का बहुत रोल होता है। जलकुंभी की पत्तियों का साग या सब्जी खाने से आपको फायदा मिलता है।

**एक्ने की समस्या में फायदेमंद :** मुहांसे और एक्ने की समस्या में जलकुंभी बहुत फायदेमंद होती है। जलकुंभी में विटामिन सी की पर्याप्त मात्रा होती है। एक्ने और मुहांसे की वजह से स्किन पर होने वाली परेशानियों को दूर करने का काम करते हैं। जलकुंभी की पत्तियों को स्किन पर लगाने या इसका सेवन करने से स्किन की सूजन कम होती है और नई कोशिकाओं को बढ़ाने का काम करते हैं।

**सोरायसिस और एक्जिमा जैसी समस्या में फायदेमंद :** जलकुंभी में मौजूद गुण और पोषक तत्व सोरायसिस और एक्जिमा की समस्या में बहुत फायदेमंद होता है। इसमें फाइबर, विटामिन और खनिज की पर्याप्त मात्रा होती है। जलकुंभी में नाइट्रेट की भी मात्रा पायी जाती है जो मुहांसे, एक्जिमा और सोरायसिस की समस्या में मददगार होती है।

**स्किन का ग्लो बढ़ाए :** स्किन का ग्लो बढ़ाने में भी जलकुंभी का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। जलकुंभी में मौजूद गुण और पोषक तत्व स्किन का ग्लो बढ़ाने और दाग-धब्बों से छुटकारा दिलाने में बहुत फायदेमंद होते हैं।

झुर्रियों को करे कम त्न जलकुंभी में मौजूद गुण स्किन पर पड़ने वाले एजिंग के प्रभाव को कम करने में बहुत फायदेमंद होते हैं। जलकुंभी में मौजूद गुण कोलेजन बढ़ाने का काम करता है। इससे आपकी स्किन पर मौजूद दाग-धब्बे और झुर्रियां कम होती हैं।



जमीन की खुदाई से प्राप्त होनेवाले सोने से ज्यादा विचारों की खुदाई से ज्यादा सोना प्राप्त होता है।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान





# राजस्थान में बढ़ने लगी सर्दी

## माउंट आबू के बाद सीकर-चूरू में पारा 10 डिग्री से नीचे दर्ज; दिन में भी बढ़ी ठंड

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में तापमान गिरने के साथ ही सर्दी तेज होने लगी है। हिल स्टेशन माउंट आबू के बाद सीकर, चूरू में भी तापमान 10 डिग्री से नीचे आ गया। गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं, सीकर के एरिया में सुबह हल्का कोहरा भी रहा। इससे पहले सोमवार को राजस्थान में दिन में भी ठंडक रही। अधिकांश शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राजस्थान में अगले दो-तीन दिन में तापमान और गिरने की संभावना जताई है। बीती रात सबसे कम तापमान सीकर, माउंट आबू में रहा। सीकर में न्यूनतम तापमान 7.6, जबकि माउंट में 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। चूरू में भी सीजन में पहली बार न्यूनतम तापमान सिंगल डिजिट 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। अजमेर, कोटा, उदयपुर, सीकर में न्यूनतम तापमान अब औसत से नीचे चला गया।

**जयपुर, कोटा में सीजन की ठंडी रात :** जयपुर और कोटा में बीती रात इस सीजन की जिले की सबसे ठंडी रात रही। इन दोनों ही शहरों में न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

जयपुर में रात और अलसुबह में हल्की सर्द हवाएं भी चली। मौसम विशेषज्ञों ने बताया- उत्तर भारत में पिछले दिनों हुई बर्फबारी के बाद उत्तरी हवाएं मैदानी राज्यों में आने लगी है, जिससे तापमान में गिरावट हो रही है। अलवर, सीकर, सिरोही में अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं गया।

### दिन में भी ठंडक बढ़ी पारा औसत से नीचे आया

राजस्थान में दिन के अधिकतम तापमान औसत से नीचे दर्ज हो रहे है। कल सबसे अधिक तापमान 31.9 डिग्री सेल्सियस बाड़मेर में दर्ज हुआ। बाड़मेर के अलावा जालौर, जैसलमेर, जोधपुर और फलौदी में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। शेष सभी शहरों में कल अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे दर्ज हुआ।

# इंटरनेशनल फ्लाइट को जयपुर में छोड़कर चले गए पायलट

## ड्यूटी टाइम पूरा हो गया था; 180 पैसेंजर 9 घंटे तक परेशान होते रहे





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पेरिस से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की इंटरनेशनल फ्लाइट को पायलट जयपुर में छोड़कर चले गए। पायलट का कहना था कि उनके ड्यूटी आवर्स पूरे हो गए हैं। फ्लाइट में सवार 180 से ज्यादा पैसेंजर 9 घंटे तक जयपुर एयरपोर्ट पर परेशान होते रहे। इसके बाद उन्हें सड़क मार्ग से दिल्ली भेजा गया। पेरिस से दिल्ली आ रहे पैसेंजर अखिलेश खत्री ने बताया- एअर इंडिया की फ्लाइट एआई -2022 रविवार रात 10 बजे पेरिस से दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। इसे सोमवार सुबह 10:35 बजे दिल्ली पहुंचना था। खराब मौसम की वजह से फ्लाइट दिल्ली लैंड नहीं कर पाई। एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम के निर्देश पर पायलट ने दोपहर 12:10 बजे फ्लाइट को जयपुर एयरपोर्ट पर लैंड करवाया। पायलट एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम से उड़ान के लिए क्लियरेंस मिलने का इंतजार करते रहे। दोपहर तक भी क्लियरेंस नहीं मिला। पायलट ने ड्यूटी टाइम पूरा होने का हवाला देकर विमान छोड़ दिया।

## मलयालम अभिनेता सिद्दीक़ी को सुप्रीम कोर्ट से राहत

# रेप से जुड़े केस में दी अग्रिम जमानत



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मलयालम अभिनेता सिद्दीकी को एक अभिनेत्री द्वारा 2016 की घटना में उनके खिलाफ दर्ज कथित यौन उत्पीड़न के मामले में अग्रिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि अनुभवी अभिनेता को अपना पासपोर्ट जमा करना होगा और जांच में जांच अधिकारी के साथ सहयोग करना होगा। यह शिकायत न्यायमूर्ति हेमा आयोग की रिपोर्ट का नतीजा थी, जिसमें मलयालम सिनेमा में महिला कलाकारों द्वारा सामना किए जाने वाले यौन उत्पीड़न और भेदभाव का विवरण दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामले में शिकायत 2016 में हुई कथित घटना के आठ साल बाद अगस्त में दर्ज की गई थी। 30 सितंबर को अदालत ने सिद्दीकी को मामले में गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दी थी। केरल पुलिस ने सिद्दीकी की ओर से जांच में सहयोग की कमी का आरोप लगाया है। केरल पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने अपनी स्थिति रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि दिग्गज अभिनेता जांच में बाधा डाल रहे हैं और उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट डिलीट करने के अलावा इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को भी नष्ट कर दिया है। 24 सितंबर को केरल उच्च न्यायालय ने बलात्कार मामले में सिद्दीकी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी और कहा कि आरोपों की गंभीरता को देखते हुए, अपराध की उचित जांच के लिए उसकी हिरासत में पूछताछ अपरिहार्य थी।

# रांची को कराची बनाना चाहते हैं हेमंत सोरेन : गिरिराज सिंह

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** झारखंड में वोटिंग से एक दिन पहले जेएमएम प्रमुख हेमंत सोरेन पर केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने बड़ा वार किया है। सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस गठबंधन पर हमला करते हुए गिरिराज सिंह ने दावा किया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की राजधानी रांची को कराची में बदलना चाहते हैं। पटना में पत्रकारों से बात करते हुए सिंह ने झारखंड के लोगों से महिलाओं की सुरक्षा के लिए वोट करने का आग्रह किया। झारखंड में दूसरे चरण की 38 विधानसभा सीटों के लिए बुधवार को मतदान होगा। गिरिराज सिंह ने कहा कि मैं झारखंड और महाराष्ट्र के सभी चुनाव अधिकारियों और एनडीए के पोलिंग एजेंटों से अपील करता हूं कि धर्म के आधार पर वोट जिहाद की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए और उन्हें पर्दा हटाकर मतदाताओं की जांच करनी चाहिए। पर्दा हटाकर उनके चेहरे देखना कानूनी तौर पर सही है। उन्होंने कहा कि कल महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव हैं। महाराष्ट्र के लोगों ने फैसला किया है कि वे उन लोगों को कभी वोट नहीं देंगे जो रोहिंग्याओं का समर्थन करते हैं और समाज को विभाजित करते हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा है, एक रहोगे, सुरक्षित रहोगे, बटोगे तो काटोगे।

# यूक्रेन जंग के बाद पुतिन पहली बार भारत आएंगे

## रूस बोला- तारीख जल्द तय करेंगे; 3 साल पहले 4 घंटे के लिए भारत आए थे

बढ़ता राजस्थान

**मॉस्को ( एजेंसी )।** रूस-यूक्रेन जंग के बाद राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पहली बार भारत की यात्रा करेंगे। क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने न्यूज एजेंसी से कहा कि वे जल्द ही पुतिन के दौरे की तारीखों का ऐलान करेंगे। हमने इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं।

दिमित्री ने कहा कि पीएम मोदी की रूस की दो यात्राओं के बाद अब राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा हो रही है, इसलिए हम इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि पुतिन अगले साल रूस-भारत वार्षिक समिट के मौके पर आ सकते हैं।

पीएम मोदी ने इस साल दो बार रूस की यात्रा की है। वे ब्रिक्स समिट के लिए 22 अक्टूबर को रूस गए थे। इससे पहले जुलाई में भी मोदी ने दो दिन का रूस दौरा किया था। तब उन्होंने पुतिन को भारत आने का न्योता दिया था। इससे पहले रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने 06 दिसंबर 2021 में भारत की यात्रा की थी। वह सिर्फ 4 घंटे के लिए भारत आए थे। इस दौरान भारत और रूस के बीच 28 समझौते पर दस्तखत हुए थे। इसमें मिलिट्री और तकनीकी समझौते थे। दोनों देशों ने 2025 तक 30 अरब डॉलर (2 लाख 53 हजार करोड़ रुपए) सालाना ट्रेड का टार्गेट रखा था।



### अरेस्ट वारंट जारी होने के बाद दूसरे देशों की यात्रा से बच रहे पुतिन

पिछले साल मार्च में आईसीसी ने पुतिन के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया था। कोर्ट ने यूक्रेन में बच्चों के अपहरण और डिपोर्टेशन के आरोपों के आधार पर पुतिन को वार क्राइम्स के लिए जिम्मेदार माना था। यह पहला मौका था जब आईसीसी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के किसी स्थायी सदस्य देश के टॉप लीडर के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया था। अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस हस्ट के स्थायी सदस्य हैं।

इसके बाद से पुतिन दूसरे देशों की यात्राएं करने से बचते रहे हैं। वह पिछले साल जी20 समिट में शामिल होने भारत नहीं आए थे। इस साल ब्राजील में हो रहे जी20 समिट में भी हिस्सा नहीं लिया है। उनकी जगह विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव दोनों कार्यक्रम में शामिल हुए।

### 2002 में शुरू हुआ इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट

1 जुलाई 2002 को इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट यानी आईसीसी की शुरुआत हुई थी। ये संस्था दुनियाभर में होने वाले वॉर क्राइम, नरसंहार और मानवता के खिलाफ अपराधों की जांच करती है। ये संस्था 1998 के रोम समझौते पर तैयार किए गए नियमों के आधार पर कार्रवाई करती है। इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट का मुख्यालय द हेग में है। ब्रिटेन, कनाडा, जापान समेत 123 देश रोम समझौते के तहत इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट के सदस्य हैं। भारत आईसीसी का सदस्य देश नहीं है।

# भाजपा सरकार में देश में हिंसा घटी, पिछले 10 साल में जम्मू-कश्मीर, नॉर्थ-ईस्ट और नक्सल इलाकों में हिंसक घटनाएं 70% कम हुईं : शाह



गांधीनगर। बढ़ता राजस्थान

गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि भाजपा सरकार पिछले 10 सालों में जम्मू-कश्मीर, नॉर्थ-ईस्ट और नक्सल इलाकों में 70% तक हिंसा कम करने में सफल रही है। कई सालों से इन तीनों इलाकों को बहुत अशांत माना जाता था, लेकिन पिछले 10 सालों की तुलना करने पर पता चलता है कि हमने उल्लेखनीय सुधार किया है। वे गुजरात के गांधीनगर में 50वें अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने इंटर्नल सिक्योरिटी और क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में बड़े बदलाव किए हैं। ये कड़ी मेहनत और बेहतर कॉर्डिनेशन मांगते हैं। आने वाले 10 साल भारत के क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम को दुनिया में सबसे ज्यादा मॉडर्न, साइंटिफिक और तेज बनाने का समय है।

**3 नए कानून :** तीन नए आपराधिक कानून लागू होने के बाद एफआईआर दर्ज होने की तारीख से तीन साल के भीतर लोगों को सुप्रीम कोर्ट स्तर से न्याय मिल सकेगा। नए कानूनों में टेक्नोलॉजी के सभी सिस्टम शामिल किए गए हैं। सुनिश्चित किया गया है कि टेक्नोलॉजी चाहे जितनी भी बदल जाए कानून में बदलाव करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**न्याय व्यवस्था :** गृह मंत्रालय ने तीनों कानून लागू करने से पहले व्यापक तैयारी की थी। हमने कोर्ट, प्रॉसिक्यूशन (वादी पक्ष), पुलिस और जेल को जोड़ने की व्यवस्था की। एक तरह से अपराध से लेकर न्याय मिलने और जेल तक सभी कड़ियों को जोड़ने का काम किया। इसके बाद मोदी सरकार ने कानून लागू किए। सरकार ने सुनिश्चित किया कि नागरिक सुरक्षा इनके केंद्र में रहे और लोग संवैधानिक अधिकारों का फायदा उठा सकें।

# मणिपुर में मारे गए कुकी उग्रवादियों के समर्थन में प्रदर्शन

## सैकड़ों लोग खाली ताबूत लेकर सड़कों पर उतरे; कांग्रेस बोली- मोदी जी मणिपुर जाइए

**नई दिल्ली/इंफाल ( एजेंसी )।** मणिपुर में 11 नवंबर को सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में मारे गए 10 कुकी उग्रवादियों के लिए न्याय की मांग करते हुए कुकी समुदाय लगातार प्रदर्शन कर रहा है। मंगलवार को भी जिरिबाम और चुराचांदपुर जिले में सैकड़ों लोगों ने 10 खाली ताबूत लेकर मार्च निकाला। मणिपुर पुलिस के अनुसार, पिछले हफ्ते जिरिबाम के बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन और पास के जकुराधोर में सीआरपीएफ कैंप पर वर्दीधारी उग्रवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की थी। इसके बाद सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दस संदिग्ध उग्रवादी मारे गए। हालांकि कुकी समुदाय का कहना है कि वे लोग विलेज वॉलंटियर्स थे।

यह रैली ज्वाइंट फिलैंथ्रोपिक ऑर्गनाइजेशन ने आयोजित की थी। सुबह करीब 11 बजे शुरू हुई इस रैली में सैकड़ों लोग हाथों में पोस्टर लिए शामिल हुए। इन पोस्टर्स पर मारे गए लोगों के लिए न्याय और पहाड़ी क्षेत्रों में अलग प्रशासन की मांग की गई थी। इस बीच कांग्रेस ने कहा है कि पीएम मोदी को अपनी जिद छोड़कर मणिपुर जाना चाहिए। कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने कहा- मणिपुर की समस्या से




निजात पाने के लिए 5 हजार जवानों को भेजना हल नहीं है। मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को तुरंत हटाना चाहिए। कुकी, मैतेई और नगा एक राज्य में रह सकते हैं, बशर्ते उन्हें क्षेत्रीय स्वायत्तता दी जाए। मणिपुर सरकार का प्रस्ताव पास- कुकी उग्रवादियों पर कार्रवाई हो सोमवार को सत्ताधारी एनडीए और नेशनल पीपुल्स पार्टी के 27 विधायकों की मीटिंग हुई। इसमें प्रस्ताव (रेजोल्यूशन) पास हुआ कि 7 दिन में कुकी उग्रवादियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जाए।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# सरकारी टीचर को अन्य स्कूल भेजने पर लगाई रोक

## शिक्षक की जगह संविदाकर्मी को दी नियुक्ति, रेट ने रोक लगाते हुए शिक्षा विभाग से मांगा जवाब

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** महात्मा गांधी सरकारी स्कूल में कार्यरत शिक्षक को सरप्लस बताकर दूसरी स्कूल में भेजने के शिक्षा विभाग के आदेश पर रेट ने रोक लगा दी हैं। यह रोक राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण (रेट) के न्यायिक सदस्य अनन्त भंडारी एवं सदस्य शुचि शर्मा की बेंच ने प्रार्थी शिक्षक की अपील पर सुनवाई करते हुए लगाई। रेट ने माध्यमिक शिक्षा विभाग के शासन सचिव और निदेशक सहित दो अन्य को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है। शिक्षक गणेश दान बिट्टू के वकील संदीप कलवानिया ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से साल 2022 में अंग्रेजी मीडियम के शिक्षकों के पदस्थापन के लिए चयन प्रक्रिया की गई थी। उक्त चयन प्रक्रिया में शिक्षक गणेश का वॉक इन इंटरव्यू से चयन हुआ था। चयन आदेश की पालना में गणेश ने महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) सींथल में साल 2022 में




कार्यग्रहण कर लिया। इसके एक साल बाद साल 2023 में विभाग ने आदेश जारी कर संविदा भर्ती के तहत सहायक अध्यापक के पद को एक साल के लिए संविदा पर एक शिक्षक को बिना रिक्त पद के पदस्थापित कर दिया। विद्यालय में तृतीय श्रेणी अध्यापक लेवल द्वितीय विषय अंग्रेजी का एक ही पद स्वीकृत था।

और उस पर प्रार्थी पहले से कार्यरत है। इसके बावजूद विभाग ने बिना रिक्त पद के ही संविदा पर अन्य शिक्षक को पदस्थापित कर दिया है। संविदा के शिक्षक को पदस्थापित किए जाने कारण उसे सरप्लस बता दिया गया। वहीं, 14 सितम्बर को उसे अन्य स्कूल में पदस्थापित करने के आदेश जारी कर दिए।